श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 254, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2025 में एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत 15

जाह्नवी कपूर की उलझ का म्यूजिक एल्बम रिलीज 16

## कटरा-फतेहगंज के बीच जाम, हजारों वाहन फंसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर

- डायवर्जन के बाद अचानक बड़ी संख्या में छोड़े गए वाहन
- वाहनों के कटरा की ओर रुख करने के चलते हाईवे जाम

**अमृत विचार :** रूट डायवर्जन के बाद एक साथ सैकड़ों वाहनों को फतेहगंज से छोड़े जाने के कारण सोमवार देर रात कटरा और फतेहगंज पूर्वी के बीच भीषण जाम लग गया। हजारों वाहन जाम में फंस गए। पुलिस ने पहुंचकर मोर्चा संभाला, फिर भी देर रात तक जाम नहीं खोला जा सका। रेंग-रेंग कर वाहन निकलते रहे।

सावन के दूसरे सोमवार के चलते रविवार शाम से फतेहगंज पूर्वी में रूट डायवर्जन किया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन खासकर ट्रक और कंटेनर सड़क किनारे ही रुक गए और रूट खुलने का इंतजार करने लगे। सोमवार रात जब यातायात खोला गया तो बड़ी संख्या में वाहन फतेहगंज से कटरा की ओर पहुंचने लगे। धीरे-धीरे कटरा और फतेहगंज के बीच कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बरेली की सीमा तक वाहनों का जाम लगा रहा। देर रात तक जाम पूरी तरह से नहीं खुल सका।

# सरकार ने अभिमन्यु की तरह देश को चक्रव्यूह में फंसाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर देश को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा।

उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा किया कि बजट में चंद पूंजीपतियों के एकाधिकार और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने वाले राजनीतिक एकाधिकार को मजबूती प्रदान की गई है, जबकि युवाओं, किसानों तथा मध्य वर्ग को नजरअंदाज कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों ने फंसा कर मारा था... चक्रव्यूह का दूसरा नाम है 'पद्मव्यूह', जो कमल के फूल के आकार का होता है। कहा कि अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों द्रोणाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, कृतवर्मा और शकुनी ने मारा था। आज भी चक्रव्यूह रचने वाले छह लोग हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा चार अन्य लोगों का नाम लिया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई। कहा कि आप नेता प्रतिपक्ष हैं...आपकी पार्टी के उपनेता (गौरव गोगोई) ने लिखकर दिया है कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों को ए 1 और ए 2 कहकर संबोधित किया। कहा कि यह देश शिवजी की बारात पसंद करता है जिसमें सभी शामिल हो सकते हैं।


### इंटर्नशिप कार्यक्रम युवाओं के साथ मजाक

राहुल गांधी ने कहा कि बजट में इंटर्नशिप कार्यक्रम की बात मजाक है, क्योंकि इंटर्नशिप कार्यक्रम देश की 500 बड़ी कंपनियों में होगा। 99 प्रतिशत युवाओं का इससे लेना-देना नहीं है। पेपर लीक का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी और पेपर लीक का चक्रव्यूह बना दिया है। युवाओं के लिए पेपरलीक बड़ा मुद्दा है, लेकिन इसकी बात नहीं की गई। राहुल गांधी ने अग्निपथ' योजना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सेना के जवानों को अग्निपथ के चक्रव्यूह में फंसाया गया। बजट में अग्निवीरों को पेंशन के लिए रुपया नहीं दिया गया।



- कहा-बजट में चंद पूंजीपतियों और राजनीतिक एकाधिकार को प्रदान की गई मजबूती
- सदन में नामौजूद लोगों का भाषण में नाम लेने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जताई आपत्ति

### राहुल गांधी ने गुमराह करने की कोशिश की



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने का प्रयास किया और बजट पर भ्रांति पैदा की है। रक्षा मंत्री ने कहा, नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।







## मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में जमकर हंगामा

# कानून-व्यवस्था, बिजली और बाढ़ के मुद्दे पर सरकार को घेरा

### समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वेल में जाकर जताया विरोध, की नारेबाजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। मुख्य विपक्षी दल सपा के सदस्यों ने कानून-व्यवस्था, बाढ़ व बिजली समस्या के मुद्दे पर सरकार को घेरा और वेल में आकर विरोध जताया। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी समस्याओं पर चर्चा कराने के आश्वासन पर सदस्य शांत हुए। विधान परिषद में भी विपक्ष ने इन मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल के चार नए सदस्यों ओपी राजभर, अनिल कुमार, दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा का सदन के सदस्यों से परिचय कराया। इसके बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने कानून-व्यवस्था, बाढ़, बिजली कटौती समेत अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश कानून-व्यवस्था, बाढ़, बेरोजगारी, बिजली कटौती की समस्या जैसे गंभीर मुद्दों का सामना कर रहा है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को इस पर नोटिस देने का अधिकार है, इन मुद्दों पर सदन में चर्चा कराई जाएगी, लेकिन सपा के सदस्य उनकी व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए और नाराजगी जताते हुए वेल में पहुंच गए। बाद में अध्यक्ष ने उन्हें किसी तरह समझाकर शांत कराया।



मानसून सत्र के दौरान विधानसभा के वेल में विरोध प्रदर्शन करते विपक्ष के विधायक। ● एजेंसी

### आज पेश होगा अनुपूरक बजट

विधानसभा में 30 जुलाई को करीब 25 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके आवास पर कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें सदन में प्रस्तुत होने वाले अनुपूरक बजट को मंजूरी दी जाएगी। बैठक सुबह साढ़े नौ बजे बुलाई गई है।

### रचनात्मक मुद्दों के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्षी सदस्य जिन रचनात्मक मुद्दों को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे, प्रदेश के विकास और जनता-जनार्दन से जुड़ी उन हर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्ध है। सोमवार को मानसून सत्र शुरू होने के पहले विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने फरवरी में ही अपना बजट पास किया था। प्रदेश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहली अनुपूरक मांग सदन में प्रस्तुत होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश पिछले सात वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिन ऊंचाइयों को प्राप्त किया है, वह अभूतपूर्व, अविस्मरणीय व अनुकरणीय है।

## लव जिहाद पर होगी उम्रकैद, बनेगा कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक पेश
- पेश हुए राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण समेत 12 अध्यादेश

**अमृत विचार :** राज्य सरकार अब जबरन धर्म परिवर्तन व लव जिहाद को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने जा रही है। इससे संबंधित उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 सोमवार को विधानसभा में पेश कर दिया गया। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी करने का प्रावधान है। वहीं, नाबालिग का लव जिहाद के लिए अपहरण करने व उसे बेचने पर उम्रकैद का भी प्रावधान किया गया है।

सोमवार को राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण समेत 12 अध्यादेश सदन में पेश हुए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश इस विधेयक में कहा गया है कि विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के अपराध की संवेदनशीलता, धर्म परिवर्तन जनसांख्यिकी परिवर्तन में विदेशी और राष्ट्र विरोधी तत्वों की योजना के चलते 2021 के इस अधिनियम में जुर्माने व दंड की राशि में वृद्धि करना जरूरी हो गया है।

विदेशी फंडिंग पर 7 से 14 वर्ष की सजा और 10 लाख जुर्माने का प्रावधान है। विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है।

### सजा व जुर्माना बढ़ेगा

पेश अध्यादेश में कहा गया है कि धर्म परिवर्तन करने के आशय से किसी के जीवन या संपत्ति को भय में डालने, विवाह का वचन या षड्यंत्र करने या प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की का अपहरण करने पर कम से कम 20 वर्ष की सजा या उम्रकैद होगी। बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन पर 10 साल की सजा। धोखे, कपट से शादी करने पर 3 से 10 साल जेल होगी, 25 हजार जुर्माना देना होगा। अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर 7-14 साल तक जेल हो सकती है जबकि जुर्माना अधिकतम एक लाख रुपया होगा।

### एक नजर

#### नीट-यूजी काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। सोमवार को जारी एमसीसी के नोटिस में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने कहा कि काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिए पंजीकरण अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

**हैवानियत की हद : नशे में युवक ने की वारदात**

## दुष्कर्म के बाद 85 साल की महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली/सेंथल

**अमृत विचार :** हाफिजगंज के सेंथल में शराब के नशे में धुत एक युवक ने हैवानियत की हद पार कर घर में घुसकर अकेली रह रही 85 साल की बीमार महिला से दुष्कर्म किया। इस बीच पड़ोस से अचानक पहुंची महिला की बहू ने उसे दुष्कर्म करते देख शोर मचाया तो उसने भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उसे दबोच लिया। कुछ ही देर बाद बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया। इससे गांव में तनाव फैल गया। मामला दो समुदायों के बीच का होने के कारण गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।



- दुष्कर्म कर भागते समय भीड़ ने दबोचकर पुलिस के हवाले किया
- दो समुदायों का मामला होने से कस्बे में तनाव, पुलिस फोर्स तैनात

> शराब के नशे में युवक ने बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराने के साथ उसकी वीडियोग्राफी भी कराने का निर्देश दिया है। - **अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

परिवार वालों के मुताबिक बुजुर्ग महिला के पति और बेटे की मौत हो चुकी है। उनकी बहू भी पड़ोस में रहने वाले उनके भाई-भाभी के साथ रहती है जिसकी वजह से वह घर में अकेली रहती थीं। कुछ समय से वह बीमार भी थीं। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ठाकुरद्वारा मोहल्ले में रहने वाला 35 वर्षीय राकेश उनके घर में घुस गया और उनके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान उन्हें देखने पहुंची महिला की बहू ने राकेश को उनके साथ दुष्कर्म करता देख शोर मचा दिया। इस पर राकेश अपनी पैंट और चप्पल वहीं छोड़कर महिला की चादर लपेटकर भाग निकला लेकिन बाहर इकट्ठी हुई भीड़ ने उसे दबोच लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने राकेश को हिरासत में ले लिया। उधर, कुछ ही देर बाद बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राकेश कारपेंटर है और शराब का आदी है। घटना से पहले उसने अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी, उसके बाद बुजुर्ग महिला के घर में घुस गया। सेंथल पहुंचे पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा की मौजूदगी में फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

## गृह मंत्रालय ने घटना की जांच के लिए बनाई समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग हादसा**

- 30 दिन में रिपोर्ट सौंपेगी उच्च स्तरीय समिति, पीड़ित के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत के मामले की जांच के लिए अतिरिक्त सचिव के नेतृत्व में सोमवार को एक उच्च स्तरीय समिति गठित की।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि समिति में दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह), दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त और अग्निशमन सलाहकार सदस्य होंगे तथा गृह मंत्रालय में एक संयुक्त सचिव इसके संयोजक होंगे। समिति 30 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उधर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तीनों मृतक अभ्यर्थियों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। मामले में एमसीडी ने एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया और सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया। दिल्ली पुलिस ने तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत होने के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सात हो गई है।

## दुर्घटनाओं में छह कांवड़ियों की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, उझानी/कांसगज


अनिल


अंकित


कुमित


अमर पाल


पिंटू


संजीव

- बदायूं में बाइकें भिड़ीं, 4 कांवड़ियों की जान गई, एक घायल
- कासगंज में वाहनों की चपेट में आकर दो कांवड़ियों ने दम तोड़ा

**अमृत विचार :** बदायूं में दो बाइकों की भिड़ंत में चार कांवड़ियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। वहीं कासगंज में दो कांवड़ियों ने दम तोड़ दिया। बदायूं के नेकपुर निवासी अंकित पुत्र नर सिंह जालंधरी सराय निवासी अपने दोस्त अनिल पुत्र हरनाम के साथ रविवार रात कछला गंगा घाट से जल लेकर बाइक से लौट रहे थे। उझानी के भूड़ वाली ज्यारत के पास उनकी बाइक की भिड़ंत दूसरे कांवड़ियों की बाइक से हो गई। अंकित, अनिल के अलावा दूसरी बाइक से आ रहे अलापुर के गांव केशवपुर निवासी अमरपाल, कुमित और अंकुर गंभीर घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अंकित को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अनिल ने रात में दम तोड़ दिया। अन्य तीनों को बरेली रेफर किया गया जहां अमरपाल और कुमित की भी मौत हो गई। अंकुर का इलाज चल रहा है।

कासगंज में अग्रसेन द्वार के समीप पिकअप की टक्कर से मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र के सुजरई गांव निवासी पिंटू (21) पुत्र झम्मन की मौत हो गई। पिंटू साथियों के साथ लहरा गंगा घाट जल भरने जा रहा था। दूसरा हादसा सोरों कोतवाली क्षेत्र में हुआ। रविवार रात लहरा गंगा घाट जल भरने जा रहे मिरहची के गांव जिन्हेरा निवासी संजीव पुत्र सोवरन सिंह को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर चोटें आने से संजीव की भी मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत

**आगरा।** मध्य प्रदेश के शिवपुर के बैराड निवासी रविंद्र और जियानी साथियों के साथ सोरों से कांवड़ लेकर आ रहे थे। सैंया थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक ने रौंद दिया। दोनों कांवड़ियों की मौत हो गई। साथियों की मौत से गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा किया।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी की सजा रद



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी को कृष्णानंद राय हत्याकांड में गाज़ीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 4 साल की सजा रद कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय और राज्य सरकार ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील दाखिल की थी। अफजाल की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाते हुए अंसारी को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी।

# विधान भवन में केशव ने गृह विभाग की बैठक लेकर चौंकाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसीएस और डीजीपी समेत कई शीर्ष अधिकारी हुए शामिल

**अमृत विचार :** विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से पहले सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन वाले गृह विभाग की बैठक लेकर चौंका दिया है। बैठक में एसीएस गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार समेत शीर्ष अधिकारी शामिल रहे। मौर्य ने इसे एक्स पर प्रसारित करके अधिकारियों को कानून-व्यवस्था को लेकर कई निर्देश देने की बात भी कही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लोकसभा चुनाव के बाद से चर्चा में हैं। नए घटनाक्रम ने एकबार फिर हलचल मचा रखी है। मौर्य ने गृह विभाग के शीर्ष अधिकारियों की बैठक को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश भाजपा को भी टैग किया है। लेकिन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग नहीं किया है। केशव ने एक्स व फेसबुक पर कई फोटो के साथ जानकारी भी साझा की। पोस्ट के साथ केशव ने लिखा कि आज विधान परिषद में डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मानसून सत्र के दौरान कानून व व्यवस्था के संबंध में बैठक की और जनता की समस्याओं को थानों पर प्राथमिकता से समाधान, बढ़ते हुए भ्रष्टाचार को रोकने और साइबर क्राइम से संबंधित बढ़ती हुई घटनाओं को व्यापक तौर पर रोकने के प्रयास करने सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



विधानभवन में गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य।

हालांकि शासन से सूत्रों का कहना है कि यह गृह विभाग की नहीं, बल्कि सामान्य बैठक थी। हाल में बलिया समेत तमाम घटनाओं को लेकर विपक्ष के सवालों का जवाब विधान परिषद में देने के लिए मौर्य ने खुद को अपडेट करने के लिए अधिकारियों को बुलाया और चर्चा की। उधर, ओबीसी मोर्चा की बैठक में मुख्यमंत्री के आने की जैसे ही सूचना मंच से प्रसारित हुई, उसी दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक द्वारा मंच छोड़कर जाने की घटना का वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### खुटार से घटियाघाट कांवड़ लेने शिव भक्तों का जत्था रवाना

**खुटार, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र के आसपास के सैकड़ों भक्त कावड़ लेने सोमवार शाम गंगा जी घटियाघाट रवाना हुए। डीजे, गाड़ियों पर बंधे लाउडस्पीकर, और बैंड बाजा पर बजते भजन पर शिवभक्तों को उनके परिजनों ने झूमते गाते कावड़ लाने को रवाना किया। भक्त बड़ी संख्या में निजी कार, मैजिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डीसीएम व बाइक से रवाना हुए। बम बम भोले, हर हर महादेव, गंगा मैया की जय के जयकारे से खुटार की धरा गुंजायमान हो गई। मंगलवार सुबह भक्त घटियाघाट (फर्रुखाबाद) से गंगा मैया में स्नान करके पूजा पाठ के बाद कावड़ लेकर गोला गोकर्णनाथ रवाना होंगे और बुधवार को खुटार होते हुए छोटी काशी में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा में हिंयुवा के अध्यक्ष द्वारा युवा शिवभक्तों का जत्था यात्रा में शामिल हुआ।

### एग्री जंक्शन का इंटरव्यू 2 अगस्त को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत जनपद में वन स्टॉप शॉप कृषि केंद्र (एग्री जंक्शन) स्थापित करने के लिए जिन अभ्यर्थियों की ओर से वर्ष 2024-25 में आवेदन किया गया है, उनका चयन किए जाएगा। जिसको लेकर 2 अगस्त को सुबह 9 :30 बजे से विकास भवन सभागार में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय पर स्थल पर अपने मूल शैक्षिक अभिलेखों सहित उपस्थित हो।

### 10 तक करें संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा के आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा 16 से 30 अगस्त कराई जाएगी। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने माध्यमिक कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने स्तर से छात्र-छात्राओं के आनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए परीक्षा के जिला संयोजक गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर तिलहर के प्रवक्ता आचार्य चंदन मित्र के मोबाइल नंबर 9415947614 पर संपर्क किया जा सकता है।



बाबा विश्वनाथ मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



छोटी काशी में बाबा का जलाभिषेक करने कांवड़ लेकर जाती महिला श्रद्धालु।



मोहल्ला मतानी में आयोजित रुद्राभिषेक अनुष्ठान में पार्थिव शिवलिंग और गणपति का श्रृंगार करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हर-हर महादेव से गूंजते रहे शिवालय, नतमस्तक हुए बाबा के भक्त

## सावन के दूसरे सोमवार शिवमय हुआ वातावरण, आदिदेव महादेव का जलाभिषेक करने को मंदिरों में लगी रहीं लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पवित्र श्रावण मास का दूसरा सोमवार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। एक ओर जहां भक्तों ने अपने आराध्य देव महादेव का विधि विधान से पूजन अर्चन कर उनका आशीष लिया, वहीं दूसरी ओर कांवड़ियों ने गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक मंदिर पहुंचकर गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक कर मनौती मांगी।

सावन के दूसरे सोमवार को तड़के से ही मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। महिलाएं, पुरुष, युवा पूजा की थाली और जल का कलश लेकर मंदिरों की ओर कूच करने लगे थे। प्रमुख मंदिरों समेत गली-मोहल्लों के मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिर पहुंचे बाबा के भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर चंदन, अक्षत, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, मिष्ठान, फल आदि अर्पित कर आरती की। सुबह से देर रात तक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। सोमवार को बड़ी संख्या में उपवास रखकर अपने आराध्य का गुणगान किया।

महानगर में बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, बाबा चाकसीनाथ मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, मनोकरण मंदिर, हनुमतधाम मंदिर समेत अन्य प्रमुख शिवालयों में महिलाओं, पुरुषों और युवा पूरे दिन उमड़ते रहे। बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया गया। हर हर महादेव, बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय के साथ घंटों की ध्वनि भी गूंजती रही। प्रमुख मंदिरों के बाहर और मंदिरों के आसपास गलियों की मोड़ पर बेलपत्र, पुष्प, भांग-धतूरा की बिक्री के लिए चौपहिया ठेलों और फुटपाथ पर दुकानें सजी रहीं। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रमुख मंदिरों में सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहे। नगर निगम की ओर से मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराकर चूना भी डलवाया गया था। सोमवार के कारण पूरा वातावरण शिवमय रहा।



बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक करते भगवान भोलेनाथ के भक्त। ● अमृत विचार

● **मंदिरों में चंदन, अक्षत, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, मिष्ठान, फल अर्पित कर शिवभक्तों ने किया पूजन-अर्चन, मांगी मनौती**



कांवड़यात्रा में जाता श्रद्धालुओं का जत्था। ● अमृत विचार

### श्रद्धा और उल्लास कांवड़ उठा रहीं महिलाएं

**शाहजहांपुर।** कांवड़ यात्राएं धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी हैं। सावन के दूसरे सोमवार को महानगर की सड़कें भोलेबाबा के जयघोष से गूंजती रहीं। सोमवार को महिला कांवड़ियों के जत्थे भी दिखाई दिए। श्रद्धा और उत्साह से लबालब महिलाएं और युवतियां कंधे पर कांवड़ रखे पैदल भोले का गंगाजल से अभिषेक करने को तत्पर दिखाई दीं। चिलचिलाती धूप में पैदल यात्रा करने के कारण पसीने से तर-बतर महिलाओं को जोश सातवें आसमान पर था। इसी तरह पुरुष कांवड़ियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रहा है। श्रद्धालु फर्रुखाबाद स्थित घटियाघाट से गंगाजल लेकर कांवड़ निकाल रहे हैं। सभी कांवड़ियों का लक्ष्य गोला गोकर्णनाथ स्थित पौराणिक शिव धाम है।

## घरों में मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बना किया पूजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन माह में भगवान भोलेनाथ की उपासना का पौराणिक महत्व देखते हुए घरों में भी शिवार्चन के अनुष्ठान होने शुरू हो गए हैं। अपने आराध्य का पूजन-अर्चन करने के लिए लोग कच्ची मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि विधान से पूजन कर रहे हैं।

इस प्रकार के विशेष अनुष्ठान में लोग अपने पड़ोसियों और सगे-संबंधियों का आमंत्रित कर श्रद्धाभाव से आदिदेव महादेव का पूजन कर रहे हैं। इसी क्रम में बहादुरगंज लकड़ी मंडी स्थित सूर्य प्रताप सिंह ने अपने आवास पर पार्थिव शिवलिंग स्थापित कर विधि-विधान से गंगाजल, दुग्ध, दही, शहद आदि से रुद्राभिषेक किया और बेलपत्र, पुष्प, मिष्ठान, फल आदि अर्पित कर अपने आराध्य को प्रसन्न किया। वहीं, मोहल्ला मतानी में विवेक टंडन ने रविवार रात अपने आवास पर बंधु-बांधवों को आमंत्रित कर रुद्राभिषेक किया। मंत्रोच्चार के साथ आधी रात तक चले अनुष्ठान में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए।

महिलाओं की भोले बाबा की भजन सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। पुरोहितों ने कच्ची मिट्टी से शिवलिंग, माता पार्वती और भगवान गजानन को रुद्र रूप में स्थापित कर उनका विधि-विधान से श्रृंगार किया। बाद में सभी ने बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित कर भोलेनाथ की आरती की। प्रसाद वितरण के साथ अनुष्ठान का समापन किया गया। इसी तरह के आयोजन कई घरों में किए गए।



बहादुरगंज लकड़ी मंडी में शिवार्चन करते दंपती। ● अमृत विचार



भोले बाबा के पूजन के लिए पुष्प खरीदते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शहर के एक मंदिर में कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धा और विश्वास से ही तय की जा सकती है दूरी

घटियाघाट से छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ की दूरी लगभग राजधानी लखनऊ जितनी ही यानि लगभग 175 किलोमीटर ही बैठती है। यह दूरी श्रद्धा और विश्वास से ही तय की जा सकती है। जत्थों के रूप में कांवड़िया केसरिया पताकाएं भी लेकर चल रहे हैं। वहीं, उनके अन्य साथी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से आगे-आगे दूरी बनाकर चल रहे हैं और पहले से निर्धारित स्थानों पर कांवड़ ला रहे साथियों की प्रतीक्षा करते हैं। पहले वालों को आराम देकर दूसरे साथी कांवड़ लेकर चल पड़ते हैं।

## सार-संक्षेप

### भोलेश्वर नाथ धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़



**जमुका/ शाहजहांपुर।** सावन माह के दूसरे सोमवार को भोलेनाथ के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। दूसरे सोमवार को भी शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज के साथ शिव भक्तों ने जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। वहीं दूसरी तरफ महिलाएं अपनी मुरादे भोले बाबा के नंदी के कान में कह रही थीं। रोजा की आदर्श नगर कॉलोनी, मालगोदाम रोड़ पर स्थित भोलेश्वर नाथ धाम में सुबह से ही भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। रोजा क्षेत्र के आसपास मठिया कॉलोनी, बल्लिया, व आदर्श नगर कॉलोनी के छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं व बड़े बुजुर्गों ने भी सावन शुरू होते ही भोलेनाथ की अर्चना वंदना कर बेलपत्र व जलाभिषेक करके मनौती मांगी।

### पीयूष को आईआईटी में मिलीं सोलहवीं रैंक



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रतिभा कहीं भी अंकुरित हो सकती है। जरूरी नहीं कि डॉक्टर, इंजीनियर के बच्चे ही उनके समकक्ष बनें। इस मिथक को जिले के पीयूष वर्मा ने तोड़ा है। पीयूष गांव ऊधौपारा निवासी किसान मिथिलेश वर्मा और कांती देवी के पुत्र हैं। वह तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर आते हैं। पीयूष ने बताया कि उसने इंटरमीडिएट की परीक्षा वर्ष 2023 में स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण की थी। इंटर में उसे 80 .4 प्रतिशत अंक आए थे। वह आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहते थे लेकिन परिवार की माली हालत ठीक नहीं थी, लेकिन हिम्मत हारने के बजाय एक साल तक ऑनलाइन तैयारी करनी शुरू कर दी। मेहनत रंग लाई और परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 16वीं रैंक और ओबीसी कैटेगिरी में पांचवीं रैंक अर्जित की। बताया कि पहले उसे मुंबई के आईआईटी कॉलेज में प्रवेश मिला था, लेकिन दूर होने के चलते उसने वहां प्रवेश नहीं लिया और दूसरे राउंड में उसे आईआईटी कानपुर में प्रवेश मिल गया है। सोमवार को स्वामी धर्मानंद कॉलेज पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ . अमीर सिंह और वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार मालवीय ने पीयूष को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रोजा आईटीआई में रोजगार मेला कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 31 जुलाई को राजकीय आईटीआई रोजा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु तक के हाईस्कूल इंटर स्नातक आईटीआई तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। प्रतिभागियों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक तकनीकी प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ 31 को सुबह 10 .30 बजे राजकीय आईटीआई रोजा में उपस्थित रहे।

### कोटेदार पर घटतौली का आरोप डीएम से शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** तहसील सदर क्षेत्र के गांव कुतुआपुर निवासी ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत डीएम से की है। डीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में राशन उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रत्येक यूनिट पर आधा किलो राशन काट लिया जाता है। कुछ लोगों के साथ तो ईपास मशीन पर अंगूठा लगने के बाद कह देते हैं कि तुम्हारा अंगूठा नहीं आया है, बाद में राशन ले जाना और इसी राशन को बाहर बाजार में बेच देते हैं। उपभोक्ताओं ने कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिए पत्र पर बलवीर, सोनू , सूरजपाल, अरविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, रामरूप, रामनरेश,नंद किशोर आदि के हस्ताक्षर हैं।

## दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास



नगर संसाधन केंद्र किला पर बैठक में मौजूद दिव्यांग बच्चों के अभिभावक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर संसाधन केंद्र किला पर सोमवार को दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के संग बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में हुई बैठक में सरकार की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

● **नगर संसाधन केंद्र किला पर हुई बैठक में अभिभावकों को दी योजनाओं की जानकारी**

विशेष शिक्षक मनोज शर्मा ने सभी को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसलिए बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के साथ सहायक उपकरण, पढ़ाई-लिखाई के उपकरण आदि देने की व्यवस्था की जा रही है। बताया कि सरकारी योजनाओं के लिए प्रमाण पत्र बहुत ही आवश्यक है, जिसके लिए अभिभावकों की भी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग में लगभग 50 अभिभावक शामिल हुए। बैठक में राजीव कुमार, अमरेश सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक मिश्रा, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष का इस्तीफा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष डॉ . रत्नाकर दीक्षित ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में डॉ . दीक्षित ने कहा है कि वर्ष 2020 में उनका चयन सहायक अध्यापक पद पर हो गया था, जिस कारण वह शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पद पर कार्य करने में असहज महसूस कर रहे हैं, इसलिए वह पद से त्यागपत्र दे रहे हैं।

## ईकेवाईसी में सर्वर की समस्या, समाधान की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ईकेवाईसी में आ रही दिक्कतों को लेकर आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े कोटेदार सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्बाल को सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वर की समस्या के कारण राशन वितरण भी सही तरह से नहीं हो पा रहा है तो ईकेवाईसी कैसे संभव है। सर्वर की समस्या का समाधान किया जाए। सिम कार्ड बदलकर कंपनियों के भुगतान पर रोक लगाई जाए। जिस कार्ड धारक परिवार की ईकेवाईसी की जाती है, उस परिवार के अधिकांश बुजुर्गों एवं बच्चों के अंगूठे नहीं आ पाते हैं, जिससे उनका यूनिट कटता है। इस स्थिति में कार्ड धारक आदर्श कोटेदार के साथ मारपीट करने को उतारू होते हैं। ईकेवाईसी करने के लिए योग्य कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता होगी, जिसका भुगतान आदर्श कोटेदार द्वारा दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए प्रति यूनिट 50 रुपये शुल्क निर्धारित किया जाए। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि मासिक लाभांश का भुगतान भी समय से नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आदर्श कोटेदार की आर्थिक स्थिति अति दयनीय है, इसलिए लाभांश का भुगतान समय से कराया जाए और लाभांश 200 रुपये प्रति क्विंटल कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जागेश्वर उर्फ जग्गू मिश्रा, मुनीश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, विमल सक्सेना, राजीव पांडेय, संजय मिश्रा, विकास चंद्र गुप्ता, नीरज कुमार, करन गुप्ता आदि शामिल रहे।



ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे कोटेदार। ● अमृत विचार


● **कोटेदारों ने सौंपा ज्ञापन, कहा- मासिक लाभांश बढ़ाए सरकार**












# बच्चे का शव सड़क पर रख परिजनों ने लगाया जाम

## ट्रैक्टर-चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर भड़का गुस्सा, आश्वासन पर हुए शांत

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर


ग्रामीणों को समझाते कोतवाल विशाल प्रताप सिंह। ● अमृत विचार


बेटे की मौत पर बेसुध मां सीमा देवी। ● अमृत विचार


मृतक हरिओम।

- तिलहर क्षेत्र में लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बच्चे की हो गई थी मौत

**अमृत विचार :** लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बच्चे की मौत के दूसरे दिन परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। आरोपी ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिरसिंहपुर में शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। गुस्साए परिजनों ने चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस को खरी-खोटी सुनाई। सूचना पर पहुंचे कोतवाल विशाल प्रताप सिंह व फोन पर विधायक सलोना कुशवाहा ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

क्षेत्र के गांव बिरसिंहपुर निवासी दुर्गेश मौर्य पोस्टमार्टम होने के बाद पांच वर्षीय हरिओम का शव लेकर शाम करीब तीन बजे गांव पहुंचे, जहां परिवार के लोग बिलख पड़े, वहीं शव को देखकर हर किसी की आंख भर आई। इस दौरान किसी ने सूचना दे दी कि घटना का दूसरा दिन हो जाने के बाद भी पुलिस की लापरवाही इस कदर है कि अभी तक चालक को पकड़ा नहीं गया है। इसके बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया और लोगों ने शाम करीब चार बजे शव को गांव में ही तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे पर रख कर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल विशाल प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराने की कोशिश की लेकिन वह लोग मानने को तैयार नहीं थे। करीब डेढ़ घंटे तक मृतक के परिजन और रिश्तेदार व गांव के लोग हंगामा करते रहे। बाद में कोतवाल के आश्वासन पर शांत हो गए। कुछ देर बाद लोग फिर से भड़क गए। तब फिर पीड़ित परिवार की विधायक सलोना कुशवाहा से फोन पर बात कराई गई। जिस पर उन्होंने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी। चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इसी के साथ ही उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। तब परिजन शांत हुए और शव को दफन कर दिया गया। रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव बिरसिंहपुर निवासी दुर्गेश मौर्य गांव में ही हजरतपुर मोड़ पर घर के बाहर पंचर की दुकान पर पंचर जोड़ रहा था, इसी दौरान दुर्गेश मौर्य का पांच वर्षीय बेटा हरिओम खेलते हुए घर के दरवाजे पर दुकान के पास आ गया। वह दुकान के पास खेल रहा था, तभी अचानक लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। जिसकी चपेट में हरिओम आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौका पाकर चालक वाहन छोड़कर भाग गया था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक हजरतपुर निवासी मोमीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी लेकिन उसकी दूसरे दिन भी गिरफ्तारी नहीं होने पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया था।

### जल्द गिरफ्तार किया जाएगा चालक

घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी में नाकाम पुलिस पीड़ित परिवार व गांव वालों द्वारा जाम लगाए जाने पर सक्रिय हो गई। कोतवाल ने परिवार वालों को भरोसा दिया है कि जल्द हर हाल में चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, वहीं विधायक सलोना कुशवाहा ने भी दिलासा दी।

> ट्रैक्टर चालक मोमीन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है, परिवार वालों को आश्वस्त किया गया है कि जल्द से जल्द चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> – विशाल प्रताप सिंह, कोतवाल

## सार-संक्षेप

### ज्यादा दिए रुपये वापस मांगने पर कैशियर को धमकी

**तिलहर, अमृत विचार :** बैंक में काम के दौरान 1,00000 लाख अधिक का भुगतान बैंक कैशियर से हो गया। जब खाता धारक से बैंक कैशियर ने रुपये वापस मांगे तो वह धमकी देने लगा। बैंक कैशियर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। नगर स्टेशन रोड पर स्थित एचडीएफसी बैंक की कैशियर शिवांगी मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर पर बताया कि उनके बैंक में एक व्यक्ति का खाता है। 22 जुलाई को उनका मुनीम अमित कुमार दो लाख रुपये का चेक लेकर आया था। भूलवश उसने तीन लाख रुपये का भुगतान कर दिया। शाम को रोकड़ में फर्क आने के बाद जब डिटेल देखी तो अमित कुमार को एक लाख रुपये अधिक देना पाया गया। जिसके सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। फोन के द्वारा खाता धारक से बात की गई तो उन्होंने 50,000 हजार रुपये ज्यादा आना बताया और 50,000 हजार वापस कर दिए। उसके बाद बचे 50, 000 हजार रुपये मांगने पर धमकी दी। जबकि सीसीटीवी फुटेज में मुनीम साफ ज्यादा रुपये ले जाता दिखाई दे रहा हैं। पीड़ित कैशियर ने कोतवाल विशाल प्रताप सिंह को प्रार्थना पत्र देकर 50,000 वापस दिलवाने एवं कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### कार की टक्कर से दो कांवड़िया घायल, रेफर

**खुटार, अमृत विचार :** हरिद्वार से कावड़ लेकर जिला लखीमपुर के कस्बा गोला गोगर्ननाथ ( छोटी काशी ) जा रहे कांवड़ियों की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। जिससे दो कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना बंडा क्षेत्र के गांव मुड़िया छावन से कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार कावड़ लेने गया था। हरिद्वार से कांवड़ लेकर जिला लखीमपुर के कस्बा गोला गोकर्णनाथ ( छोटी काशी ) भगवान भोले नाथ पर जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। कुछ भक्त पैदल चल रहे थे और उनके साथी बाइक से साथ में चल रहे थे। सोमवार को खुटार बंडा रोड पर भोपतपुर गांव के पास बंडा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने कांवड़िया की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे थाना बंडा के गांव मुड़िया छावन निवासी बाइक सवार सुनील कुमार( 19 )और राजवीर ( 28 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घायत गंभीर होने पर दोनों घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों का आपस में समझौता हो गया है।

आज का मौसम

| 35.0⁰ | 28.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## एक नजर

### छत से गिरे बंदर की मौत वनकर्मियों ने दफनाया

**खुटार।** नगर के मोहल्ला नरायनपुर के रहने वाले संजीव गुप्ता के घर की छत से सोमवार सुबह करीब आठ बजे बंदर और उसका बच्चा जमीन पर गिर गया। इससे बंदर की मौत हो गई। बच्चा सही सलामत है। घटना के बाद भारी तादाद में बंदरों की फौज आ गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव को दी। सूचना पर उन्होंने वनकर्मियों को भेजा। पूर्वान्ह करीब 11 बजे वनकर्मी पहुंचे। लोगों ने बंदर के अंतिम संस्कार के लिए कपड़ा खरीद कर दे दिया। वनकर्मियों ने मृत बंदर को कोचर फार्म वन चौकी के पास दफना दिया। उसका बच्चा अन्य बंदरों के साथ चला गया। खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना पर वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया था। बंदर को सुरक्षित जगह दफना दिया गया है।

### पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के गांव बलेली निवासी रूपा ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले विशाल निवासी किशपनुरा थाना चांदनी बाग जिला पानीपत के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से बाइक व दो लाख रुपये मंगाकर दो। नहीं मिलने पर ससुराली उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि दो माह पूर्व ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति विशाल, सास सावित्री, जेठ विकास, ननद शिवानी, पूनम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### महिला से मारपीट, रिपोर्ट

**खुटार।** क्षेत्र के गांव भीखमपुर निवासी सत्यवती ने पुलिस को बताया कि गांव के जागेश ने उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज किया और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर रहा था। जानकारी मिलने पर वह भी मौके पर पहुंच गई और बेटी को बचाते हुए मारपीट का विरोध किया। इस पर जागेश ने उसके साथ भी मारपीट की और उसे जाति सूचक गालियां दी। पुलिस दलित उत्पीड़न सहित मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कलान थाना के उपनिरीक्षक हरकेश सिंह ने रविवार की शाम विचौला तिराहे एक युवक को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। पकड़ा गया अभियुक्त सोहित उर्फ नन्हे निवासी बाराकला थाना कलान है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- पुवायां-बंडा रोड पर हुआ हादसा, चालक ट्रक छोड़कर भाग गया
- रिश्तेदार को देखने धर्मगदापुर आया था पीलीभीत का रामेश्वर दयाल

**अमृत विचार :** रविवार की रात पुवायां-बंडा रोड पर जुझारपुर गांव के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को सीएचसी पर लाया गया। उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक में बाइक फंस गयी। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।

पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव अंडबोझी निवासी रामेश्वर दयाल( 40 ) के पुवायां थाना क्षेत्र के धर्मगदापुर रिश्तेदार रहते है। जो बीमार थे। रविवार को वह अपने रिश्तेदार को देखने धर्मगदापुर आया था। वह रात साढ़े दस बजे धर्मगदापुर से विक्रमपुर अपनी भाभी के घर बाइक से जा रहा था।

पुवायां-बंडा रोड पर जुझारपुर गांव के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाइक ट्रक में फंस गयी। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने पुवायां थाने को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पुलिस घायल रामेश्वर दयाल को लेकर सीएचसी आई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर सुनकर मृतक के परिवार वाले पहुंच गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी रामलती ने बताया कि उसके पति ने फोन किया था कि रात में भाभी के घर रुक जाएंगे और सुबह घर के लिए निकलेंगे। उसकी एक बेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महिला के पेट में दर्द उठा और परिवार वाले मेडिकल कॉलेज से दवा लेकर घर चले गए। सोमवार की सुबह उसकी तबीयत अधिक खराब होने पर परिवार वाले उसे दोबारा मेडिकल कॉलेज लेकर आए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तिलहर थाना क्षेत्र के गांव खानपुर कोयला पट्टी निवासी हरजीत ने बताया कि उसकी पत्नी नीलम( 24 ) के रविवार को दिन में चार बजे पेट में दर्द उठा।

वह पत्नी को लेकर मेडिकल आया। डॉक्टर ने दवा देखने के बाद महिला को भर्ती कर लिया। रात में दवा देने के बाद महिला रात नौ बजे छुट्टी कर दी। सोमवार सुबह नौ बजे अचानक उसके पेट में फिर दर्द उठा तो वह पत्नी को लेकर अस्पताल आया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसका मायका जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मडरिया में था। उसके दो बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# घास पर लेटे कांवड़िया को सांप ने डसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पांचाल घाट से जल लेकर गोला जा रहा था मोहम्मदी का शोभित

**अमृत विचार :** फर्रुखाबाद से घटियाघाट कांवड़ लेकर एक युवक साथियों के साथ गोला जा रहा था। मोहम्मदी रोड पर आराम करने को सड़क किनारे घास पर लेट गया। वहां सांप ने उसके कान पर डस लिया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।


मृतक शोभित।

लखीमपुर खीरी जिले के मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव आत्मानगर निवासी शोभित मिश्रा( 22 ) साथी अशोक पाल, दिवाकर, सचिन आदि के साथ शनिवार को कांवड़ लेकर जलालाबाद में स्थित घटियाघाट पर पांचाल घाट से जल भरकर वापस रविवार की रात एक बजे गोला गोकर्णनाथ पैदल जा रहा था। सभी थक गए तो मोहम्मदी रोड पर गोमती मोड़ के पास रुक गए और आराम करने के लिए सड़क के किनारे लेट गए। कांवड़िया शोभित को नींद आ गई। इस दौरान सांप ने उसके कान पर डस लिया। नींद खुली तो उसने सांप देखा। उसने उसे पकड़कर फेंका तो वह भाग गया। उसने साथियों को बताया। डायल 112 को फोन करके बुलाया गया। सिपाही उसे मोहम्मदी के अस्पताल ले गए। इधर उसके परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

परिवार वाले शोभित को लेकर यहां अस्पताल लेकर आए। सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे कांवड़िए की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शोभित लखनऊ में प्राइवेट काम करता था और छुट्टी लेकर आया था। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी का नाम तन्नू मिश्रा है। उसकी एक छह माह की बेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## अस्पताल नहीं ले गए...झाड़ फूंक कराते रहे, चली गई जान

संवाददाता, खुदागंज/शाहजहांपुर

- ट्यूबवेल पर पानी पीने गए खुदागंज के रामकुमार के पैर में सांप ने डसा

**अमृत विचारः** खेत पर ट्यूबवेल पर पानी पीने के लिए गए युवक के पैर में सांप ने डस लिया। परिवार वाले उसे सरकारी अस्पताल न ले जाकर बल्कि बंडा में झाड़ फूंक करने वाले तांत्रिक के पास ले गए। उसे कोई फायदा नहीं हुआ तो डॉक्टर के पास लाए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मझिला निवासी रामकुमार( 39 ) शनिवार की शाम सात बजे खेत पर धान की फसल में पानी लगाने के लिए गया था। उसने खेत बटाई पर ले रखा था। वह ट्यूबवेल पर पानी पीने के लिए गया। इस दौरान सांप ने उसके दाहिने पैर पर डस लिया। वह ट्यूबवेल के किनारे बेहोश हो गया। उसका चाचा ओमपाल ट्यूबवेल पर पहुंचा तो देखा कि उसका भतीजा बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसके पैर में एक स्थान पर खून निकल रहा था और शरीर नीला पड़ रहा था। परिवार वाले उसे सरकारी अस्पताल न ले जाकर बंडा थाना क्षेत्र में सुनासर घाट पर झाड़ फूंक वाले के पास रात 11 बजे लेकर गए। झाड़ फूंक करने वाले तांत्रिक एक स्थान पर उसके चीरा लगाकर दवा लगाई।

दो घंटे तक उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ था। तो तांत्रिक ने कह दिया कि सरकारी अस्पताल ले जाओ। परिवार वाले उसे लेकर निगोही अस्पताल आए। डॉक्टर ने रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव लेकर गांव चले गए। मृतक के चाचा ओमपाल ने थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का मीना देवी तथा तीन बच्चे है। मौत की खबर से परिवार कोहराम मच गया।

# पारदर्शिता, निष्पक्षता से कराएं उपचुनाव


विकास भवन सभागार में उपचुनाव को लेकर अफसरों संग बैठक करते एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एडीएम वित्त ने पंचायत उपचुनाव में लगे अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** छह अगस्त को जनपद में होने जा रहे, पंचायत उपचुनाव को लेकर सोमवार को एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक हुई। एडीएम ने सभी आरओ, एआरओ, प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को उपचुनाव को निष्पक्षता व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव तैयारियों, मतदान, मतगणना आदि को लेकर भी दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 6 अगस्त को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा, 8 को मतगणना सुबह 8 बजे से होगी। विकास खंडों से पोलिंग पार्टियां 5 अगस्त को रवाना होगी। इसको लेकर सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई। उपचुनाव में आठ ग्राम प्रधान पद, एक जिला पंचायत सदस्य व एक ग्राम पंचायत सदस्य पद पर चुनाव कराया जाना है। इस दौरान पीडी डीआरडीए अवधेश राम, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता, बीडीओ मदनापुर गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## रिश्तेदार पर जेवर हड़पने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** गांव बलेमा निवासी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बचपन में उसके पिता नत्थूलाल की मृत्यु हो गई थी। उसके पिता ने मृत्यु से पूर्व रिश्तेदार को सोने की 24 चूड़ी, आधा-आधा किलो की दो ईंटें, सोने की 12 मोहर, सोने की मोहरों का हार और सोने की एक करधनी दी थी।

पिता ने कहा था कि वीरपाल अभी छोटा है उसके बड़े होने के बाद तुम दोनों लोग इसे आधा-आधा बांट लेना। आरोप लगाया कि अब रिश्तेदार ने सारी संपत्ति हड़प कर ली। जिसकी कई बार पंचायत भी हो चुकी है। पीड़ित पुलिस से हिस्सा दिलाए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास कराया जाएगा।



कोलाघाट पुल के पास चल रहे धरने पर लोगों को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां। ● अमृत विचार

# प्रदर्शन का आठवां दिन, नहीं पहुंचा कोई

संवाददाता, मिर्जापुर

- कोलाघाट पर भूख हड़ताल के पांचवें दिन धरना स्थल पर पहुंचे सपा नेता
- कहा- हल्के वाहनों का आवागमन शुरू होने से लोगों को मिलेगी कई सुविधाएं

**अमृत विचार :** कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों को निकाले जाने की मांग को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन लगातार आठवें दिन जारी रहा। सोमवार को भूख हड़ताल के पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई परिणाम नहीं निकल सका है। सोमवार को धरने पर जिले से तमाम सपा नेता पहुंचे और उन्होंने पुल का लोड टेस्ट कराकर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कराने की मांग दोहराई।

कोलाघाट पुल के पास कोलाघाट पुल संघर्ष समति के अध्यक्ष रामकुमार राठौर के नेतृत्व में चल रही भूख हड़ताल के पांचवें दिन भी प्रशासन को कोई व्यक्ति अनशनकारियों से बात करने नही आया। रविवार शाम को जिला पंचायत सदस्य ओमपाल कुशवाहा व रामदास राठौर की तबीयत बिगड़ने पर उन्हे जरियनपुर सीएचसी पर भर्ती कराया गया था। जिनका अभी इलाज चल रहा है। भूख हड़ताल पर रामवीर सोमवंशी , सूरजपाल यादव, रामकुमार राठौर, मोहित शर्मा, रामदास राठौर, पार्थ सिंह यादव, ओमपाल सिंह कुशवाहा, तस्लीम अंसारी व प्रभाशंकर गुप्ता बैठे हुए हैं।

सोमवार को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एव पूर्व मंत्री डॉ. राजपाल कश्यप के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, पूर्व विधायक दलसिंह यादव, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, प्रदेश महासचिव रिजवान खां, जिला महासचिव रणंजय यादव , महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, श्यामलाल यादव , दधीचि यादव, अबनेश यादव, दीपक नन्दवंशी, चरनसिंह , रामसेवक कश्यप, महावीर सिंह, तसव्वर अली, नीरज मिश्रा, रजनीश शास्त्री समेत सैकड़ों लोगों ने धरना स्थल पर पहुंच कर कोलाघाट पुल पर से हल्के वाहनो के लिए चालू करने की सरकार से मांग की।

पूर्व विधायक दल सिंह यादव ने कहा कि त्यागी जी महाराज की कर्मस्थली व उनके अथक प्रयास के बाद बने इस पुल से आम आदमी को फिलहाल कोई राहत नही है। हल्के वाहनों का आवागमन शुरू हो जाने से इस पिछड़े क्षेत्र के विकास को पंख लग सकेंगे। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि प्रशासन यदि जल्द सुनवाई नही करेगा तो हम लोग मजबूरन लखनऊ में जाकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अमित यादव रिंकू ने कहा सपा सरकार बनने पर पक्का पुल बनवाने का प्रयास करेंगे।

# स्कूल गेट पर पहुंचा शिक्षिका के अपहरण का आरोपी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप, मझोला पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार, पीड़िता थाना सदर बाजार पहुंची
- शुक्रवार को सिंधौली का युवक अपहरण कर कार में डालकर ले जा रहा था दिल्ली

**अमृत विचार :** शहर में प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका का स्कूल गेट से अपहरण करने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आरोपी स्कूल के गेट तक पहुंच गया। आरोपी को देखकर प्रधानाध्यापिका घबरा गई। उसने डायल 112 को फोन किया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग गया। उसे आरोपी से जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने थाना सदर बाजार में तहरीर दी है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एसपी कॉलेज रोड की रहने वाली रीना श्रीवास्तव तेल टंकी मोड़ पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका है। शुक्रवार को विद्यालय से बाहर दवा लेने के लिए निकली तो हरमनजीत सिंह निवासी मूड़ा हारिस थाना सिंधौली उसका अपहरण कर कार में डालकर दिल्ली ले जा रहा था। उसके साथ दो अन्य लोग थे। मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन छीनने को लेकर उसकी आरोपी से छीना झपटी हुई। इस दौरान कार पिकअप से टकरा गई थी। आरोपी मौका पाकर भाग गए थे। किसी तरह वह घर पहुंची। पीड़ित शिक्षिका ने आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। वह डर के कारण अपने मायके हरदोई में रह रही है। वह कार से अपनी मां के साथ आती है। उसने बताया कि सोमवार की सुबह नौ बजे आरोपी स्कूल गेट पर आया। उसने अपनी मां को बुलाया और स्कूल परिसर में अन्य शिक्षकों के बीच चली गई। इसी बीच उसने डायल 112 को फोन किया। पुलिस के पहुंचने से आरोपी बाइक से भाग गया। सिपाहियों ने उसके बयान लिए और कहा कि सदर बाजार में तहरीर दें। पीड़िता ने सदर बाजार में तहरीर दी। कहा कि जान माल को खतरा बना हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

### किशोरी के अपहरण का प्रयास

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसके पति एक मामले में जेल में बंद है। शुक्रवार को वह शाम छह बजे अपनी 16 वर्षीया पुत्री को दवा दिलाकर घर आ रही थी। रास्ते में बाइक सवार अचल निवासी बरेली अपने साथी के साथ आया। आरोप है कि गलत नीयत से उसकी बेटी का हाथ पकड़कर बाइक पर जबरन बैठाने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो दोनों आरोपी बाइक से भाग गए। आरोपी अचल उसकी बेटी के मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज करता है। उसकी बेटी 15 दिन से स्कूल नहीं जा रही है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी अचल और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि शनिवार की दिन में साढ़े 11 बजे गांव का एक युवक उसके मकान में घुस आया। आरोप है कि आरोपी ने उसकी 15 वर्षीया पुत्री को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसकी बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी अवधेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# पाइप लाइन बिछाने को सड़क खोदकर भूल गए ... गिरकर चोटिल हो रहे लोग

## बरसात के दौरान धंस गई मिट्टी से हुआ गड्ढा, जिम्मेदार लापरवाह

- बोले ग्रामीण, सड़क को जल्द किया जाए दुरुस्त, निकलने में दिक्कत

संवाददाता, जमुका/ शाहजहांपुर



गड्ढे में फंसे तांगे को निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में पेयजल योजना की पाइपलाइन बिछाई जा रही है लेकिन जल पहुंचाने की योजना तमाम प्रयासों के बाद भी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। बल्कि काम समय से पूरा न होने से योजना लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है।

ब्लॉक भावलखेड़ा क्षेत्र के गांव बल्लिया में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का कार्य हुआ था, लेकिन पाइप लाइन डालने को खोदी गई सड़क को समतल नहीं किया गया। जिससे बरसात में मिट्टी धंस गई और गड्ढे हो गए। इन खुदी पड़ी उबड़-खाबड़ सड़क पर बच्चे बुजुर्ग आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। प्रत्येक घर तक पानी की सप्लाई देने के लिए पिछले कई महीनों तक गलियां खोदी गईं, ज्यादातर गलियों में पाइप लाइन डाल दी गई लेकिन कुछ गलियों में अभी तक पाइप लाइन नहीं डाली जा सकी है। आधा-अधूरा काम छोड़ दिया गया। जिन गलियों में पाइप लाइन बिछाई गई थी, उन गलियों को समतल करने के लिए सतही तौर पर मिट्टी डाल दी गई। बरसात के दिनों में मिट्टी धंस गई और गलियों व सड़क पर गड्ढे हो गए। अब इन गड्ढों को सही करने के लिए जिम्मेदारों ने कोई प्रयास नहीं किए। गांव के अंदर को जाने वाली सड़क पर मिट्टी धंसने से बना गड्ढा बड़े हादसे को दावत दे रहा है। सोमवार सुबह 8:30 बजे एक तांगे पर चालक मकान के निर्माण की सामग्री सीमेंट, मौरंग लेकर जा रहा था। तांगे का एक पहिया गड्ढे में चला गया। लोगों ने बोरियां तांगे से नीचे उतारी और फिर धक्का देकर तांगे को निकाला। कई बार साइकिल सवार और बाइक सवार भी गिरकर चोटिल हो चुके हैं लेकिन गड्ढा भरने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। ग्रामीणों ने प्रधान से इस समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलवाने के लिए कहा है। रजीना, राजकुमार, शाबीतून, राधेश्याम, कफील, पोशीन आदि ग्रामीण बताते हैं कि अभी बिगत दिनों जो बरसात हुई उसमें हम सभी ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गांव की सारी गलियों की सड़कें जिनकी हालत बड़ी ही खस्ता हाल है, इनसे निकलना मुश्किल हो रहा था।

> जल जीवन मिशन के तहत कुछ जगहों पर तो पाइप लाइन का काम हुआ है और कुछ जगहों पर काम अभी नहीं हुआ है। खोदी गई सड़कों को जल्द दुरुस्त करवाया जाएगा।
> – शंभू दयाल वर्मा, प्रधान

### बोले ग्रामीण



लोगों को अपने घर के जाने के लिए यह मुख्य सड़क है। जिस पर चलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। पानी की सप्लाई का काम हुआ था जिसके लिए सड़क खोदी गई, जिनकी अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई।
–रजीना



खुदी पड़ी सड़क पर में अपने तांगे से मौरंग सीमेंट भर कर टावर वाली गली से ले जा रहा था, कि अचानक घोड़ा अनियंत्रित हो गया और हमारा तांगे का पहिया खुदी पड़ी सड़क में फंस गया। चोटिल होते-होते बचे।
–राजकुमार



हम बुजुर्गों का इन उबड़-खाबड़ सड़क पर चलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सोमवार सुबह हमारे गांव के ही राजकुमार का तांगा पलटते पलटते बच गया।
– शाबीतून



जल जीवन मिशन के तहत जो भी काम हुआ था, उस काम में पूरी तरीके से हीला हवाली देखने को मिली है, न ही सड़कों को दुरुस्त कराया गया, और न ही कोई काम को सुचारू रूप से किया गया।
– आकाश कुमार

# पति-पत्नी का समझौता करा एक साथ विदा किया



समझौते के बाद एक दूसरे के साथ खड़े दंपती। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर सोमवार को पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। पारिवारिक विवाद में पति और पत्नी का समझौता कराके विदा किया गया।

निगोही थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशफाकनगर निवासी राजीव प्रजापति की शादी पूनम पुत्री शिव कुमार निवासी जलालनगर थाना सदर बाजार के साथ हुई थी। दोनों में पारिवारिक विवाद हो गया। पूनम ने ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ित करने का शिकायती प्रार्थनापत्र एसपी को दिया था। एसपी ने प्रार्थनापत्र महिला परामर्श केंद्र पर भेज दिया। सोमवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया। महिला कर्मचारियों ने दोनों पक्षों को समझाया और पति-पत्नी एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गए। दोनों की आपसी सहमति से समझौता करा दिया गया। दोनों को एक साथ विदा किया गया।

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू



मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में ट्रेनिंग के दौरान मौजूद लोग।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में सोमवार को डोर टू डोर कूड़ा कचरा कलेक्शन का कार्य शुरू हो गया। कूड़े का निस्तारण गांव में बने आरआरसी पर हुआ करेगा। इस कार्य की ट्रेनिंग कराने के लिए सोमवार को साक्षी सेरारी और काजल यादव मौजूद रही। जिन्होंने सभी ग्राम वासियों व सफाई कर्मचारियों को सिखाया कि कैसे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर उसका निस्तारण करना है। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हम पूरी मेहनत से इस कार्य को करेंगे और सभी ग्राम वासियों से पूरी सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। सभी के सहयोग के बिना यह कार्य संभव हीं है। कार्यक्रम में सभी ने ग्राम पंचायत में पौधरोपण भी किया। एडीओ पंचायत आदित्य सक्सेना, ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, खंड प्रेरक विसंभर, पंचायत सहायक अनुज, सोनू, सियाराम, जगदीश, वेदपाल आदि मौजूद रहे।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जाँचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com
डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली
डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## 741.35 हेक्टेयर फसल बर्बाद, प्रशासन ने किसानों को बांटा 91.05 लाख मुआवजा

# बाढ़, बारिश से तबाह हुई 1688 किसानों की फसल

**सर्वे का अंतिम आंकड़ा**

- **35 कच्चे, 29 पक्के और 34 झोपड़ी हुईं क्षतिग्रस्त**
- **सदर, जलालाबाद, कलान और पुवायां हुईं प्रभावित**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बाढ़ और बारिश से हुए फसल नुकसान के सर्वे का अंतिम आंकड़ा आ गया है। आपदा से जिले की चार तहसीलें सदर, जलालाबाद, कलान और पुवायां प्रभावित हुई हैं। चारों तहसीलों के 1688 किसानों की फसल बर्बाद हुई है।

जिसके लिए प्रशासन की ओर से 91.05 लाख रुपये मुआवजा बांटा गया है। दूसरी ओर 35 कच्चे और 29 पक्के मकान क्षतिग्रस्त और 34 झोपड़ी को नुकसान हुआ है। गर्रा और खन्नौत नदी में आई बाढ़ में फसलों को सबसे अधिक नुकसान सदर तहसील में हुआ है। इसका सर्वे राजस्व विभाग की टीमों ने पूरा कर लिया है। सदर तहसील में 902 किसानों के खातों में 36.40 लाख रुपये भेज दिए गए। सर्वे के बाद सबसे पहली किस्त के रूप में 164 किसानों के खाते में 7 लाख 3 हजार 385 रुपये भेजे गए थे।

शनिवार को 222 किसानों के खातों में सात लाख रुपये डाले गए। रविवार को 516 किसानों के खाते में 22 लाख 37 हजार रुपये भेजे गए। नायब तहसीलदार सदर आशीष सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से कराए गए सर्वे में क्षतिग्रस्त मकानों के मालिकों को मुआवजा दिया गया। यह मुआवजा नुकसान के आधार पर बांटा गया है। इसके साथ ही 46 लोगों को गृहस्थी में हुए नुकसान में पांच-पांच हजार रुपये सहायता राशि के रूप में दो लाख 30 हजार रुपये उनके खाते में भेजे जा चुके हैं। जबकि जिले में कुल 741.35 हेक्टेयर जमीन बाढ़, बारिश और ओलावृष्टि में तबाह हुई है। इसके लिए कुल 1688 किसानों को 91.5 लाख रुपये बतौर मुआवजा दिए गए हैं। इसी तरह सदर तहसील में 35 कच्चे, 29 पक्के, 34 झोपड़ी और दो पशुशाला क्षतिग्रस्त हुई हैं।



बाढ़ के दौरान खन्नौत नदी के पानी में डूबे मकान।(फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

### किस तहसील में कितना फसल नुकसान

| तहसील का नाम | आपदा प्रभावित क्षेत्रफल हेक्टेयर में | मुआवजा पाने वाले किसानों की संख्या | रुपये (लाख में) |
|---|---|---|---|
| शाहजहांपुर | 431.60 | 902 | 36.81 |
| जलालाबाद/ | 78.12 | 317 | 13.58 |
| कलान | 4.44 | 9 | 0.44 |
| पुवायां | 227.20 | 440 | 40.22 |
| कुल | 741.35 | 1688 | 91.5 |

### बाढ़ से मकानों को नुकसान

| तहसील | आंशिक क्षतिग्रस्त कच्चे मकान | आंशिक क्षतिग्रस्त पक्के मकान | क्षतिग्रस्त झोपड़ी | पशुशाला |
|---|---|---|---|---|
| सदर | 35 | 29 | 34 | 2 |

# बैराज से छोड़ा पानी... गंगा में उफान, खतरा बढ़ा

## मिर्जापुर के इस्लामनगर, आजादनगर, मस्जिदनगला और पंखियानगला गांव चपेट में



बढ़ते जलस्तर में डूब रहा ढाई घाट गंगा तट पर लगा जिला पंचायत का टेंट। ● अमृत विचार



इस्लामनगर के पास निरीक्षण करते एसडीएम महेश कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

- **एसडीएम ने तटवर्ती गांवों का किया निरीक्षण, ऊंचे स्थान पर रहने की सलाह**

**अमृत विचार:** गंगा नदी में बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से मिर्जापुर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

अधिकारियों ने सोमवार को गंगा के तटवर्ती गांवों का निरीक्षण कर लोगों से सावधानी बरतने तथा ऊंचे स्थानों पर रहने की सलाह दी है। गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती गांवों के लोग भयभीत होने लगे हैं। नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण बाढ़ का पानी इस्लामनगर, आजादनगर, मस्जिदनगला, पंखियानगला, बांसखेड़ा गांवों की सीमा से तेजी से पहुंचने लगा है।

सोमवार को एसडीएम महेश कुमार कैथल ने तहसीलदार अजहर अंसारी के साथ तटवर्ती इस्लामनगर व ढाई घाट गंगा तट का निरीक्षण किया। उन्होंने ढाई घाट गंगा तट पर जिला पंचायत द्वारा लगाए गए कैंप में मौजूद कर्मचारियों से कांवड़ियों द्वारा जल भरने के दौरान एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। घाटों पर हर समय गोताखोर तैनात रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। रात से समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा गंगा में बैरिकेडिंग के भी निर्देश हैं। जिला पंचायत के बाबू विनोद गुप्ता ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते कांवड़ियों के पेयजल व्यवस्था के लिए लगाए गए हैंडपंप डूब गए हैं।

### रिपोर्ट: नदियों का बढ़ा जलस्तर, प्रशासन अलर्ट

**शाहजहांपुर, विचार:** गंगा नदी कछला घाट का जलस्तर प्लस 1.06 बढ़ा,गंगा नदी भैसार ढाई घाट तटबंध जलस्तर प्लस 0.25 बढ़ा है। सोमवार को कार्यालय अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड के कंट्रोल रूम ने जानकारी दी कि रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर प्लस 0.13 बढ़ा है। रामगंगा डबरी घाट जलस्तर प्लस 0.01 बढ़ा, खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर माइनस 0.05 घटा हुआ दर्ज किया गया। गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर माइनस 0.10 घटा हुआ है। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 154350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दियूनी से पानी नहीं छोड़ा गया। जबकि रामगंगा नदी में विभिन्न बांधों से 4664 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, किया चालान

**जलालाबाद, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक अभियुक्त को स्मैक समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे 55 ग्राम स्मैक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह को रविवार की रात 12 बजे सूचना मिली कि ककराह रोड पर मादक पदार्थ तस्कर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त जयकेश निवासी ककराह थाना जलालाबाद है। पुलिस ने उसके कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद की है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि स्मैक की एक पुड़िया 300 रुपये में बेचता है। उसे एक युवक स्मैक घर दे जाता है। वह खुद भी स्मैक का नशा करता है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। अभियुक्त पर पहले से तीन केस दर्ज है। टीम में जितेंद्र सिंह, हेकां आमिर हसन, सिपाही गौरव, ब्रजवीर थे। इधर जलालाबाद पुलिस ने अभियुक्त विवेक वर्मा निवासी कुरावंडा थाना जलालाबाद के कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से चार केस दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# लिपिकीय कर्मचारियों के स्थाईकरण की मांग



डीडीओ को ज्ञापन देते ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **समस्याओं को लेकर मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने डीडीओ को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार:** ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने मांगों को लेकर डीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को डीडीओ पवन कुमार सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि 27 जुलाई को संगठन की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में सोमवार को दिए ज्ञापन में कहा गया कि एसोसिएशन के कर्मचारियों के लिए आरक्षित साइकिल स्टैंड पर टिनशेड डाला जाए ताकि बारिश आदि में वाहन सुरक्षित रहें। डीडीओ की ओर से पूर्व में निर्देश दिए गए थे कि स्टैंड संचालक कर्मचारियों की ओर से निर्धारित शुल्क जमा करे और उसकी रसीद काट कर दें। आरक्षित स्टैंड पर केवल कर्मचारियों के ही वाहन खड़े किए जाएं। एसोसिएशन ने कहा कि डीडीओ के इस आदेश का पालन कराया जाना चाहिए। इसी तरह एसोसिएशन लिपिकीय कर्मचारियों का स्थाईकरण कराया जाए। लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति की जाए और विकास भवन में स्वच्छ पेयजल के लिए लगाए गए वाटर कूलर के साथ आरओ/ फिल्टर भी लगवाया जाए। एसोसिएशन ने विकास भवन स्थित कार्यालयों के भीतरी साइड (गैलरी) में लगाए गए। विंडो एसी को हटवाए जाने की मांग की। कहा कि अगर एसी लगवाया जाना आवश्यक है तो कक्षों में स्पिलिट एसी लगवाए जाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित कुमार, महामंत्री ओमकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता, कोषाध्यक्ष अंकुश वर्मा, श्याम किशोर शर्मा, शैलजा शुक्ला, रश्मि सक्सेना, मोहम्मद नकी इदरीसी, मोहम्मद मुश्ताक अहमद आदि रहे।

### कोविड काल के कर्मियों ने डीएम को सौंपा पत्र



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कोविड काल में जनपद में कार्यरत आउटसोर्सिंग व अस्थायी कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सोमवार को डीएम को एक पत्र कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया। पत्र के माध्यम से बताया गया कि भारत सरकार की ओर से कोविड -19 महामारी को संज्ञान में लेते हुए आउटसोर्सिंग व अस्थायी कर्मियों की तैनाती की गई थी। हम लोगों का कार्य भी संतोषजनक रहा था, जिसके दृष्टिगत मिशन निदेशक द्वारा जनपदों से आग्रह किया गया था कि कोविड वारियर्स से जनपद स्तर पर कार्यरत किसी अन्य आउटसोर्सिंग संस्था से कार्य लिया जाए। कोविड में काम करने वाले कर्मियों ने नौकरी पर रखे जाने का अनुरोध किया। इस दौरान अमित कुमार, विपिन, राजू, शैलेंद्र, विनीत, मुजाहिद, खुशबू, अफजल खां, वीर सिंह, शिल्पी, मुलायम सिंह आदि रहे।

क्या आप पेट गैस से परेशान हैं?
पुरानी से पुरानी पेट की गैस में
दो छोटे चम्मच बादल स्पेशल चूर्ण
खाना खाने के बाद लें



बादल स्पैशल चूर्ण
"रखे देश का हाजमा दुरुस्त"
www.badalchuran.in
Available at All Ayurvedic & Medical Stores
For Trade Enquiry : Deepak Kansal - 9891472391

## छात्र-छात्राएं पूरी लगन से करें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निः शुल्क कोंचिग सत्र 2024-25 का जीएफ कॉलेज में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने दीप प्रज्ज्वलित और सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया। सीडीओ ने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी सिविल सर्विसेस यूपीएस, पीसीएस, नीट,आईआईटी, सीडीएस, एनडीए एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क कराई जा रही है। छात्र-छात्राओं की बेहतर तैयारी के लिए शासन की गाइडलाइंस के अनुसार निर्धारित मानकों के अनुरूप श्रेष्ठतम शिक्षकों का चयन किया गया है। इस अवसर पर सीडीओ ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वरुण सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, प्राचार्य जीएफ कॉलेज आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम का प्रारंभ करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 09 पर भी पढ़ें

## सार-संक्षेप

### भाजपा जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को समझाए बजट के लाभ



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भाजपा के जिला प्रभारी सुरेश राणा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ आम बजट पर चर्चा की। संबंधित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जिला प्रभारी केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए सर्वसमाज के लिए हितकारी बताया। इसके बाद उन्होंने मीडिया को भी बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट शानदार रहा है, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। यह बजट आम जनमानस को लाभ पहुंचाने में सहायक बनेगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी राज्य बजट से लाभान्वित होंगे। साथ यह देश की अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान से लेकर तीसरे स्थान पर पहुंचाने में भी कारगर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने बजट के खास बिंदुओं को उठाकर उन पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को बजट के लाभ समझाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, महामंत्री नवनीत पाठक, अनिल गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, महेंद्रपाल, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, किशोर गुप्ता, उपेंद्र पाल सिंह, कुलदीप सिंह दुआ, अभिषेक यादव, प्रमुदित मिश्रा, पार्षद रामवरन सिंह समेत ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, महानगर एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

### बाढ़ राहत सामग्री का बंटवारा बर्दाश्त नहीं



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बाढ़ से तहसील सदर के प्रभावित लोगों को सरकार से मिल रही राहत सामग्री व अन्य मदद में लेखपाल पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को जिला युवा कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा। सोमवार को दिए ज्ञापनइ में जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की आपदा प्रबंधन नीतियों के तहत लोगों को मिलने वाली राहत सिर्फ कागजी दिखावा है। जमीनी स्तर पर अभी भी लोग सरकार से मिलने वाली राहत के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय लेखपाल चुनिंदा सत्ताधारी लोगों के साथ मिलीभगत कर पात्रों को दरकिनार कर चुनिंदा समर्थकों को राहत सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं, जो बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष अंकित मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि बाढ़ से लोगों का बहुत नुकसान हुआ है। जिसके लिए सरकार को हरसंभव मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला महासचिव राहिल अंसारी, प्रमुख रूप से अंकुर दीक्षित,विधानसभा अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, प्रशांत सक्सेना, ब्रजेश, दीपांश वर्मा, आशुतोष कुमार, रवि सक्सेना एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

### हत्या की साजिश रचने का आरोप

**निगोही, अमृत विचार:** तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा के प्रतिनिधि आशू सिंह ने थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह को मौखिक तौर पर बताया कि उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है, जिसमें एक व्यक्ति ने हत्या के बदले में 50 लाख रुपये देने की बात कही है, संयोगवश उस व्यक्ति ने इस बात की जानकारी दे दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी इस मामले में तहरीर नहीं मिली है, मौखिक शिकायत के आधार पर कुछ लोगों को थाने में लाया गया है, जिसने घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा भगवानपुर निवासी गिरिराज ने बताया कि उसका भाई बलराम रविवार की सुबह सात बजे खेत से घर आ रहा था। रास्ते में गांव के शिव कुमार आदि ने उसके भाई को घर लिया। आरोपियों ने उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी शिव कुमार, मलिखान, मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जेसीबी चालक की हालत बिगड़ी, मौत

**विजय नगला** : कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अल्लापुर चमारी निवासी बुद्धपाल (26) पुत्र नत्थू लाल मजदूरी पर जेसीबी चलाने का काम करता था। सोमवार को वह थाना बिनावर क्षेत्र के गांव विजय नगला स्थित पेट्रोल पंप के पास जेसीबी चला रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ गई। लोगों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज, नाचते-गाते निकले कांवड़िया

## बदायूं से लेकर कछला गंगा घाट तक भगवा हो गया बरेली-मथुरा राजमार्ग, सुबह से मंदिरों में लगी आस्था की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** सावन मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालयों में महादेव की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक कर सुख समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान शिवालय हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। सोमवार के चलते शिवालयों में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखकर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

दूसरे सोमवार को शहर के बिरूआबाड़ी मंदिर, हर प्रसाद मंदिर, गौरी शंकर मंदिर सहित अन्य छोटे बड़े सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। शिव भक्तों ने फल, फूल, बेलपत्र आदि से भगवान की पूजा अर्चना की। इसके बाद जल, दूध, दही, घी, शहर आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया और सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की गई। मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भगवान शिव की जय-जयकार के स्वर गूंजते रहे। गौरी शंकर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ा। सबसे ज्यादा भीड़ पथिक चौक स्थित बिरुआ बाड़ी मंदिर पर रही। इसके बाद मंडी समिति तिराहा स्थित गौरी शंकर मंदिर और हर प्रसाद मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था। जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रहीं।

- सावन के दूसरे सोमवार को दोपहर बाद तक हुआ जलाभिषेक



शहर के बिरूआबाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शिव धामों की ओर ट्रैक्टर ट्राली से लौटते कांवड़िया। ● अमृत विचार

### शिवभक्तों ने रात में ही जमा लिया मंदिरों में डेरा

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के बाद पुजारियों ने सुबह तीन बजे ही बिरूआबाड़ी मंदिर के कपाट खोल दिए थे। मंदिर के कपाट खुलते ही रात में डेरा जमाए कांवड़ियों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। कांवड़ लेकर शिव भक्तों के जत्थे पैदल और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बिरुआ बाड़ी और गौरी शंकर मंदिर में पहुंचे तो माहौल शिवमय हो गया। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कछला गंगा घाट से जल भर कावड़ियों की टोलियां रविवार को सुबह से ही डीजे पर भजन कीर्तन की मस्ती में वापस आने लगे थे। इसमें अधिकतर जत्थे ग्रामीण क्षेत्र के थे। दोपहर बाद शहरी क्षेत्र के जत्थों की वापसी शुरू हुई। रात होते-होते तमाम जत्थे मंदिरों पर पहुंचने लगे थे। मंदिरों में पहुंचकर कांवड़ियों द्वारा सोमवार की सुबह भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मन्नत मांगी।

### प्राचीन शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नूरपुर पिनौनी,अमृत विचार :** नूरपुर पिनौनी में प्राचीन शिव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिर पर सुबह 4 बजे कपाट खोल दिए गए। मंदिर में भक्तों ने सुबह से जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। मंदिर में इस मौके पर भारी भीड़ जुटी रही। आज दूसरे सोमवार को मंदिर पर श्रद्धालुओं का सुबह 4 बजे से आना शुरू हो गया। प्राचीन शिव मंदिर पर भंडारा भी कराया गया। राजघाट नरोरा, कछला से डाक कावड़ लाकर भगवान शिव पर जल चढ़ाकर शुद्ध दही शहद भांग धतूरा गांजा चढ़ा कर भोले बाबा से प्रार्थना की, मंदिर पर भारी भीड़ को देखते हुए चौकी प्रभारी ओमपाल सिंह व सिपाही अक्षय बालियान मौजूद रहे।

### सांड़ से टकराकर कांवड़िया घायल



वाहनों से शिव मंदिरों की ओर बढ़ते कांवड़िया। ● अमृत विचार

**मुजरिया, अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को शिव भक्तों में मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का गंगा जल से अभिषेक किया। कांवड़ियों की आवाजाही से रोड रात भर गुलजार रहा। कछला गंगा घाट से बुलेट से गंगाजल लेकर जा रहे कांवड़िया संजीव पुत्र रामसिंह उम्र 25 वर्ष की बाइक से गौवंश टकरा गया। जिसकी वजह से उनकी बाइक गिर गई। जिसमें बाइक सवार संजीव और पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

# बिनावर में पुलिसकर्मियों पर किया पथराव, इंस्पेक्टर समेत दो घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शनिवार रात कार लूट मामले में संदिग्ध को पकड़ने गांव कुतुबपुर थरा गई थी टीम
- एक युवक और 10 से 12 महिलाओं ने पुलिस पर किया पथराव, चला लाठी-डंडे

**अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र में लूट के मामले में संदिग्धों को पकड़ने गई पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे और पथराव कर हमला बोल दिया। पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर क्राइम ने दो नामजद समेत 14 अज्ञात महिलाओं पर सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं देर शाम पुलिस की जांच में कार लूट का मामला फर्जी निकला है। बताया जा रहा है कि तनवीर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ा है और बिना रुपए दिए कार से जा रहा था। जिसके चलते दूसरे पक्ष ने कार रोक कर माल उतार लिया। फिर तनवीर ने कार लूट का आरोप लगाया था। शनिवार रात हरियाणा के जिला कैथल के थाना भुल्ला क्षेत्र के गांव अजीमगढ़ निवासी तनवीर ने पुलिस को सूचना दी थी कि शनिवार देर शाम बदमाशों ने मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास उनकी कार को ओवरटेक करके रोक लिया। उन्हें कार से नीचे उतारा और कार लूटकर ले गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची थी। थाना बिनावर पुलिस और एसओजी भी आ गई। तनवीर को साथ ले जाकर बदमाशों की तलाश की। पुलिस को जानकारी मिली कि गांव कुतुबपुर थरा में आकिल नाम का संदिग्ध व्यक्ति है। बिनावर थाने के अपराध निरीक्षक गुड्डू सिंह, उपनिरीक्षक सुमेर सिंह सिपाही मनोज, मोहित के साथ आकिल को पकड़ने के लिए गांव कुतुबपुरा थरा गए। आकिल के बारे में जानकारी करके उसे पूछताछ के लिए बुलाया। इसी दौरान गांव निवासी मुख्तियार और 10-12 महिलाओं ने लाठी-डडे और पत्थर से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। गाली-गलौज करने लगे। उस दौरान पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा। अपराध निरीक्षक ने थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाई। फोर्स गांव पहुंची। पुलिसबल देखकर हमलावर भागने लगे। इसी बीच पुलिस ने आकिल को पकड़ लिया। हमले में अपराध निरीक्षक गुड्डू सिंह व दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## जिला सिविल बार के सचिव और उपाध्यक्ष ने सौंपा इस्तीफा

**बदायूं,अमृत विचार :** जिला सिविल बार के सचिव अरविंद पाराशरी व उपाध्यक्ष कोशलेंद्र मोहन शर्मा ने पद से इस्तीफा देने के साथ- साथ जिला सिविल बार की सदस्त्या से भी त्याग पत्र एल्डर्स कमेटी को दिया है। त्यागपत्र देने की वजह उन्होंने लिखी है कि वह सिविल जज सीनियर डिविजन के व्यवहार से बहुत आहत हैं। इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अनवर आलम से जानकारी करने पर कहा कि इस संबंध में मंगलवार को जिला सिविल बार में बैठक होगी उसमें निर्णय लिया जाएगा। साथ ही सुभाष चंद्र गुप्ता, रामेदर रेंडर, नितिन गुप्ता, राघव पाठक, विवेक रेंडर, असद अहमद खाँ, संदीप सिंह, मधुकर शर्मा, अमित माथुर, जफर हुसैन आदि अधिवक्ताओं ने एल्डर्स कमेटी से मांग की है की इनका इस्तीफा स्वीकार न किया जाये।

# सांसद आदित्य ने लोस में उठाईं बदायूं की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** सांसद आदित्य यादव ने संसद में अपना पहला भाषण दिया। जिसमें उन्होंने बदायूं लोकसभा संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी।



आदित्य यादव, सांसद।

कहा कि जिस समय वित्तमंत्री अपना बजट पेश कर रही थीं उस समय किसानों और महिलाओं को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कही गईं लेकिन सच्चाई यह है कि देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा लोग किसानी करते हैं। भाजपा सरकार ने साल 2014 में किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। इन दस सालों में किसानों ने आंदोलन के जरिए एमएसपी की मांग की थी। स्वामी नाथन कमेटी की बात करते हैं तो सामने से पक्ष के लोग हल्ला करते हैं। इस कमेटी की रिपोर्ट को लागू किया जाए। किसान परेशानी झेल रहा है और सरकार मुंह फेरकर किसानों का अपमान किया है। बदायूं लोकसभा क्षेत्र में सिंचाई की समस्या है। यहां दो नदियां हैं। इसके बाद भी नदियों से सिंचाई करने के लिए कोई कनेक्टिविटी नहीं है। उन्होंने सरकार से खेतों की सिंचाई के लिए किए गए प्रावधान के बारे में पूछा। कहा किसान ट्यूबवैल पर निर्भर है। बिजली की समस्या के चलते ट्यूबवैल नहीं चल पाते। उन्होंने बिजली कटौती, छुट्टा पशु, नौजवानों को रोजगार, बेरोजगारी आदि के बारे में सदन को बताया।

# जिले में 40 करोड़ से बनेंगे चार नए बिजली घर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो को जमीन मिली, दो को जल्द मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** जनपद में बिजली कटौती और ओवरलोडिंग की समस्या खत्म करने को चार नए बिजली घरों का निर्माण होगा। इनमें दो बिजली घरों को जमीन विभाग को मिल चुकी है जबकि दो बिजली घरों को जमीन कुछ समय में ही मिलने वाली है। इस साल के अंत तक चारों बिजली घर बन कर तैयार हो जाएंगे।

अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि जिले में कई दशकों से मात्र 56 बिजली घर हैं। विभाग की माने तो जब यह 56 बिजली घर बने थे तो जिले की आबादी कम थी। साल दर साल आबादी बढ़ती जा रही है। बिजली कनेक्शन धारक कई गुना बढ़े हैं जबकि बिजली घर उतने ही हैं। इसलिए जनपद को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए लिए नया प्रस्ताव शासन को भेजा था। नए प्रस्ताव में 32 बिजली घर और बनाने की मांग की गई। तीन साल पूर्व 32 बिजली घरों का आरडीएस भी शासन को भेजा गया। विभाग ने डीपीआर भी बना कर भेज दी।

लेकिन फंड की कमी के कारण मात्र चार बिजली घरों की डीपीआर फाइल हो सकी। उसके बाद 12 में से भी मात्र चार बिजली घरों को ही स्वीकृति मिल सकी। यह चार बिजली घर बिजनेस प्लान के तहत लिए गए हैं। अब जनपद को मात्र चार बिजली घर ही मिले हैं जिनके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

# कछला में खतरे के निशान से 38 सेमी ऊपर पहुंची गंगा नदी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर झमाझम बारिश का असर अब फिर से मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। नरौरा बैराज से गंगा नदी में सोमवार को एक लाख 54 हजार 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जबकि कछला गंगा में जलस्तर से खतरे के निशान से 38 सेमी ऊपर पहुंच गया है। तटवर्ती इलाकों में गंगा ने फिर से अपना आंचल फैलाना शुरू कर दिया है। गंगा के आसपास के क्षेत्र एक बार फिर जलमग्न हो गए हैं। जिससे लोगों को परेशानी होने लगी है।

नरौरा बैराज से सोमवार को एक लाख 54 हजार 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि एक दिन पहले भी एक लाख 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रविवार को छोड़ा गया पानी कछला गंगा में पहुंच गया है जिससे गंगा का जलस्तर फिर खतरे के निशान से 38 सेमी ऊपर पहुंच गया है। आज छोड़ा गया पानी भी मंगलवार को यहां पहुंच जाएगा उसके बाद स्थिति और भयाभय हो जाएगी। उसहैत इलाके में आज गंगा की धार का पानी आस पास के खेतों में पहुंच गए। धान की फसलें जलमग्न हो गई हैं। खेत खलिहान पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। प्रशासन ने बाढ़ खंड को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उधर दातागंज क्षेत्र में रामगंगा का बढ़ा हुआ पानी पहुंच चुका है। जो क्षेत्र में भारी तबाही मचा रहा है। हजरतपुर इलाके में सड़कों के ऊपर पानी बह रहा है। जिससे आवागमन बंद हो गया है। उसावां के कई गांव बाढ़ की चपेट में आने वाले हैं। नगरिया खनु और आनंदपुर इलाके में पानी पहुंचने से ग्रामीणों की मुश्किलकें बढ़ गई हैं।



उसहैत क्षेत्र में गंगा में बढ़ रहा पानी।

> दो दिन से गंगा में पानी एक लाख क्यूसेक से अधिक पहुंच रहा है जो बाढ़ का संकेत दे रहा है। बाढ़ खंड अधिकारियों ने सोमवार को उसहैत इलाके के कई गांवों का दौरा किया है। लोगों को सावधान किया गया है।
> – **नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)





प्रवेश प्रारंभ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987



KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL



पत्रांक : मु.चि.अ./विज्ञापन/प्रचार/2024-25 /5713 दिनांक : 29.07.24
राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम (एन.पी.पी.सी.डी.)
सावधान! ईयरफोन/हेडफोन आपको कर सकता है बहरा





ईयरफोन/हेडफोन का लम्बे समय तक उपयोग के कारण सुनने की क्षमता कम अथवा स्थायी रूप से खराब हो सकती है। सामान्य श्रवण क्षमता कभी भी श्रवण यंत्र या कॉकेलर इम्प्लान्ट से बहाल नहीं की जा सकती है। अतः श्रवण ह्रास और टिनिटस को रोकने में सहायता किये जाने के निम्नलिखित सुझाव दिये गये है।
● अनावश्यक रूप से ईयरफोन/हेडफोन का उपयोग न करें, आवश्यक होने पर ही प्रतिदिन 2 घण्टे से अधिक प्रयोग न करें। ● आवश्यकता पड़ने पर 50 डेसीबल वॉल्यूम पर ही ईयरफोन/हेडफोन का प्रयोग करें। ● ईयरफोन/हेडफोन का प्रयोग करते समय समय कुछ-कुछ देर बाद 10 मिनट का ब्रेक अवश्य लें। ● सोते समय ईयरफोन/हेडफोन का प्रयोग बिलकुल न करें। ● ब्लूटूथ वाले ईयरफोन/हेडफोन का प्रयोग चार्जिंग के दौरान न करें। ● ईयरफोन/हेडफोन को साफ रखें तथा दूसरों के साथ शेयर करने से बचें। ● बच्चों को ईयरफोन/हेडफोन का प्रयोग बिलकुल न करने दें। ● बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग के सम्पर्क में आने से रोकें। ● रिसर्च में पता चला है कि ईयरफोन/हेडफोन का अधिक प्रयोग करने से सुनने की क्षमता खराब या अस्थायी/स्थायी रूप से खत्म हो सकती है।
अधिक जानकारी के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा चिकित्सक से सम्पर्क करें।
नोडल अधिकारी शाहजहाँपुर मुख्य चिकित्साधिकारी शाहजहाँपुर जिलाधिकारी शाहजहाँपुर
जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद-शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 20 दिनों से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर, सूख रही हैं फसलें

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले 20 दिन पहले ओवरलोड से फुंक गया था। विभाग ने अभी तक बदलकर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है। इससे किसानों की खेतों में खड़ी फसलें सिंचाई के अभाव में सूख रही हैं। सोमवार को तहसील पहुंच कर किसानों ने एसडीएम को शिकायत सौंपी है। गांव निवासी रामचंद्र, चूरामन, कुंवरपाल ने कहा कि उनके निजी नलकूपों को चलाने के लिए संयुक्त रूप से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। जो आए दिन ओवरलोड के कारण फूंक जाता है। पिछले आठ जुलाई से यहां तीन ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। बावजूद इसके विभाग ने यहां अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है। उन्होंने यहां पर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने एसडीएम से शीघ्र अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

# बालक की मौत हादसा नहीं जांच में निकली हत्या

## थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव खिरकिन नगला निवासी कुलदीप का 31 मई को मिला था शव, चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पुलिस की गिरफ्त में बालक की हत्या करने के चारों आरोपी। ● अमृत विचार

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आंतें और लीवर फटने से मौत की पुष्टि
- पुलिस मान रही थी साइकिल के हैंडिल पर गिरकर हुई मौत

**अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव खिरकन नगला निवासी एक बालक की 31 मई को मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें बालक की आंतें फटी मिली थीं। पुलिस हादसा मान रही थी कि साइकिल पर गिरने की वजह से बालक की मौत हुई होगी। पुलिस ने जांच की मामला हत्या का निकला। पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर ने बालक के पिता से बदला लेने के लिए हत्या की थी। हादसा जताने के लिए उन्होंने गोली नहीं चलाई बल्कि बालक के पेट में तमंचा घुसाया था। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को हत्याकांड का खुलासा करके चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

गांव निवासी रामगुलाम पुत्र महेंद्र खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। 31 मई को वह किसी काम से बदायूं शहर आए थे। कक्षा पांच में पढ़ने वाला उनका इकलौता 12 साल का बेटा कुलदीप बकरियां चराने खेत पर गया था। शाम लगभग छह बजे परिजनों को सूचना मिली कि कुलदीप का शव गांव के पास सड़क किनारे पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे। कुलदीप के पेट पर गोल निशान मिला। उसकी उंगलियां छिली हुई थीं। रामगुलाम ने गांव में रहने वाले कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें कुलदीप की मौत आंतें और लीवर फटने की बात सामने आई थी। शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं थे। जिसके चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने माना कि कुलदीप की मौत साइकिल के हैंडिल पर गिरने से हुई होगी। रामगुलाम की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर ओमेंद्र, उमेश, पप्पू और धनवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी लेकिन पुलिस रंजिश के चलते रिपोर्ट दर्ज कराने की बात मानकर एफआर लगाने की तैयारी में थी।

वर्तमान एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के सामने मामला आया तो उन्होंने बालक के परिजनों से बात करके टीम से जांच कराई। टीम ने रिपोर्ट सौंपी तो एसएसपी ने सीओ दातागंज केके तिवारी, वर्तमान थानाध्यक्ष विक्रम सिंह को जांच करने को कहा। जांच में हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी ओमेंद्र पुत्र शिवराज, उमेश पुत्र राधेश्याम, पप्पू पुत्र राजाराम, धनवीर पुत्र शेखपाल को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी ओमेंद्र हिस्ट्रीशीटर है। उसपर कई मुकदमे चल रहे हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने अपना जुर्म भी कबूल किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वालों में थानाध्यक्ष विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक अनोज कुमार, हेड कांस्टेबिल कपिल कुमार, कांस्टेबिल रोहित कुमार व उदयपाल रहे।

### पिता को सबक सिखाने को की बालक की हत्या

पुलिस की पूछताछ में ओमेंद्र उर्फ आरेंद्र ने बताया कि वह हिस्ट्रीशीटर भी है। वह मुकदमा की तारीख लेने के लिए कोर्ट नहीं जा पाता था तो कोर्ट से वांरट जारी होते थे। रामगुलाम मुखबिरी करके उसे पकड़वा देता था। उसने निर्णय लिया कि रामगुलाम को ऐसी चोट पहुंचाएं, जो वह जीवन भर न भूल पाए। उसने अपने तीनों साथियों के साथ मिलकर रामगुलाम के बेटे की हत्या करने की योजना बनाई। 31 मई दोपहर उन्हें गांव के बाहर तालाब के पास नीम के पेड़ के नीचे को कुलदीप बैठा मिला। गांव में आवाज जाने की वजह से उन्होंने कुलदीप को गोली नहीं मारी। जिसके चलते तमंचे की नाल से कुलदीप के सीने पर जोर से दबा दी। उसके दो साथियों ने कुलदीप के हाथ-पैर पकड़े थे जबकि तीसरे साथी ने कुलदीप का मुंह बंद किया था। हिस्ट्रीशीटर ने गांव गड़रिया नगला से गुजर रही नहर के पास से तमंचा बरामद कराया।

# जींस कारोबारी के घर चोरी में संदिग्ध लोगों से पूछताछ

संवाददाता, कुंवरगांव

- गांव हरिनगला के जंगल में पोटली में बंधा मिला इलेक्ट्रानिक सामान

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनेई निवासी जीन्स कारोबारी के बंद मकान से 35 लाख की चोरी का पुलिस तीसरे दिन भी खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस ने संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की है लेकिन कुछ पता नहीं चला है। वहीं एक जलजीवन मिशन के अंतर्गत लगाया गया सामान चोरी हो गया था। यह इलेक्ट्रानिक सामान हरिनगला के जंगल में पोटली में बंधा मिला।

गांव निवासी जहीर खान दिल्ली में रहकर जीन्स बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं। तीन दिन पहले चोरों ने उनके बंद मकान को निशाना बनाया था। नगदी, जेवर समेत लगभग 35 लाख रुपये का सामान चोरी किया था। व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि उसी रात जलजीवन मिशन के अंतर्गत लगाई गई टंकी से सामान चोरी हुआ था। चोर ग्लेंडर से ताले काटकर इलेक्ट्रानिक सामान चोरी करके ले गए थे। यह सामान गांव हरिनगला के पास जंगल में पोटली में बंधा मिला। प्रधान जमशेद तहरीर देने थाने गए लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया। कुंवरगांव क्षेत्र में लगातार चोरी हो रही हैं लेकिन पुलिस खुलासा करने में नाकाम है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बाबट, हरीनगला, बनेई, बल्लिया के दर्जनों किसानों के निजी नलकूपों में चोरियां हो चुकी है लेकिन पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश में लगातार टीमें काम कर रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

Bank of India
Relationship beyond banking

## सम्पत्तियों की ई–नीलामी बिक्री सूचना : 09.09.2024
## गाजियाबाद ज़ोन, बी–32, सैक्टर–62, नोएडा–201307
## फोनः 0120-2404135

चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

परिशिष्ट - IV-A     नियम 8(6) के प्रावधानों के तहत

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का रचनात्मक /भौतिक कब्जा, बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार), के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर दिनांक **09.09.2024** को (पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे) को बेचा जाएगा।
ईएमडी/दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि **07.09.2024** है। इच्छुक खरीदार अपने नाम पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर पंजीकृत करवाएंगे। और ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी ऑनलाइन जमा करें। **बेची जाने वाली संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है: वसूल की जाने वाली राशि (प्रतिभूत ऋण) और कब्जे का विवरण भी नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।**

| क्र. सं. | शाखा का नाम और खाता / कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का विवरण और मालिक | बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और मोबाइल नं./जिससे बोलीदाता शाखा प्रबंधक से संपर्क कर सकता है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंक ऑफ इंडिया –पूरनपुर शाखा खाता – मैसर्स नूरी कन्फेक्शनरी प्रोपराईटर श्री नियाजुद्दीन जमाली पुत्र अलाउद्दीन (उधारकर्ता) श्री रियासत अली पुत्र मौला बक्स (गारंटर) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी कम व्यवसायिक सम्पत्ति मकान नं. 139, वार्ड नं. ।।, स्टेशन रोड, मोहल्ला–गणेशगंज, पूरनपुर, जिला– पीलीभीत उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 36.317 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री नियाजुद्दीन जमाली पुत्र अलाउद्दीन के नाम पर है। दस्तावेज के अनुसार चौहद्दीः उत्तर में – राम कुमार का मकान, दक्षिण में – विक्रेता की गैलरी, पूरब में – स्टेशन रोड, पश्चिम में – विक्रेता का मकान 13(4) नोटिस के अनुसार चौहद्दीः उत्तर में – विक्रेता की गैलरी और प्लॉट, दक्षिण में – प्राथमिक विद्यालय, पूरब में – स्टेशन रोड, पश्चिम में – विक्रेता का मकान। | रु. 11,33,273.44 + ब्याज और ब्याज की समाप्ति की तिथि से (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा | रु. 25.88 लाख / रु. 2.59 लाख / रु. 0.26 लाख | 09.09.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह 9450379245 |

नियम और शर्तें
1) नीलामी बिक्री / बोली केवल ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** वेबसाइट के माध्यम से होगी।
2) नीलामी की तिथि और समय : **09.09.2024 (सुबह 11:00 बजे से अपर्ा 04:00 बजे तक** प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि **07.09.2024**
3) नीलामी आरक्षित मूल्य + पहले बोलीवृद्धि मूल्य जैसा कि बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित हैं, पर शुरू होगी। उपरोक्त सभी सम्पत्तियों के लिए बोलीदाता बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित गुणकों में अपनी बोली बढ़ाएँगे। संपत्तियों को आरक्षित मूल्य और प्रथम बोलीवृद्धि मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा।
4) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर अपना नाम पंजीकृत करवाना है, जिसके पश्चात उन्हें उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। खरीदार अपने केवाईसी दस्तावेज, फोन नंबर और ईमेल आईडी वेबसाइट पर जमा करें।
5) संपत्ति को सभी मौजूदा या भविष्य के भारों के साथ बेचा जाएगा (यदि कोई)। प्राधिकृत अधिकारी संपत्तियों पर किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों / दावों या बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। इच्छुक बोलीदाताओं को ऋणभार/संपत्तियों के शीर्षक, सांविधिक दायित्व/कर देयता/संपत्ति कर के बकाया आदि के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। वेबसाइट **https://ebkray.in** पर लॉग इन करके संपत्तियों को देखा जा सकता है। संपत्ति के भौतिक निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारी से कार्य समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।
7) सफल बोलीदाता/क्रेता संपत्ति की खरीद पर देय बिक्री मूल्य के 1% की दर से टीडीएस सहित सभी करों को वहन करेगा (यदि बिक्री मूल्य रु. 50 लाख/– और अधिक है) और ऑनलाइन बिक्री करने के लिए सेवा प्रदाता को देय कर। साथ ही बिक्री प्रमाण पत्र के निष्पादन के लिए देय शुल्क जैसे स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आदि सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
8) असफल बोलीदाता ईएमडी की वापसी के लिए स्वयं एमएसटीसी से संपर्क करेगा। ईएमडी की वापसी के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे।
9) संपत्ति के संबंध में उच्चतम/सफल बोलीदाता बोली/खरीद राशि की राशि का 10% (उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं) तुरंत जमा करना होगा और शेष 90% बोली/खरीद राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन (बैंकिंग घंटों के दौरान) या उससे पहले देय होगी। ऐसी विस्तारित अवधि जिस पर लिखित रूप में सहमति और पूरी तरह से प्राधिकृत अधिकारी के विवेकानुसार हो, निर्धारित समय के भीतर विचार का भुगतान करने में विफल रहने पर बिक्री रद्द कर दी जाएगी और जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता जो वेबसाइट के साथ पंजीकृत होना चाहते हैं और ईएमडी जमा करना चाहते हैं और लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता हेतु ग्राहक सेवा से 8291220220 या **support.ebkray@psballiance.com** पर संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए प्राधिकृत अधिकारियों से उनके संबंधित फोन नंबरों पर या गाजियाबाद अंचल कार्यालय में 0120-2404135 पर संपर्क कर सकते हैं। बिक्री अधिकृत अधिकारियों द्वारा वेबसाइट **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**नोटः सभी इच्छुक बोलीदाता 05.09.2024 से 07.09.2024 तक केवल कार्य घंटों के दौरान एओ /शाखा से संपर्क करने के बाद संपत्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते हैं / साइट पर जा सकते हैं और इसके बाद या उल्लिखित किसी भी पूर्व तिथि पर साइट विजिट के लिए कोई अनुरोध का स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया लिंक **https://www.bankofindia.co.in** देखें।

दिनांक 29.07.2024, स्थान : गाजियाबाद     प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

# करंट लगने से बेल्डर की जान गई

संवाददाता, सहसवान

- सोमवार सुबह दुकान पर बेल्डिंग करते समय हुआ हादसा



मृतक नियाज अहमद

**अमृत विचार :** बेल्डिंग करते समय एक युवक मशीन में आए करंट की चपेट में आ गया। युवक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे की सूचना पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव दफन कर दिया। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी नियाज अहमद (40) पुत्र निसार अहमद पुलिस चौकी से बदायूं रोड पर बेल्डिंग की दुकान चलाते हैं। जहां वह खुद बेल्डिंग करते हैं। वह सोमवार सुबह 10 बजे दुकान पर बेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान बेल्डिंग मशीन में करंट आ गया। नियाज अहमद को करंट लग गया। वह झुलस गए। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग पहुंच गए। बिजली की सप्लाई बंद की और युवक के परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को हादसे की सूचना नहीं दी। गमगीन परिजनों ने शव दफन कर दिया।

# आधार संशोधन न होने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा



सालारपुर बीआरसी पर हंगामा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

- घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं बन रहे बच्चे के आधार

**अमृत विचार:** सालारपुर बीआरसी पर नए आधार बनवाने और उनमें संशोधन कराने के लिए ग्रामीणों की बच्चों के साथ भीड़ लग रही है। परंतु उनके आधार नहीं बन पा रहे हैं। उन्हें लाइन में आधार न बन पाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। वहां पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को नेटवर्क की समस्या होने पर देरी का कारण बताते हुए समझा बुझा कर शांत किया।

ब्लाक सलारपुर स्थित बीआसी केंद्र पर बच्चों का आधार बनवाने और उनमें संशोधन कराने के लिए गांव हरिहरपुर, कैली, अर्सिस, काजीपुर, मोगर गौंटिया, बिनावर, करतौली, भिन्दुलिया, सिकरोडी, ढकिया, कुंवरगांव, हरीनगला, वरीसमस पुर, ललेई, चकोलर, दहेमी, भगवतीपुर सलारपुर, भजपुरा सहित आदि ग्रामों के लोग पहुंचे। घंटों लाइन में लगने के बाद भी बच्चों का न आधार बन सका और न ही उनमें संशोधन हो सका। जिस पर ग्रामीणों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। ग्रामीण देवी दास, हरिराम, विमला देवी, भूपाल, महसर वेगम, मुकेश, अजमेरी, श्री राम, जयदेव का कहना था कि वह प्रतिदिन सुबह ही घर का कामकाज छोड़कर बच्चों को लेकर आधार बनवाने और उनमें संशोधन कराने के लिए आ रहे हैं। बच्चों के साथ भूखे प्यासे घंटों लाइन में लगे रहते हैं। इसके बाद भी संशोधन नहीं हो रहा है।

ग्रामीणों के हंगामा काटने पर वहां के कर्मचारियों ने नेटवर्क की समस्या बताकर लोगों को शांत किया। आश्वासन दिया गया कि नेटवर्क की समस्या ठीक होने पर सभी के आधार बनाए जाएंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आधार केंद्र की इंटरनेट साइट काम नहीं कर रही है। इसलिए आधार संशोधित नहीं हो रहे।

## धान बेंचने को किसान ऑनलाइन कराएं पंजीकरण

**बदायूं :** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष के अन्तर्गत धान खरीद 1 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रही है। जिससे सम्बन्धित धान क्रय हेतु आनलाईन कृषक पंजीकरण के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित हैं। उन्होंने बताया कि धान बिक्री के पूर्व पंजीयन कराया जाना आवश्यक है। धान विक्रय हेतु ऑनलाइन होगा किसानों का पंजीयन। खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। किसी भी जन सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से करा सकते हैं पंजीयन। धान (कामन) हेतु रु. 2300 प्रति कुंतल तथा धान (ग्रेड ए) हेतु रूपये 2320 रु. प्रति कुंतल, समर्थन मूल्य मिलेगा। धान विक्रय के समय पंजीयन प्रपत्र के साथ कम्प्यूटराईज्ड खतौनी एवं आधार कार्ड अवश्य लायें।

Bank of India
Relationship beyond banking

## सम्पत्तियों की ई–नीलामी बिक्री सूचना : 27.08.2024
## गाजियाबाद ज़ोन, बी–32, सैक्टर–62, नोएडा–201307
## फोनः 0120-2404135

चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

परिशिष्ट - IV-A     नियम 8(6) के प्रावधानों के तहत

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का रचनात्मक /भौतिक कब्जा, बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार), के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर दिनांक **27.08.2024** को (पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे) को बेचा जाएगा।
ईएमडी/दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि **23.08.2024** है। इच्छुक खरीदार अपने नाम पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर पंजीकृत करवाएंगे। और ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी ऑनलाइन जमा करें। **बेची जाने वाली संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है: वसूल की जाने वाली राशि (प्रतिभूत ऋण) और कब्जे का विवरण भी नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।**

| क्र. सं. | शाखा का नाम और खाता / कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का विवरण और मालिक | बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और मोबाइल नं./जिससे बोलीदाता शाखा प्रबंधक से संपर्क कर सकता है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंक ऑफ इंडिया –पूरनपुर शाखा खाता– मैसर्स हसनैन ट्रेडर्स प्रोपराइटर श्री हसनैन अली पुत्र रहमत अली (उधारकर्ता) श्रीमती चंदा बेगम पत्नी रहमत अली (गारंटर) मोहम्मद अली पुत्र अहमत अली (गारंटर) श्री इकरान अली पुत्र रहमत अली (गारंटर) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि वाणिज्यिक दुकान, स्टेशन रोड से रामलीला ग्राउंड, सुनील चक्की के पास, मोहल्ला– चौक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पीछे, पूरनपुर, जिला– पीलीभीत, उत्तर प्रदेश–262122, क्षेत्रफल 8.75 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्रीमती चंदा बेगम पत्नी रहमत अली के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर में – सूरज खंडेलवाल का मकान, दक्षिण में – विक्रेता का प्लॉट, पूरब में – रास्ता, पश्चिम में – सूरज खंडेलवाल का मकान | रु. 18,25,148.84 + ब्याज और ब्याज की समाप्ति की तिथि से (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा | रु. 8.42 लाख / रु. 0.85 लाख / रु. 0.09 लाख | 27.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह मो. नं. 9450379245 |
| | | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि वाणिज्यिक दुकान, स्टेशन रोड से रामलीला ग्राउंड, सुनील चक्की के पास, मोहल्ला– चौक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पीछे, पूरनपुर, जिला– पीलीभीत, उत्तर प्रदेश–262122, क्षेत्रफल 17.00 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री हसनैन अली पुत्र रहमत अली, मोहम्मद अली पुत्र रहमत अली और श्री इकरान अली पुत्र रहमत अली के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर में – सुनील कुमार का मकान, दक्षिण में – राजेंद्र कुमार का मकान, पूरब में – रास्ता, पश्चिम में – सुनील कुमार का मकान | | रु. 15.89 लाख / रु. 1.59 लाख / रु. 0.20 लाख | 27.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह मो. नं. 9450379245 |
| 2 | बैंक ऑफ इंडिया –पूरनपुर शाखा खाता – i) मैसर्स सना स्टील वर्क्स प्रोपराईटर – श्रीमती सना खान पत्नी फिरोज खान (उधारकर्ता) ii) श्रीमती सना खान पत्नी फिरोज खान (उधारकर्ता) | व्यवसायिक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि गाटा सं. 834एम, ग्राम–पूरनपुर, देहात क्षेत्र, परगना एवं तहसील–पूरनपुर, जिला–पीलीभीत, उत्तर प्रदेश–262122 में स्थित, क्षेत्रफल 18.587 वर्ग मी., (बिक्री विलेख एसआरओ पूरनपुर, जिल्द संख्या 5768, पृष्ठ 295–314 एस.सं. 5497 दिनांक 19.08.2020 को पंजीकृत) यह सम्पत्ति श्रीमती सना खान पत्नी फिरोज खान के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर में – डॉ. वाई.पी.सिंह की संपत्ति, दक्षिण में – विक्रेता की संपत्ति, पूरब में – स्कूल की संपत्ति, पश्चिम में – 15' चौड़ी रोड़ | रु. 24,32,141.05 + ब्याज और ब्याज की समाप्ति की तिथि से (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा | रु. 4.46 लाख / रु. 0.45 लाख / रु. 0.05 लाख | 27.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह मो. नं. 9450379245 |
| | | व्यवसायिक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि गाटा सं. 834एम, ग्राम–पूरनपुर, देहात क्षेत्र, परगना एवं तहसील–पूरनपुर, जिला–पीलीभीत, उत्तर प्रदेश–262122 में स्थित, क्षेत्रफल 25.084 वर्ग मी., (बिक्री विलेख एसआरओ पूरनपुर, जिल्द संख्या 6043, पृष्ठ 135–152 क्र.सं. 3127 दिनांक 24.03.2021 को पंजीकृत) यह सम्पत्ति श्रीमती सना खान पत्नी फिरोज खान के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर में – पीलीभीत रोड, दक्षिण में – सना खान की दुकान, पूरब में – विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम में – 15 फीट चौड़ी रोड़ | | रु. 12.26 लाख / रु. 1.23 लाख / रु. 0.15 लाख | 27.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अपर्ा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह मो. नं. 9450379245 |

नियम और शर्तें
1) नीलामी बिक्री / बोली केवल ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** वेबसाइट के माध्यम से होगी।
2) नीलामी की तिथि और समय : **27.08.2024 (सुबह 11:00 बजे से अपर्ा 04:00 बजे तक** प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि **23.08.2024**
3) नीलामी आरक्षित मूल्य + पहले बोलीवृद्धि मूल्य जैसा कि बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित हैं, पर शुरू होगी। उपरोक्त सभी सम्पत्तियों के लिए बोलीदाता बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित गुणकों में अपनी बोली बढ़ाएँगे। संपत्तियों को आरक्षित मूल्य और प्रथम बोलीवृद्धि मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा।
4) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर अपना नाम पंजीकृत करवाना है, जिसके पश्चात उन्हें उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। खरीदार अपने केवाईसी दस्तावेज, फोन नंबर और ईमेल आईडी वेबसाइट पर जमा करें।
5) संपत्ति को सभी मौजूदा या भविष्य के भारों के साथ बेचा जाएगा (यदि कोई)। प्राधिकृत अधिकारी संपत्तियों पर किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों / दावों या बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। इच्छुक बोलीदाताओं को ऋणभार/संपत्तियों के शीर्षक, सांविधिक दायित्व/कर देयता/संपत्ति कर के बकाया आदि के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। वेबसाइट **https://ebkray.in** पर लॉग इन करके संपत्तियों को देखा जा सकता है। संपत्ति के भौतिक निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारी से कार्य समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।
7) सफल बोलीदाता/क्रेता संपत्ति की खरीद पर देय बिक्री मूल्य के 1% की दर से टीडीएस सहित सभी करों को वहन करेगा (यदि बिक्री मूल्य रु. 50 लाख/– और अधिक है) और ऑनलाइन बिक्री करने के लिए सेवा प्रदाता को देय कर। साथ ही बिक्री प्रमाण पत्र के निष्पादन के लिए देय शुल्क जैसे स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आदि सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
8) असफल बोलीदाता ईएमडी की वापसी के लिए स्वयं एमएसटीसी से संपर्क करेगा। ईएमडी की वापसी के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे।
9) संपत्ति के संबंध में उच्चतम/सफल बोलीदाता बोली/खरीद राशि की राशि का 10% (उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं) तुरंत जमा करना होगा और शेष 90% बोली/खरीद राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन (बैंकिंग घंटों के दौरान) या उससे पहले देय होगी। ऐसी विस्तारित अवधि जिस पर लिखित रूप में सहमति और पूरी तरह से प्राधिकृत अधिकारी के विवेकानुसार हो, निर्धारित समय के भीतर विचार का भुगतान करने में विफल रहने पर बिक्री रद्द कर दी जाएगी और जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।


इच्छुक बोलीदाता जो वेबसाइट के साथ पंजीकृत होना चाहते हैं और ईएमडी जमा करना चाहते हैं और लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता हेतु ग्राहक सेवा से 8291220220 या **support.ebkray@psballiance.com** पर संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए प्राधिकृत अधिकारियों से उनके संबंधित फोन नंबरों पर या गाजियाबाद अंचल कार्यालय में 0120-2404135 पर संपर्क कर सकते हैं। बिक्री अधिकृत अधिकारियों द्वारा वेबसाइट **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**नोटः सभी इच्छुक बोलीदाता 21.08.2024 से 23.08.2024 तक केवल कार्य घंटों के दौरान एओ /शाखा से संपर्क करने के बाद संपत्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते हैं / साइट पर जा सकते हैं और इसके बाद या उल्लिखित किसी भी पूर्व तिथि पर साइट विजिट के लिए कोई अनुरोध का स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया लिंक **https://www.bankofindia.co.in** देखें।

दिनांक 29.07.2024, स्थान : गाजियाबाद     प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

# दिव्यांश हेड बॉय नीलाक्षी बनी हेड गर्ल



छात्र संसद में नामित बच्चों के साथ स्कूल अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार:** दातागंज स्थित ब्लूमिंग डेल स्कूल छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कक्षा 12 के छात्र दिव्यांश शंखधार को हेड बॉय और छात्रा नीलाक्षी गुप्ता को हेड गर्ल मनोनीत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य और स्कूल की अध्यक्ष पम्मी मेंहदीरत्ता की मौजूदगी में हिन्दी विभाग के प्रमुख केडी पाठक ने छात्र संसद का गठन किया। जिसमें कक्षा 12 के छात्र दिव्यांश शंखधार को हेड बॉय और छात्रा नीलाक्षी गुप्ता को हेड गर्ल मनोनीत किया गया। इनके अलावा कक्षा ग्यारह के छात्र अर्नवदीप गुप्ता को डिप्टी हेड बॉय, तनु गुप्ता डिप्टी हेड गर्ल की जिम्मेदारी दी गई। सीप शर्मा, वैभव विक्रम सिंह को अनुशासन का प्रमुख बनाया गया। खेल कैप्टन में कक्षा 12 के छात्र कृष्ण वीर तथा छात्रा सोनम यादव को रखा गया। इसके अलावा येलो, ब्लू, रेड, ग्रीन हाउस के अलग-अलग प्रमुख और सह प्रमुख को मनोनीत किया गया। मनोनीत किये गए पदाधिकारियों को पटका पहनाकर और बैज लगाकर जिम्मेदारी सौंपी गयी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
मैं अपने भाई रविन्द्र सिंह पुत्र श्री मुरलीधर सिंह निवासी ग्राम ग्रासमण्डी मोहनपुर पो. पी.ए.सी. बरेली आधार कार्ड सं. 329148131027 मेरा कहना न मानने व अपनी मनमानी चलाने के कारण मैं स्वयं व मेरा परिवार रविन्द्र सिंह से सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। यह अपने कृत्यों व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। गजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. मुरलीधर निवासी सैनिक कॉलोनी ग्रासमण्डी, मोहनपुर बरेली

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक खाते में मेरा नाम कुसमंजलि शर्मा पुत्री श्री राम कुमार शर्मा दर्ज है एवं विवाह के बाद मेरा नाम अंजलि गौड़ हो गया है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **अंजलि गौड़ पत्नी विनय गौड़ निवासी 167, स्टेशन रोड, रेलवे गंज, हरदोई।**

### सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री MINHA CHISHTI का St. Aloysius College Pilibhit में प्रवेश के समय मेरा नाम त्रुटिवश SUMBUL CHISHTI अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम CHISTIYA SUMBUL है। **चिश्तिया सुम्बुल पत्नी श्री इजहार मियाँ निवासी 47 मो. बशीर खाँ निकट अनवर वुड हाउस, पीलीभीत।**

### सूचना
मैंने अपने पुत्र को विद्यालय में प्रवेश दिलाते समय उसका नाम त्रुटिवश रीयेषु (Reeyeeshu) दर्ज हो गया था। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम रिशू सिंह (Rishu Singh) है। मेरे पुत्र का सही नाम रिशू सिंह दर्ज करते हुये रिकार्ड में अंकित करने की कृपा करें। **अरविन्द कुमार पुत्र श्री लल्लू राम निवासी 28 अवध धाम कॉलोनी, मिनी बाईपास, बरेली (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



**डॉ.आर.एस. सिंह**
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

**स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ**

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

**नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें**

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

**गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।**

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

**मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक**

दिनांक:- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# सभानगर में ग्राम समाज की भूमि पर बनेगा शहीद पार्क

## कुपवाड़ा में देश की खातिर जान गंवाने वाले अमर बलिदानी मोहित राठौर को श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे लोग

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** अमर बलिदानी मोहित की याद में ग्राम समाज की भूमि पर शहीद पार्क बनेगा। यह बात प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रधिनिधियों ने मोहित के पिता से की है। विदित रहे कि शनिवार को जब बहादुर सैनिक मोहित के बलिदान की खबर आई तो परिवार समेत पूरे गांव में मातम छा गया। प्रशासनिक अधिकारियों का गांव में आना शुरू हो गया। अधिकारियों ने अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी। हालांकि मोहित के परिजन अंतिम संस्कार और पार्क अपनी निजी जमीन पर करना चाह रहे थे। जिस पर प्रशासन ने उनकी जमीन पर अंतिम संस्कार के लिए भी तैयार कर लिया। और पूरे खेत को जुटवाकर समतल करवा दिया था, रविवार सुबह भी वहीं कार्य चल रहा था। वहां पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने कहा की शहीद का अंतिम संस्कार सरकारी जमीन पर किया जाएगा। वहां शहीद पार्क बनाया जाएगा। वहां मौजूद अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दीं। हालांकि इस सरकारी जगह पर काफी पेड़ खड़े थे, अधिकारियों ने अंतिम संस्कार के लिए कुछ जगह की सफाई कराकर शहीद का अंतिम संस्कार कराया था। शहीद मोहित के चाचा सोनपाल का कहना है कि जहां शहीद मोहित के शव का अंतिम संस्कार किया गया है वहां पर साफ सफाई कराई जाए जिससे वहां साफ सुथरा दिखाई दे।


शहीद मोहित सिंह राठौर को श्रद्धांजलि देते स्कूल के विद्यार्थी। ● अमृत विचार


शहीद मोहित सिंह राठौर को श्रद्धांजलि देते सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव।


महिलाएं के बीच गमगीन बैठी शहीद मोहित की पत्नी रुचि।

### गांव में पसरा रहा सन्नाटा, विलखते रहे परिजन

सोमवार को परिवार और मोहल्ले की महिलाएं के बीच बलिदानी मोहित राठौर की पत्नी रुचि रोती रही। शहीद मोहित के घर जनप्रतिनिधि और लोगों का आना जाना रहा। गांव के लोगों के जेहन भी शहीद मोहित की यादें रहीं। गांव के लोग जगह जगह बैठे हुए थे। वो बस मोहित की बात करते दिखे। गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गांव के आधे से ज्यादा घरों में खाना नहीं बना। मोहित के पिता अपने बेटे की याद में कभी घर तो कभी घर के बाहर बैठ जाते, तो कभी बेटे की चिता पर पहुंच कर रोने लगते। इसी बीच सपा जिला अध्यक्ष आशीष यादव ने शहीद के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्हें ढांढ़स बंधाया। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तथा शहीद की चिता पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। वहीं एनसीसी के छात्र और हरी नारायण के छात्र तिरंगा यात्रा लेकर पहुंचे। जहां बच्चों ने शहीद मोहित के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस्लामनगर ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह यादव ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने शहीद के पिता नत्थू सिंह को ढांढस बंधाया और जूस पिलवाया।

### सैनिक प्रकोष्ठ सदस्यों ने दी श्रृद्धांजलि

सोमवार को समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ संगठन की टीम सभानगर गांव पहुंची। टीम के सदस्यों ने शहीद हुए मोहित सिंह राठौर के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके घर पहुंचकर पिता तथा अन्य परिजनों को ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ संगठन के जिलाध्यक्ष श्यामबाबू रिटार्ड फौजी, सुरेंद्र पाल सिंह, महेश पाल सिंह, क्रशनवीर वीर सिंह, महेश यादव, केपी सिंह, आरबीएल यादव, महेश कुमार लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने डीएम को भेजा ज्ञापन


जेई को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम खितौरा उपकेंद्र से बिजली नहीं मिलने से हजारों किसान परेशान हैं। बिजली संकट के विरोध में भाकियू चढ़ूनी गुट ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधिकारी के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन जेई को सौंप कर बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग।

काफी समय से खितौरा बिजली घर से बिजली की कटौती हो रही है। जिससे क्षेत्र के किसानों का सब्र टूट चुका है। बिजली समस्या के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि खितौरा बिजली घर के कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं।अनावश्यक विद्युत कटौती कर रहे हैं। कर्मचारियों का व्यवहार भी अच्छा नहीं है। किसानों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन जेई अशोक बाबू को सौंपा। जिसमें हाईटेंशन लाइन आबादी के ऊपर से हटाने, बिजली कटौती तत्काल बंद करने, नए बिजली के खंभे लगाने, की मांग की। इस मौके पर अरशद खान, बच्चन खान, इरशाद खां, कल्लू, दिलशाद, सूरजपाल, कासिम खान, इसरार, परविंदर कुमार, राकेश, अब्बास बाबू, राजवीर, शाकीर खान, विजय सिंह, ओमकार मोहम्मद असलम, भगवान दास कुमर पाल, भूरे, वीकेश, इस्लाम खां मौजूद रहे।

# टाइफाइड के साथ बढ़ रही मलेरिया रोगियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी का सितम झेल रहे लोग अब टाइफाइड और मलेरिया के शिकार होने लगे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते जिला अस्पताल में सुबह से दोपहर तक मरीजों की लंबी लाइन लग रही है जिससे ओपीडी और दवा काउंटर पर मरीजों के पसीने छूट रहे हैं। जिला अस्पताल में सोमवार को करीब साढ़े चार सौ से अधिक मरीजों ने बुखार और टाइफाइड की दवा ली।

जिला अस्पताल में सोमवार को गर्मी और उमस के बीच सैकड़ों मरीज ओपीडी के बाहर लाइन में लगे रहे। ओपीडी सात से लेकर दस तक सभी डॉक्टर मरीजों की भीड़ को देख कर हैरान थे। करीब साढ़े चार सौ से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंचे। इनमें अधिकांश महिलाएं थीं। मरीजों को पहले पर्चा बनवाने को घंटों लाइन में लगना पड़ा।

उसके बाद ओपीडी में लाइन में लगकर डॉक्टर को दिखाया और फिर दवा काउंटर पर सैकड़ों की भीड़ जुटी रही। सभी डाक्टर दवाएं लिखते हैं तो महिला मरीज बीस नंबर काउंटर से दवा लेती हैं जबकि पुरुष को 12 नंबर काउंटर से दवा मिलती है। इसमें महिला वाले काउंटर पर करीब दो सौ से अधिक महिलाएं लाइन में लगी रहीं।

जिला अस्पताल में अब टाइफाइड के मरीजों के साथ ही मलेरिया संक्रमित आ रहे हैं। डा. एसएम कमल ने बताया कि आज करीब तीन मरीज मलेरिया संक्रमित आए। इसके साथ ही करीब 98 मरीज टाइफाइड के सामने आए जबकि सौ से अधिक मरीज बुखार के आए। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी जब तक रहेगी तब तक मरीजों की संख्या बढ़ती रहेगी। गर्मी और उमस के चलते ही टाइफाइड बनता है। मरीजों की संख्या बढ़ने से वार्ड भी फुल हो रहे हैं। कहीं भी बेड खाली नहीं है। देहात क्षेत्र से आए मरीजों का कहना है कि अब बुखार में कमजोरी आ रही है।


दवा काउंटर पर लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

● **जिला अस्पताल में मरीजों की लग रही लाइन, साढ़े चार सौ से अधिक मरीजों ने ली दवा**


बेंच पर बेहोश पड़ीं महिलाएं।

### बुखार पीड़ित महिलाएं हुईं बेहोश, नहीं मिली दवा

कादरचौक क्षेत्र के ग्राम कादरगंज से बुखार की दवा लेने आईं सर्वेश गर्मी के कारण भीड़ में बेहोश हो गईं जिसे लोगों ने उठा कर बेंच पर लिटाया। सर्वेश ने बताया कि वह सुबह नौ बजे यहां आ गई थीं। भीड़ के कारण गर्मी अधिक होने से उसे चक्कर आ गया जिससे वह यहीं पर गिर गईं। अभी तक दवा नहीं मिली है। सहसवान की रामवेटी गर्मी और भीड़ के कारण बेहोश होकर गिर गईं। उसे भी लोगों ने बेंच पर लिटा दिया। दोनो काफी देर तक लेटी रहीं। दवाएं नहीं मिलीं जिसके बाद वह चली गईं।

### दो घंटे गुल रही बिजली

सोमवार को सुबह नौ से 11 बजे तक जिला अस्पताल में बिजली गुल रही। जिससे ओपीडी में चिकित्सक परेशान रहे। लाइन में लगे कई मरीज गर्मी के कारण बेहोश हो गए। भर्ती मरीज भी व्याकुल हो गए। एक्सरे मशीन भी दो घंटे तक बंद रही। पैथोलॉजी लैब में काम बंद रहा। ब्लड रिपोर्ट लेने को मरीज धूप में लाइन में लगे रहे। सप्लाई शुरू होने पर ही काम शुरू हो सका।


# रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY
Excellence towards profession

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी**
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एन.सी.आई.एस.एम., नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)

**सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली**




बच्चों के रोग प्रतिकार बढ़ाने की आयुर्वेदिक क्रिया

**सुवर्ण प्राशन संस्कार**

आयुर्वेद विधि में तैयार स्वर्ण प्राशन ड्रॉप बच्चों की विकृति दूर कर बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, बरेली द्वारा प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर नि:शुल्क सुवर्णप्राशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जन्म से 12 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णप्राशन इम्युनिटी ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिससे बच्चों की मौसमी बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार से बचाव एवं पाचन शक्ति में वृद्धि, बौद्धिक विकास, एलर्जी जैसे कई रोगों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। अत: अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कैम्प का लाभ उठाएँ।

- सुवर्णप्राशन संस्कार में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ सिद्ध किया हुआ गाय का घी, शहद और सुवर्ण होता है, जो अवलेह/ड्राप के स्वरूप में दिया जाता है।

सुवर्णप्राशन :-
- सुवर्णप्राशन संस्कार से भूख बढ़ती है, पाचन ठीक से होता है और बालक स्वस्थ रहता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से स्मृति बढ़ती है, बुद्धी कुशाग्र होती है और बालक दीर्घ आयु बनता है।
- शिशु को विविध प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस के इन्फेक्शन से बचाता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार यह एक शास्त्रीय आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है।
- भारत को हजारों साल पहले ही रोगप्रतिकारक्षमता और रोगप्रतिकार प्रक्रिया के बारे में ज्ञान था।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से शिशु के शरीर में सर्वांगीण रोगप्रतिकारक क्षमता बढ़ती है जो सभी प्रकार के रोगों से बचाने की क्षमता रखती है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार न सिर्फ रोगों से बचाने के लिए है लेकिन आयुर्वेद के शास्त्रों के अनुसार यह बल, बृद्धि और आयुष्य को भी बढ़ाता है।

पुष्य नक्षत्र में सुवर्णप्राशन
**नि:शुल्क कैम्प**
**सुवर्ण प्राशन-वर्ष 2024**
पुष्य नक्षत्र की तिथियाँ

| खुराक | पुष्य नक्षत्र तिथि | दिन |
|---|---|---|
| प्रथम | 3 अगस्त | शनिवार |
| द्वितीय | 31 अगस्त | शनिवार |
| तृतीय | 27 सितम्बर | शुक्रवार |
| चतुर्थ | 24 अक्टूबर | गुरूवार |
| पंचम | 21 नवंबर | गुरूवार |
| षष्ठ | 18 दिसम्बर | बुधवार |

**बच्चों के Autism (ऑटिज्म) की विशेष चिकित्सा सुविधा यहाँ उपलब्ध है।**

यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल में कमरा नं0 9 में सम्पर्क करें।



- Cerebral Palsy (मानसिक एवं शारीरिक पक्षाघात)
- DMD (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
- Autism (ऑटिज्म)
- ADHD (अतिसक्रियता विकार)

जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को यदि उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरन्त संपर्क करें जैसे बच्चे को दौरे पड़ना, शारीरिक एवं बौद्धिक विकलांगता, ध्यान की कमी, आंख न मिलाना एवं अकेले रहना, हाव-भाव की कमी, अतिसक्रिय होना, एकाग्रता की कमी आदि।

स्वर्णप्राशन की 2 बूंद पिलायें, अपने बच्चों को स्वस्थ सुखी समृद्ध बनायें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 8077808309,9520876144


### ठेकेदार ने काटे यूकेलिप्टस के पेड़

**मुजरिया,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बणवीरपुर में ठेकेदार सहखातेदार की शह पर ढाई सौ पेड़ यूकेलिप्टस के काट डाले। जिसकी जानकारी होने पर खेत पर पहुंचे किसान ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ों का कटान रुकवा दिया। वहीं किसान ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। किसान वारिस पुत्र शाहिद खान ने पुलिस को बताया कि उसके खेत में बाहिद खान सह खातेदार हैं। इनके पुत्रों ने उसके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ एक ठेकेदार के हाथों बेच दिया। रविवार की रात इन लोगों ने सभी पेड़ काट लिए। जानकारी होने पर जब वह खेत पर पहुंचे तो पेड़ काटे जा रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहां पहुंची ने उक्त पेड़ों को यथास्थिति बनाये रखने कह दिया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग कर पुलिस में शिकायत की है।

### विधि विभाग की इमारत को नींव रखी

**बदायूं,अमृत विचार :** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल पी.जी. डिग्री कॉलेज में एलएलबी कोर्स के लिए विधि विभाग की नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। जिसकी नींव एम.जे.पी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह तथा सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. डी. नकवी द्वारा रखी गई। वहीं बोटेनिकल गार्डन का फखरे अहमद शोबी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहिलखंड विवि के कुलपति ने कहा कि कॉलेज में शुरू हो रहीं एलएलबी की कक्षाओं से सभी वर्ग व समुदायों के गरीब बेसहारा बच्चों को लाभ मिलेगा। सभी युवाओं को विधि की शिक्षा पाकर वकालत करने का मौका मिलेगा। इनके अलावा अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अकरम सय्यद, याफूर हुसैन, जावेद तालिब, मो. तारिक तथा आसिम सिद्दीकी कॉलेज के संस्थापक याफुर हुसैन, अकरम सय्यद, मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद, आदि मौजूद रहे।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर गोष्ठी

**बिल्सी,अमृत विचार :** अरिहन्त वृक्षारोपण समिति ने रविवार शाम दिधौनी स्थित पदमांचल जैन मंदिर पर विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर एक पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया। बाद में मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। समिति संस्थापक प्रशान्त जैन ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु असावा, जिला प्रमुख अनुज शर्मा, मनोज कुमार, अमनदीप उपाध्यक्ष, गिरीश शर्मा, मोहित शर्मा, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

### हेपेटाइटिस दिवस: डॉक्टरों ने रखे विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में सोमवार को वैश्विक हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति ने कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर बीमारी है। जिसका बचाव एवं उपचार संभव है। सही समय पर उपचार न मिलने पर यह बीमारी घातक साबित हो सकती है। एमबीबीएस नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्रों ने प्रभात फेरी कर हेपेटाइटिस फैलने के कारण, इसके लक्षण, एवं इसके बचाव के बारे में जानकारी दी। डॉ. वशिष्ठ मिश्रा, डा. अर्शिया मसूद सिद्दीकी ने महामारी के प्रसार एवं बचाव, डॉ. विमलेश कुमार ने रोग के संकेत एवं लक्षण के बारे में बताया। डा. वशिष्ठ मिश्रा ने बताया कि बहुत जल्द राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीएसएल-02 लैब माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हेपेटाइटिस के वायर लोड पीसीआर द्वारा शुरू कर दिया जाएगा। संचालन डा. शिवम कामठान ने किया। डा. मिदहत अली खान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। डा. मुक्त्याज हुसैन, डा. वेंकट नारायण, डा. अमित कुमार, डा. विपिन कुमार, डा. शलभ वैश्य, डा. अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 36° | 30° |
| सूर्योदय 05.37 | सूर्यास्त 07.06 |

**जिले में आज**

- ब्राह्मण समाज द्वारा पौधरोपण शहर की आवास विकास कॉलोनी में सुबह आठ बजे से।
- आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन पूर्वाह्न 11 बजे से।
- सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के पदाधिकारियों का कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन पूर्वाह्न 11 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन स्वराज का मांगों को लेकर तहसील पटियाली में धरना प्रदर्शन पूर्वाह्न 11 बजे से।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# पहाड़ों से छूटा पानी का सैलाब आबादी तक पहुंचा, फसलें जलमग्न

## गंगा में हर घंटे बढ़ रहा पानी, तराई क्षेत्र में बढ़ती जा रहीं ग्रामीणों की मुश्किलें, तटवर्ती इलाकों के किसानों की टेंशन बढ़ी


गांव ब्रह्मपुरी बस्तौली में गांव तक पहुंचा गंगा का पानी। ● अमृत विचार


गांव बरौना में बाढ़ रोधी कार्य करने में जुटे मजदूर। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** पहाड़ों पर हो रही तेज बारिश मैदानी क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ा रही है। सोमवार को अचानक पानी बढ़ने से गंगा उफना गईं। इससे गंगा का पानी फसलों को जलमग्न करते हुए आबादी के समीप जा पहुंचा।

इससे ग्रामीण परेशान हैं। अधिकारियों चिंता भी बढ़ गई है। गंगा में हर घंटे बढ़ रहे पानी का अपडेट सिंचाई विभाग के अधिकारी ले रहे हैं। सोमवार को गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं।

रविवार की अपेक्षा सोमवार को कछला में गंगा का जलस्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया। जलस्तर में तेजी के साथ हुई बढ़ोतरी तबाही को आतुर है। पिछले दिनों जलस्तर में कमी आयी तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी।

अब फिर से गंगा की लहरें मचलने लगी हैं। पहाड़ों पर हो रही बारिश से हरिद्वार, बिजनौर, नरौरा बैराज पर पानी का दबाव बढ़ गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी तटवर्ती क्षेत्रों में निगरानी बनाए हुए हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी दिन-रात निगरानी करने में जुटे हैं।

> बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। निगरानी के लिए टीमें लगी हैं। बाढ़ और कटान से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।
> –शमशेर सिंह
> अधिशासी अभियंता सिंचाई

### आंकड़े एक नजर में

- 92833 क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया
- 47860 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया
- 154350 क्यूसेक पानी नरौरा बैराज से छोड़ा गया
- 163.60 मीटर सोमवार को हुआ जलस्तर
- 163.43 मीटर था रविवार को कछला गंगा नदी का जलस्तर

### बरौना में सतर्कता, कई जगह आबादी में घुसा पानी

गांव बरौना में सिंचाई विभाग की टीमें सतर्कता बरत रही हैं। हालांकि बरौना के आसपास 600 मीटर के दायरे तक पानी फैल गया है। वहीं सुन्नगढ़ी क्षेत्र के गांव ब्रह्म बस्तौली में बाढ़ का खतरा बढ़ जाने से 600 बीघा तक फसलें जलमग्न हो गई हैं। पानी गांव की आबादी तक पहुंच गया है। कई गांव में पानी बस्ती में घुस गया है।

### राजस्व विभाग अलर्ट, अपडेट ले रहे अफसर

गंगा में बाढ़ के हालात देखते हुए राजस्व टीमें सक्रिय हो गई हैं। जिले की तीनों तहसीलों का प्रशासन निगरानी बनाए हुए हैं। राजस्व विभाग की टीमें तराई क्षेत्र में भेजी गई हैं। एडीएम राकेश कुमार पटेल पल-पल का अपडेट ले रहे हैं।

# एसीएमओ ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिक किया सील

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव गनेशपुर में छापा मारकर अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील कर दिया।

एसीएमओ एसके सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य की टीम ने गणेशपुर में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद डॉक्टर से क्लीनिक संबंधित कागज मांगे तो वह कोई कागजात नहीं दिखा पाया।

इसके बाद जांच को पहुंची टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया और डीएम व सीएमओ को रिपोर्ट भेज दी गई। सीएमओ राजीव अग्रवाल ने बताया कि एटा रोड के गनेशपुर मे संचालित अवैध क्लीनिक को सील किया गया है। सभी मानक विहीन और अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, नर्सिंग होम, हॉस्पिटल संचालक तत्काल अपने कागज दुरुस्त करा लें अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


लहरा गंगा घाट से 211 फिट लंबी कांवड़ लेकर जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार

# देश-प्रदेश की खुशहाली को उठाई 211 फिट लंबी कांवड़

**कासगंज, अमृत विचार:** देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए 211 फिट लंबी कांवड उठाई गई। लहरा गंगा घाट से जल लेकर मारहरा के प्राचीन महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया गया। 211 फिट लंबी कांवड़ लेकर चल रहे कांवड़ियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस कांवड तैयार करने में 18 दिन लगे।

सावन के चलते चारों ओर बम-बम भोले के जयकारों की गूंज है। मारहरा के 400 श्रद्धालुओं ने 211 फिट की कांवड यात्रा निकाली। इस कांवड में 12 ज्योतिर्लिंग, 11 मंदिर, 400 गंगाजली रखी गईं।

- कांवड यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

इतनी बडी कांवड को देखने के लिए लोगों का जगह-जगह हुजूम लग गया। कांवड यात्रा जहां-जहां से गुजरी वहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मारहरा डाक सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कांवड यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है। पहले 151 फिट की कांवड निकाली गई थी। इस बार 211 फिट की कांवड निकाली गई। यह कांवड मारहरा के प्राचीन महादेव मंदिर पर चढ़ाई जाती है। जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देश और प्रदेश में खुशहाली की मांग की गई।

# उद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं

**कासगंज, अमृत विचार।** उद्योग विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों के माध्यम से अनुदान युक्त रोजगार परक ऋण योजनाएं संचालित हैं। जिनमें जनपद को भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हो गया है। शिक्षित युवक- युवतियां स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग स्थापना के लिए 25 लाख रुपये तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है, जो उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम 6 लाख 25 हजार तथा सेवा क्षेत्र के लिए 2 लाख 50 हजार है।

# सावन का दूसरा सोमवार: मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** सावन का दूसरा सोमवार भोलेनाथ की आराधना में गुजरा। श्रद्धालुओं ने पहले घर में पूजा की इसके बाद मंदिर में जाकर जलाभिषेक किया। सुबह से लेकर देर शाम तक हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। कांवड़ में गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों ने भी शिवालयों में जाकर जलाभिषेक किया और जयकारे लगाए।

सावन के दूसरे सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी और जयकारे गूंजने लगे। दोपहर करीब 12 बजे तक लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव के स्वर मंदिर परिसर में गूंज रहे थे। घंटे की ध्वनि भी सुनाई दे रही थी। जिले भर के मंदिरों में बम-बम भोले, हर-हर महादेव की जय जयकार होती रही। सोरों के लहरा में लहरेश्वर मंदिर के अलावा तीर्थनगरी के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रही। शहर के नदरई गेट स्थित शिवालय मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, मां शीतला मंदिर, चामुंडा मंदिर आदि मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कस्बा सिढ़पुरा के मोहल्ला गांधी नगर स्थित दुर्गा मंदिर में शिवजी की पूजा की गई। गंजडुंडवारा के मोहल्ला खेरू स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। पटियाली के शिवालयों में भी भक्तों का तांता लगा रहा। मिश्राना मोहल्ले के पाताली महादेव, बिजली घर के निकट गड्ढा वाले महादेव, मेहंदी वाले भोलेनाथ, स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही।


तीर्थ नगरी सोरों के योगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शहर के महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक, सुबह से देर शाम तक गूंजते रहे जयकारे

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने खासे सुरक्षा इंतजाम किए। लगभग सभी शिवालयों पर पुलिस तैनात रही। सीओ सिटी विजय कुमार राना व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे। उन्होंने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

### शाम को हुई भस्म आरती

सावन के दूसरे सोमवार को शहर के शीतला माता मंदिर में महाकाल बाबा की भस्म आरती की गई। बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाकाल बाबा की भस्म आरती के दर्शन किए। महाकाल बाबा से मनौती मांगी। मंदिर में भीड़ ज्यादा होने की वजह से एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। बाबा की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

## पाताली महादेव मंदिर में शिव विवाह का आयोजन


पटियाली में आयोजित शिव-विवाह कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**पटियाली।** कस्बा स्थित प्राचीन पाताली महादेव मंदिर परिसर में पाताली महादेव सेवा समिति द्वारा शिव विवाह कार्यक्रम पांडे म्यूजिकल ग्रुप तथा शुभम आर्ट ग्रुप ने धूमधाम से संपन्न कराया। विपिन अंजान ने बताया महाशिवरात्रि पर शिवजी और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि पर शिव विवाह की कथा सुनना और पढ़ना बड़ा पुण्यदायी माना जाता है। आयोजन के दौरान भक्तों ने शिव विवाह की कथा सुनी। इस दौरान आकर्षक झांकियां निकाली गईं। कथा के उपरांत सामूहिक आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विशाल चतुर्वेदी, शशी चतुर्वेदी, अंकित मिश्रा, लव मिश्रा, अम्बुज द्विवेदी, रोशन शर्मा, आशीष, सुनील शाक्य, अंकित पराशर, करून मिश्रा, अनमोल शर्मा, राधिका पांडेय, रिया, साक्षी, ज्योति, इच्छा आदि मौजूद रहे

# सड़क हादसों में दर्जन भर कांवड़िया घायल, वाहनों की तेज गति बनी वजह

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन कहर बरपा रहे हैं। रविवार से सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दर्जन भर से अधिक कांवड़िया घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आधा दर्जन से अधिक को गंभीर हालत होने से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र के गांव नंदपालपुर निवासी 20 वर्षीय नितिक, जिला एटा के मारहरा थाना क्षेत्र के गांव कुंवातगरी निवासी तरुण, सोनू, इसी थाना क्षेत्र के हयातपुर निवासी नीरज कुमार, ढोलना थाना क्षेत्र के नगला ढक निवासी तिरमल सिंह किसी वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गए।

जिला एटा के नगला अन्नी निवासी सज्जन पाल, भूपेंद्र सिंह, आगरा के थाना क्षेत्र एत्मादपुर निवासी अरबिंद और श्रीकृष्ण, जिला फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव नगला दयाराम निवासी सुधीर, अजीत, सदर कोतवाली क्षेत्र के अबजलपुर निवासी सुल्तान सिंह एटा जिले के थाना निधोली क्षेत्र निवासी गौरव, धर्मेंद्र, जिला हाथरस के थाना सिकंद्रराऊ क्षेत्र के गांव नोजलपुर निवासी प्रदीप, लख्मीचंद्र घायल हो गए। इनमें दस कांवड़ियों को गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। सभी कांवड़िया लहरा गंगा घाट जल लेने जा रहे थे।

### साथी की मौत के बाद कांवड़ियों ने नहीं उठाई कांवड



**कासगंज।** रविवार रात 13 किलोमीटर के दायरे में हुए सड़क हादसों में दो कांवड़ियों की मौत होने से माहौल गमगीन हो गया। साथियों की मौत के बाद अन्य लोग भी कांवड़ भरने लहरा घाट नहीं पहुंचे। सड़कों पर हर तरफ आस्था और उल्लास का माहौल है। चारों तरफ शिवभक्तों का सैलाब दिखाई दे रहा है। इसके सड़क हादसों में दो कांवड़ियों की मौत हो गई, जिससे माहौल गमगीन हो गया।

### सुरक्षा के साथ जागरुक कर रही पुलिस



पुलिस सुरक्षा में जुटी हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह जगह पुलिस बल तैनात है। सुरक्षा के साथ साथ पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी शिवभक्तों को जागरूक भी कर रहे हैं और उन्हें मंजिल तक पहुंचने की राह बता रहे हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक स्वयं व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं।

# एसडीएम ने गांव मुजफ्फरनगर में लगाई चौपाल, समस्याएं सुनीं


सहावर के गांव मुजफ्फरनगर में ग्रामीणों से बात करतीं एसडीएम कोमल पवार।

**कासगंज, अमृत विचार।** बाढ़ की संभावना के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

सहावर एसडीएम कोमल पवार ने बाढ़ क्षेत्र से जुड़े गांव मुजफ्फरनगर में चौपाल लगाकर लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्हें हर संभव मदद कर भरोसा दिया। ग्रामीणों को बताया कि प्रशासन गंगा किनारे गांवों में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं।

# दो माह में उखड़ी सिढ़पुरा-पटियाली सड़क

**सिढपुरा, संवाददाता**

- बारिश में जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीर परेशान

**अमृत विचार:** पटियाली-सिढ़पुरा सड़क दो महीने में ही उखड़ गई। सड़क टूटने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे गिरकर राहगीर जख्मी हो रहे हैं।

सिढ़पुरा-पटियाली सड़क पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हो पाई कि गुणवत्ता की परतें खुलने लगीं। अभी अच्छी तरह से बारिश भी शुरू नहीं हो पाई कि उससे पहले ही सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। कई जगह सड़क उखड़ चुकी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे, लेकिन कोई भी असर नहीं हुआ।


पटियाली-सिढ़पुरा मार्ग की टूटी सड़क। ● अमृत विचार

> सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। इसकी वजह से दो माह में सड़क की परतें उधड़ने लगीं। चार दिन की बारिश में ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए।
> –केपी सिंह

> सड़क बनने के शुरुआती दौर में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने गुणवत्ता पर सवाल खडे.किए थे, लेकिन किसी भी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से सड़क पर फिर से गड्ढे हो गए।
> – आरिफ हुसैन

> सड़क का निर्माण घटिया सामग्री से किया गया था। दो महीने में ही सड़क की परतें उधड़ने लगी हैं। पीडब्लूडी के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सड़क को दोबारा बनाना चाहिए।
> –अभिषेक

## पिछड़ा वर्ग की बेटी की शादी के लिए करें आवेदन

**कासगंज, अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेन्द्र स्वरूप ने बताया कि पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय एक लाख प्रति वर्ष से अधिक न हो उनके लिए योजना संचालित है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रथम पावत के सिद्धांत के अनुरूप पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को वरियता क्रम में रखते हुए शादी अनुदान की राशि 20 हजार रुपये प्रत्येक लाभार्थी को दी जाएगी। 31 मार्च 2025 तक होने वाली शादी के लिए पुत्री की शादी अनुदान के लिए विवाह की तिथि से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक आवेदन ऑनलाइन कर संबंधित एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## एक दिवसीय रोजगार मेला कल

**कासगंज।** बालाजी प्राइवेट आईटीआई बाछमई अमांपुर में 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी एसके मित्तल ने बताया कि मेले में सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा लगभग 100 पदों पर आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। रोजगार मेले में अभ्यर्थी को अपना रिज्यूम, पंजीयन कार्ड, सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति व मूल प्रति, आधार कार्ड एवं दो फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

## एक नजर

### चार कांवड़ियों को कार ने रौंदा, गंभीर घायल

एटा अमृत विचार : कांवड़ लेकर आ रहे चार कांवड़िया सड़क हादसे में घायल हो गए। सोमवार को सोरों जी से कांवड़ लेकर संतोष सहित चार लोग आ रहे थे। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के पीएसी के पास पहुंचने पर उन्हें एक कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में चारों लोग घायल हो गए। मदद से पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें संतोष की हालात गंभीर देख आगरा रेफर किया गया है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर हत्या की कोशिश

एटा, अमृत विचार : छेड़खानी का विरोध करने पर एक महिला का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात में एक महिला ने पिंटू पुत्र तोताराम निवासी सिकेहरा थाना कासगंज समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि तीन जुलाई को पिंटू ने नगला वल्देव में उसे घेर लिया और छेड़खानी की। इसका विरोध करने पर आरोपित ने गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। वहीं, मारहरा थाने में युवती ने अजय पुत्र कामती प्रसाद निवासी नगला भंडारी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि अजय ने पीड़िता के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपित ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

# युवक ने हथौड़ा से हमला कर चाची को मौत के घाट उतारा

## मां पर किया जानलेवा हमला, फिर खुद को किया लहूलुहान

संवाददाता, जलेसर

- आपसी विवाद के चलते दिया वारदात को अंजाम, पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार:** घरेलू विवाद में युवक ने हथौड़ा मारकर अपनी चाची की हत्या कर दी। इसके बाद अपनी मां पर जानलेवा हमला किया। आखिर में उसने खुद को लहूलुहान कर लिया। घायल युवक व उसकी मां को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जलेसर कस्बे के मोहल्ला सराय खानम निवासी महादेवी व उसके जेठ टीकाराम का परिवार एक ही मकान में रहते हैं। सोमवार दोपहर महादेवी और टिंकू (32) के बीच घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया। इस पर टिंकू ने हथौड़ा मारकर महादेवी (40) की हत्या कर दी। इसके बाद अपनी मां गीता देवी (60) पर हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। फिर खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया।

शोर शराबा सुनकर पड़ोस के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इससे थाना प्रभारी सुधीर कुमार कुछ ही देर में मौके पर जा पहुंचे। पुलिस ने घायल टिंकू और उसकी मां गीता देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलेसर में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि इसकी जानकारी पुलिस के आलाधिकारियों को दे दी गई है। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना की असल वजह का पता लगाया जा रहा है।



अस्पताल में घायल गीता देवी व टिंकू का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस एवं एकत्र ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

## डीएम ने किया कान्हा गोशाला का निरीक्षण



सोरों की कान्हा गोशाला का निरीक्षण करतीं डीएम मेधा रुपम।

**कासगंज,अमृत विचार:** डीएम मेधा रूपम ने सोमवार को सोरों की कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के लिए भूसा व हरे चारे की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सक को प्रतिदिन विजिट करने को कहा। डीएम मेधा रूपम सोमवार को अचानक सोरों कान्हा गोशाला जा पहुंचीं।

जहां निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गोशाला में मवेशियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। भूसा, चारा, पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहना चाहिए।कान्हा गोशाला में गोवंश की संख्या 369 पाई गई। डीएम ने चिकित्सा पंजिका का अवलोकन किया। डीएम ने गोवंश संरक्षण केन्द्र में उपस्थित सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जाय।

# कासगंज व अलीगढ़ के बीच रेल लाइन विस्तार के सर्वे को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रेलवे लाइन का विस्तार होने पर दिल्ली, कानपुर प्रयागराज से सीधा जुड़ जाएगा कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज से एटा के बीच रेल लाइन का प्रस्ताव पास होने के बाद भले ही अभी दस्तावेजों में उलझ गया हो, लेकिन इस बीच रेलवे ने कासगंज के लोगों को एक और सपना दिखाया है। कासगंज से अलीगढ़ के बीच रेल लाइन सर्वे को हरी झंडी दे दी गई है। इसकी पुष्टि फर्रुखाबाद के सांसद ने की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कासगंज-एटा के बीच 67 किलोमीटर के रेल दायरे में लाइन का विस्तार होगा।

कासगंज से अलीगढ़ तक लोग रोडवेज बसों या दूसरे वाहनों से सफर करते हैं। यदि कासगंज रेलवे स्टेशन को अलीगढ़ से जोड़ दिया जाए तो प्रयागराज, कानपुर, फर्रूखाबाद, अलीगढ़, दिल्ली तक सफर सुहाना हो जाएगा। इससे रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह मांग लंबे समय से उठ रही थी, लेकिन इस पर विचार नहीं हो पा रहा था। फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत ने कासगंज-अलीगढ़ के बीच रेल लाइन के सर्वे की पुष्टि कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि रेल बजट में इस लाइन विस्तार के लिए सर्वे को मंजूरी मिल गई है।

> आम बजट में रेल विस्तार को बढ़ावा मिला है। कासगंज से अलीगढ़ तक रेल लाइन का सर्वे होना प्रस्तावित है। इसके लिए मंजूरी मिल गई है। इस पर विचार भी हो रहा है।
> – मुकेश राजपूत, सांसद फर्रुखाबाद

### बढ़ेंगे रोजगार के साधन, उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा

कासगंज से अलीगढ़ के बीच रेल लाइन पर कार्य किया जाता है तो रोजगार के साधन बढ़ जाएंगे। उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

### विहिप कार्यकर्ताओं व पुलिस ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

जलेसर, अमृत विचार : नाला बाजार एवं आगरा रोड पुलिस चौकी के निकट विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं पुलिस कर्मियों ने कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की। कावड़ यात्रा के दौरान महाराणा प्रताप चौक, आगरा अड्डा पर कांग्रेस नेता संजू कुरैशी ने कावड़ यात्रियों पर फूलों की वर्षा की। पटना पक्षी विहार स्थित शिव मंदिर में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात खाद्य निरीक्षक गजेंद्र सिंह के द्वारा व्यवस्था बनाई गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी डॉ सुधीर राघव, सिटी इंचार्ज चंद्रशेखर रहे।

## तीन लोगों ने से निरस्त कराए शस्त्र लाइसेंस



शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वाले व्यक्ति को सम्मानित करते डीएम।

**एटा, अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की पहल जारी है। जिले के शस्त्र लाइसेंस धारक स्वेच्छा से अपना पंजीकरण निरस्त करा रहे हैं। सोमवार को तीन लोगों ने स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त करा लिए। शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वालों को डीएम ने सम्मानित किया।सोमवार को थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव बंथल कुतुबपुर निवासी रामकिशोर, थाना निधौलीकलां क्षेत्र के गांव मरगांया निवासी राजपाल सिंह और थाना अवागढ़ के कस्बा सदर दरवाजा निवासी डॉ. सुभाष चन्द्र ने अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराया है। डीएम ने कहा कि एक साथ तीन व्यक्तियों शस्त्र लाइसेंस स्वेच्छा से निरस्त कराना जनपद के लिए गौरव की बात है। डीएम कहा कि ऐसे लाइसेंस धारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाइसेंस बनवा लिया। ऐसे लोग स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त करा सकते हैं।

# कैलाश मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, हजारों ने किया जलाभिषेक



बाबा केदारनाथ मंदिर के स्वरूप की कांवड़ देखने को लगी लोगों की भीड़।



कैलाश मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- कावड़ यात्रा में व्यापक रहे इंतजाम, पुलिस ने संभाली सुरक्षा-व्यवस्था

**अमृत विचार:** सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में जबरदस्त भीड़ रही। चारों तरफ बम-बम भोले की गूंज सुनाई देती रही। मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।

शहर के कैलाश मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। यहां सुबह तीन बजे से ही भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंच गए। इसके बाद दिनभर भीड़ जुटी रही। जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों में कैलाश मंदिर, पटना पक्षी विहार का महादेव मंदिर और परसोन का भगवान भोलेनाथ का मंदिर प्रमुख हैं। इन मंदिरों में सोमवार को हजारों महिला, पुरुष और बच्चे पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। एटा जनपद में अधिकांश कावड़िया कासगंज के सोरों के लहरा गंगा घाट से गंगा जल लेकर आये।

सोमवार को विशाल कांवड़ बाबा केदारनाथ मंदिर के स्वरूप में कैलाश मंदिर पहुंची। इस कावड़ को मारहरा के गिरधर गोपाल गुप्ता द्वारा कासगंज के लहरा घाट से श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सजाया था। इस कांवड़ को देखने वालों की जगह-जगह भीड़ रही।इस भीड़ को नियंत्रित करने लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। कावड़ मार्गों पर जगह-जगह पुलिस सहायता बूथ और स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। कावड़ियों के सूक्ष्म जलपान के लिए जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं ने स्टॉल लगाए। मुख्य कावड़ मार्गों पर ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया।

# श्रवण गंगा सेवा समिति ने लगाया वॉटरप्रूफ टेंट

**अवागढ़, अमृत विचार:** समाजसेवी संस्था श्रवण गंगा सेवा समिति ने अवागढ़ के गांव लालपुर पर वॉटरप्रूफ टेंट लगाने के साथ कांवड़ियों के लिए अनेक व्यवस्थाएं की है।

समिति के सचिव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सूर्य प्रताप सिंह सूरज के अनुसार सावन के पहले दिन से कावड़ यात्रियों के ठहरने के साथ ही डॉक्टर, दवाएं, फल, व्रत का सामान और सब्जी पूड़ी का भंडारा प्रति दिन आयोजित कराया जा रहा है।

परेशान कावड़ यात्री के लिए गंतव्य तक अपने वाहन से पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसमें गपेंद्र सिंह जादौन, गप्पू, वीपी सिंह, सोनू चौहान , अतुल सिंह, अमन, मोनू शर्मा, राघव प्रताप सिंह आदि व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।



कांवडियों के लिए लगा वॉटरप्रूफ टेंट में मौजूद समिति सदस्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दरोगा समेत तीन लोग सड़क हादसे में घायल

जलेसर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक जलेसर सुधीर कुमार राघव ने बताया कि दरोगा रामरतन व कांस्टेबल आश मोहम्मद कावड़ यात्रा रूट से ड्यूटी करके थाना सकरौली लौट रहे थे। बाइक दरोगा रामरतन चला रहे थे। ग्राम अकराबाद बंबे के समीप पहुंचने पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक उनकी बाइक से टक्कर गई। इसमें दरोगा रामरतन व कांस्टेबल आश मोहम्मद घायल हो गए। आश मोहम्मद के ज्यादा चोटें आई हैं। वहीं, दूसरी बाइक सवार को भी चोटें लगी हैं, लेकिन वह मौके से भाग गया।

### त्रिमूर्ती मानव सेवा समिति का रक्तदान शिविर आज

एटा, अमृत विचार : त्रिमूर्ती मानव सेवा समिति द्वारा मंगलवार 30 जुलाई को शहर के नन्नूमल चौराहा पर तृतीय महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रजनी पटेल द्वारा किया जाएगा।

### चोरी का विरोध करने पर पीटा, घायल

एटा, अमृत विचार : चोरी के इरादे से घर में घुसे लोगों ने हमलाकर एक युवक घायल कर दिया। कोतवाली नगर के मोहल्ला श्याम बिहार कॉलोनी निवासी सूर्यकांत पुत्र महेंद्र पाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूर्यकांत के मुताबिक वह अपने घर में सो रहे थे। तभी रात में सौरभ पुत्र राजेश, राजेश पुत्र नेत्रपाल निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी उनके घर में घुस गए। आरोप है कि उसने चोरी का विरोध किया तो उसे सिर में बट मारकर घायल कर दिया। आरोपी 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए।

### दुकानदार को पीटकर किया घायल

अलीगंज, अमृत विचार : अलीगंज कस्बे के मोहल्ला टपकनटोला निवासी अखिलेश कुमार दुकान करता है। शनिवार की रात को वह अपनी दुकान को बंद कर रहा था। इसी समय उसके पड़ोसी संतोष, सूरजपाल आदि आए और गाली गलौज करने लगे। जब गाली गलौज का विरोध किया तो लाठी डंडे से हमला कर दिया। घटना देख मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बचाया। मारपीट करने के बाद आरोपी फरार हो गए। मामले की रिपोर्ट नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई है।

### विद्यालय की छत से सोलर पैनल चोरी

अलीगंज, अमृत विचार : अलीगंज क्षेत्र के गांव बझेरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज है। इस कॉलेज की छत पर सोनल पैनल लगा हुआ है। चोरों ने विद्यालय का गेट का ताला तोड़कर छत पर लगे सोनल पैनल को चोरी कर लिया। शिक्षकों को जानकारी हुई तो थाना अलीगंज में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### चोरी के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

एटा, अमृत विचार : एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलुआ पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित सुशांक पुत्र अवधेश निवासी ग्राम भदुआ को गिरफ्तार कर लिए। आरोपित से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई की है।

### पुरातत्व विभाग के कार्यालय से इन्वर्टर-बैट्री चोरी

मिरहची, अमृत विचार : थाना में अमित पुत्र देवकुमार निवासी अचलपुर मिरहची ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित का कहना है कि मिरहची के अतरंजी खेड़ा स्थित पुरातत्व विभाग का कार्यालय है। वहां से अज्ञात चोरों द्वारा इन्वर्टर और बैट्री चोरी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### हृदयघात से कांवड़िया की मौत

कासगंज, अमृत विचार : आगरा के बरहन निवासी 35 वर्षीय रिंकू धाकरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गंगाजल लेने लहरा गंगा घाट जा रहे थे। उन्हें सोरों से साज सजा की सामग्री लेकर कांवड़ सजानी थी। कांवड़ लेने से पहले उन्होंने रास्ते में भोजन किया। बताया गया कि भोजन के उपरांत सोरों रोड पर उन्हें काफी घबराहट हुई और सीने में तेज दर्द उठा। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत उन्हें घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया पाया है कि हृदय घात से कांवड़िया की मौत हुई है।

# कालाबाजारी को ले जाया गया कोटे का चावल पकड़ा

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- 10 क्विंटल चावल किया गया जब्त, एसडीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा क्षेत्र में कालाबाजारी के लिए ले जाए गए कोटे के 10 क्विंटल चावल डीएसओ ने एक धर्मकांटा पर पकड़ लिए। इससे संबंधित जरूरी दस्तावेज भी मिले हैं। इधर,चावल किसके हैं इसकी जानकारी करने में टीम जुटी है।

पकड़े गए चावल की बरामदगी ऋषि धर्म कांटा से हुई है। एसडीएम पटियाली कुलदीप कुमार को सूचना मिली कि कालाबाजारी के लिए राशन का चावल ऋषि धर्म कांटा पर ले जाया गया है। उन्होंने तत्काल आपूर्ति विभाग की टीम को मौके पर भेजा। डीएसओ अरुण कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जांच की तो ऋषि धर्म कांटे पर 10 क्विंटल चावल मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। संबंधित दस्तावेज भी मांगे गए हैं। प्रथम दृष्टया जांच में चावल कोटे के पाए गए हैं। डीएसओ ने बताया कि जांच के बाद जो भी सच्चाई सामने आएगी उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर चावल की जांच करते डीएसओ अरुण कुमार।

## महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष बने संजू वार्ष्णेय

**जलेसर,अमृत विचार:** गणेश चतुर्थी महोत्सव एवं जन्माष्टमी महोत्सव के दृष्टिगत महाकाल सेवा समिति की बैठक का आयोजन चिंता हरण मंदिर में किया गया। इसमें संजीव वार्ष्णेय उर्फ संजू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मनोनयन के उपरांत अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष आयोजनों की तैयारी अभी से आरंभ की जाएगी। गत वर्ष आई समस्याओं के निराकरण के उपरांत सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जाएगी। बैठक में कपिल देव वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय, सोनू सर्राफ, केशव वार्ष्णेय, योगेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# सरकार की तानाशाही खत्म करने के लिए छात्रों को आगे आना होगा: अदनान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को एनएसयूआई की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने संगठन की सदस्यता ली। सभी नए सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष अदनान खान की अध्यक्षता में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक धनगर के नेतृत्व में छात्रों को एनएसयूआई की सदस्यता दिलाई गई। जिलाध्यक्ष अदनान ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है। आज छात्रों के जीवन में तमाम कठिनाइयां आ रही हैं। तमाम पेपर लीक हो रहे हैं। युवा रोजगार के लिए परेशान हैं। शिक्षा महंगी होती जा रही है। सरकार ने छात्रों को भी लूट का जरिया बना लिया है। ऐसे में छात्रों को आगे आकर अपने हक की लड़ाई लड़नी चाहिए। सरकार की तानाशाही खत्म करने के लिए छात्र हितों के लिए आवाज उठानी होगी। सदस्यता लेने वालों में अतुल पाल, कृष्णा यादव, विक्रम यादव, विकल्प वर्मा , फैज अहमद, दीपक पाल, हिमांशु पंडित, गोविंद, बॉबी गडरिया, गौरव गडरिया, गौरव बघेल, शैलेश बघेल, सर्वेश लोधी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अमित पाठक, राजेंद्र कश्यप , मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत, झम्मन सिंह लोधी, राज कपूर वाल्मीकि, रमेश धनगर, दीपू पांडेय, अशोक पचौरी आदि रहे।



एनएसयूआई की बैठक में नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी।

# भाकियू ने बिजली कार्यालय में जड़ा ताला

संवाददाता, सोरों जी।

- छह घंटे तक किया धरना प्रदर्शन, जेई को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** बिजली की समस्या से त्रस्त भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के नेताओं मिर्जापुर विद्युत कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर कार्यालय में ताला जड़ दिया और नारेबाजी की। जेई को ज्ञापन भेजकर रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति और मानपुर नगरियां फीडर को अलग कराए जाने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के नेता प्रवीन शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों किसान मिर्जापुर बिजली कार्यालय जा पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यालय में ताला डालकर करीब छह घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। करीब छह घंटे चले धरने के उपरांत प्रवीन शर्मा ने बताया कि रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है। नगरिया में घरों के ऊपर से एचटी लाइन के जर्जर तार झूल रहे हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी हुई है। तत्काल विद्युत लाइन को गांव से हटाकर खेतों पर होकर शिफ्ट कराई जाए। नगरिया में राजू टेंट हाउस के सामने रखा ट्रांसफॉर्मर फुंक गया है। उसे बदलवाया जाए। विद्युत केंद्र पर एक स्थाई कर्मचारी तैनात किया जाए। ताकि विद्युत संबंधी समस्या को तत्काल ठीक कराया जा सके।



धरना प्रदर्शन के बाद जेई को ज्ञापन देते भाकियू स्वराज गुट के नेता। ● अमृत विचार

# फिटनेस न कराने पर निरस्त होगा स्कूल वाहनों का पंजीकरण

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जिले के कई स्कूल संचालक बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना फिटनेस दौड़ रहीं स्कूल बसों के संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी कुछ ही संचालकों ने कागज पूरे कराएं है। एआरटीओ प्रशासन ऐसे स्कूल वाहनों का पंजीकरण निरस्त करने की अंतिम चेतावनी जारी की है।

एआरटीओ सतेन्द्र कुमार ने बताया कि परिवहन आयुक्त ने स्कूल वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा एवं समस्त प्रपत्र एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। अनफिट वाहन संचालित पाए जाने पर अनफिट वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से बसों, वैनों, मैजिकों में फिटनेस के मानकों को पूरा करना जरूरी है। जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके लिए स्कूल संचालक बच्चों के अभिभावकों से मोटी रकम भी वसूलते हैं, लेकिन जिले के कई ऐसे स्कूल हैं जो फिटनेस जांच को पूरा कराने से बच रहे हैं। पूर्व में विभाग द्वारा स्कूली बसों संचालकों को नोटिस भी जारी था। जिसमें एक सप्ताह के अंदर फिटनेस पूरा कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन तय समय-सीमा में कूछ ही वाहन संचालकों ने ही फिटनेस कराई।

# पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता: सूरज सिंह

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक संपन्न

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की जिला संगठन की समीक्षा बैठक सोमवार को अशोक नगर स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार जाटव के आवास पर हुई। बैठक में अलीगढ़, आगरा, बरेली मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे। इसमें संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक मुख्य अतिथि सूरज सिंह जाटव सेक्टर प्रभारी अलीगढ़, आगरा व बरेली मंडल प्रभारी अशोक सिंह एडवोकेट, विजेन्द्र सिंह, विक्रम, सुरेश गौतम, दिनेश बघेल मंडल प्रभारी अलीगढ़ की देखरेख में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डीपी सिंह राना ने की। पदाधिकारियों को जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी एवं सेक्टर कमेटी, बूथ कमेटी के विस्तार की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सूरज सिंह जाटव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ताओं मेहनत से पार्टी के लिए काम करें, ताकि 2027 में बसपा की सरकार बन सके। बैठक में कमल कुमार बौद्ध, खालिद नदीम, अनिल बघेल, डॉ. अरविन्द कुमार, सुभाष गौतम, अनार सिंह बघेल, ललित कुमार गौतम, शमशाद अहमद, राजेन्द्र सिंह वर्मा, सोनू भारती, कौशल कुमार, प्रमोद कुमार निर्मल, पुनीत शाक्य आदि रहे।



अशोक नगर स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर समीक्षा करते बसपा नेता। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पत्नी की गला काटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पत्नीहंता को गिरफ्तार कर लिया है। नगला शिवलाल निवासी जय प्यारी यादव (50) का पति राजेश यादव से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि राजेश ने पत्नी का गला काट दिया। नगला सिंघी थानाध्यक्ष कृपाल सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### जहरखुरानी गिरोह ने युवक को बनाया शिकार

**गुन्नौर, अमृत विचार :** जुलेपुरा पुलिया के पास सड़क किनारे पड़े जहर खुरानी गिरोह के शिकार युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार दोपहर को कस्बे में जुलेपुरा पुलिया के पास सड़क पर एक युवक बेसुध पड़ा था। राहगीरों ने उसे उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी में युवक के रिश्तेदार भी पहुंच गए। तब पता चला कि वह बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव भोयस निवासी मनोज पुत्र मेघनाथ है। अनुमान लगाया गया कि युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। हालत गंभीर होने पर सीएचसी से मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### बरेली कॉलेज में एमएड के 10 अगस्त तक होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एमएड में सत्र 2024-26 में प्रवेश शुरू हो गए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा शर्मा के मुताबिक रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल हुए या नहीं वह एमएड विभाग में प्रार्थना पत्र और सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर 10 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश के लिए छात्रों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बीएड, इंटीग्रेटेड बीएड या बीएलएड उतीर्ण होना चाहिए।


# टेस्ट में पास बच्चों का कराता था धर्म परिवर्तन

## पादरी बच्चों को देता था किताबें, उसके बाद सप्ताह में दो बार लेता था टेस्ट

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के परवाना नगर में पैसों का लालच देकर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराया जाता था। पादरी बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए देता था और उसके बाद सप्ताह में दो बार टेस्ट लेता था। टेस्ट में पास होने के बाद ही बच्चे का धर्म परिवर्तन कराता था। पुलिस ने सोमवार को पादरी समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मंडल विहार निवासी गुलशन बहादुर ने रविवार को परवाना नगर में हिंदू बच्चों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मौके से धार्मिक पुस्तकें बरामद की थीं और आरोपी पादरी प्रेम जोनल, विनोद और नितिन को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में आया कि गरीब बच्चों को पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता था। आरोपी बच्चों को सप्ताह में अपने धर्म से जुड़ी दो किताबें देकर पढ़ने को कहते थे। उसके बाद सप्ताह में दो बार टेस्ट लेते थे। टेस्ट में पास होने वाले बच्चों का धर्म परिवर्तन कराया जाता था। आरोप है कि एक दर्जन से अधिक बच्चों का ये लोग धर्म परिवर्तन करा चुके हैं।



बच्चों से कराया गया टेस्ट। ● अमृत विचार

### 25 मिनट का होता है पेपर, टेस्ट में पूछे गए कुछ सवाल के अंश...

पुलिस को बच्चों के टेस्ट से जुड़े कुछ कागज मिले हैं। पुलिस के मुताबिक बच्चों का 25 मिनट का टेस्ट लिया जाता था। प्रश्नपत्र में राजाओं को कितने भागों में बांटा गया है, इजरायली, मिस्र, कनानी राजाओं के इतिहास के बारे में पूछा गया था। उसके बाद दूसरे इतिहास में किस राजा का शासन कब तक रहा इसके बारे में पूछा गया। राजा दाऊद, राजा सुलैमान, राजा शाऊल, राजा यहूदा के बारे में भी पूछा गया। उसके बाद पूछा गया है कि भजन संहिता किसकी पुस्तक है। इसके अलावा अन्य सवाल पूछे गए हैं। गुलशन कुमार ने बताया कि पादरी बच्चों को एक किताब देता था। उसका उच्चारण कराकर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराता था।

> तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अभी तक कितने लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमे में और भी धाराएं जोड़ी जाएंगी। -राधेश्याम, थाना प्रभारी इज्जतनगर

# दहेज में 50 हजार न मिलने पर महिला को कुत्ते से कटवाया

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने महिला को कुत्ते से कटवाया। आरोप है कि पति के एक रिश्तेदार ने महिला की छोटी बहन से दुष्कर्म की कोशिश की। थाना सुभाषनगर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मढ़ीनाथ निवासी एक व्यक्ति के साथ उसकी शादी 10 साल पहले हुई थी। उसके दो बेटे और एक बेटी है। पति शराबी है और नशे में उसके साथ मारपीट करता है। वहीं ससुराल के अन्य पति का साथ देते हैं और 50 हजार रुपये की मांग करते हैं। जब वह विरोध करती हैं तो सभी मारपीट करते हैं और पति की दूसरी शादी करने की धमकी देते हैं। आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो उसे कुत्ते से कटवाकर पिटाई की। आरोप है कि पति के रिश्तेदार ने उनकी छोटी बहन के साथ दुष्कर्म की कोशिश की।

# पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में दो बाबुओं समेत नौ को उम्रकैद

मुरादाबाद कार्यालय

- नौ साल पहले कपूर कंपनी पर हुई थी पुष्पेंद्र यादव की हत्या

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौ साल पहले हुए पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में कोर्ट ने महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ हत्यारोपियों को दोषी ठहराते हुए सभी को आजीवन कारावास की सजा सुना जेल भेज दिया गया है।

कटघर क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी पुष्पेंद्र यादव महिला कल्याण विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। हत्या से लगभग एक साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। वो विभाग के दो बाबुओं चुन्नीलाल और मुकुट लाल के कई कारनामों को जान गया था। पुष्पेंद्र आरटीआई डालकर इन दोनों को परेशान कर रहा था। क्योंकि लगभग 20 करोड़ के गबन के बारे में उसे ठोस जानकारियां मिल गई थीं। राज खुलने के डर से दोनों ने तीन लाख की सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या करा दी थी। जिसे दो शॉर्प शूटरों ने अंजाम दिया था। एडीजीसी मनीष भटनागर ने बताया कि बीती 25 जुलाई को एडीजे तीन सरोज कुमार यादव ने आरोपियों चुन्नीलाल, मुकुटलाल उर्फ मुकुट सिंह, शादाब उर्फ शहजाद उर्फ भूरा, जौहर अली, फिरासत, शहजाद, जलील उर्फ खलील, सलमान और आसिफ को दोषी करार दिया था। जिसके बाद 26 जुलाई को सभी दोषियों को सजा सुनाई जानी थी, लेकिन कोर्ट ने उस दिन सजा टाल दी थी।

# 30 लाख का लोन दिलाने का झांसा देकर 10.50 लाख रुपये की ठगी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने फोटो स्टेट की दुकान के मालिक को 30 लाख का लोन दिलाने का झांसा देकर 10.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर क्षेत्र की केसर वाटिका कॉलोनी निवासी अभिनव गंगवार ने बताया कि उनकी कचहरी पर फोटो स्टेट की दुकान है। उनके मोबाइल नंबर पर 30 मई को फोन आया। फोन करने वाली महिला ने अपना ममता उत्तम कुमार पटेल बताया। उसने कहा कि वह राजस्थान के जयपुर में स्थित ईयू फाइनेंस कंपनी में सेल्स मैनेजर है। महिला ने अपने साथी जयपाल चौधरी से भी बात कराई। दोनों ने बताया कि उनकी कंपनी जरूरतमंदों को कर्ज दिलाती है। ममता और जयपाल ने राजकुमार से बात कराई। राजकुमार ने बताया कि कंपनी में उसका 30 प्रतिशत का शेयर है। अकाउंटेंट दीपक ने बताया कि कंपनी सही है। प्रआरोपियों ने झांसे में लेकर अभिनव से यूपीआई और गूगल पे के माध्यम से 10.50 लाख रुपये ले लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नेटवर्किंग कंपनी में लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर 30 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन निवासी आलोक रस्तोगी ने शिकायत में बताया कि बिहार, बाराबंकी और लखनऊ के युवक एक नेटवर्किंग कंपनी का संचालन कर रहे हैं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से कंपनी से जुड़े। कंपनी का ऑफिस अमेरिका में होना बताया गया था। आरोप है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने कंपनी के 10 लेबल पार करने के बाद लाखों रुपये कमाने का झांसा दिया। जिसमें सभी को हर एक लेबल पर 12 लोगों को जोड़ना था। जिसका टारगेट एक लाख 88 हजार रुपये दिया गया था। आरोप है कि छह से अधिक लोगों से 30 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगों ने मिलने वाले रुपयों को डॉलर के रूप में देने का वायदा किया था।

# दामाद ने कहा, बेटी की हत्या कर दी है आकर शव ले जाओ

संवाददाता, फिरोजाबाद

- आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है

**अमृत विचार:** विवाहिता के हाथों की मेंहदी भी नहीं छूटी थी कि उसकी मौत की खबर ने परिजनों को झकझोर दिया। विवाहिता की संदिग्ध परीस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने दहेज में कार न मिलने पर ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। ससुरालीजन फरार हो गए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मैनपुरी के थाना बिछवां के गांव तिसौल निवासी उदयवीर ने बेटी अनामिका की शादी 14 जुलाई को भीकमपुर निवासी अतुल कुमार से की थी। आरोप है कि शादी के दूसरे दिन से कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। पति ने कहा कि तेरी बड़ी बहन को कार मिली तो तू भी कार ला या 15 लाख रुपये लेकर आ। अनामिका ने परिजनों को बताया तो उन्होंने ससुरालीजनों से बातचीत की।

इसके बाद ससुरालियों ने उसकी हत्या कर दी। उदयवीर ने पुलिस को बताया कि अतुल का फोन आया था कि उसने अनामिका की हत्या कर दी, उसका शव घर से ले जाओ और उसके बाद फोन बंद कर लिया।



## कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत)

**नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत) अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत बसीयत/विक्रय पत्र/ बारिसान/ अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन कराना चाहता/चाहती है अत: नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित में साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से 30 कार्य दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित अवधि के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण निम्न प्रकार है :-

| भवन सं. | मोहल्ले का नाम | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 104 | वार्ड-04 | श्रीमती बचन कौर पत्नी संतोष सिंह श्री कमल जीत पुत्र श्री हरदेव सिंह 1/3 निर्मित मकान | श्रीमती यसमनप्रीत पत्नी श्री कमल जीत | बारिसान प्रमाण-पत्र |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कलीनगर, पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत हरगनपुर विकास खण्ड अंबियापुर (बदायूँ)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरगनपुर विकास खण्ड अम्बियापुर बदायूँ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वाँ वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य प्रस्तावित हैं, जिसके लिए सामग्री-ईट SOB, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ी, सीमेंट, मौरंग, रेता, बजरी, बजरफुट, सरिया, पेंट, इण्टरलॉक ईट, हैण्डपम्प का सामान आदि क्रय किया जाना है। सामग्री हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 05.08.2024 समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06.08.2024 को सायं ग्राम पंचायत पर खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | पार्क में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2. | खेल मैदान में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3. | हैण्डपंप रिपेयरिंग/रिबोर कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4. | ओमप्रकाश के घर से पानी की टंकी तक सीसी/इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5. | काशीराम के घर से यशवीर के घर तक खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |

प्रधान-श्रीमती कमलेश देवी — सचिव-दीपेश कुमार शर्मा


# ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने पहुंची महिला

संवाददाता आगरा

**अमृत विचार:** ताजमहल के गेट पर एक महिला कांवड़िया को देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। पुलिस ने महिला को रोका तो उसने हंगामा खड़ा कर दिया। वह कहने लगी कि उसे सपना आया है। भोलेनाथ ने कहा है यहां तेजोमहालय है। यहां शिव मंदिर है। उसे यहां जल चढ़ाना है। किसी प्रकार महिला को वहां से हटाया गया।

गौरतलब है कि महिला हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीना राठौर कासगंज से गंगाजल लेकर ताजमहल के गेट पर जा पहुंची। कांवड़ देखकर पुलिसकर्मी सकते में आ गए। मीना को रोका तो वह हंगामा करने लगी। कई संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए। वह हंगामा करने की जुगत में थे लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे उनकी नहीं चली। बहरहाल मीरा जिद पर अड़ी रही तो पुलिस अधिकारी पहुंच गए और महिला को काफी समझाया। अधिकारियों के समझाने के बाद महिला मानी और फिर कांवड़ को महादेव के राबली मंदिर पर चढ़वाया गया। एसपीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि महिला को समझाकर जिस शिव मंदिर में अन्य श्रद्धालु कांवड़ चढ़ा रहे थे वहां कांवड़ को चढ़वाया गया है।

### अब मीरा तो पहले मीना कर चुकी हैं प्रयास

सोमवार को मीरा ने कांवड़ से जल चढ़ाने का प्रयास किया। इससे पहले वर्ष 2019 में मीना दिवाकर नाम की महिला ने ताजमहल में आरती की थी और कांवड़ चढ़ाने का प्रयास कर चुकी है। हिंदू महासभा के कार्यकर्ता संजय ने बताया कि मीना दिवाकर के विरुद्ध छह एफआईआर दर्ज हैं। सभी मामले ताजमहल पर कांवड़ चढ़ाने और शिव आरती करने के हैं।

# अयोध्या एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** अयोध्या एक्सप्रेस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। रेलवे के कर्मचारियों ने दोनों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया।

दिल्ली से अयोध्या रामलला के दर्शन करने के लिए रामकुमार अपनी गर्भवती पत्नी मीना के साथ जा रहे थे। रामकुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब 11 बजे ट्रेन जब रामपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो मीना को प्रसव पीड़ा होने लगी। पति ने ट्रेन में मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाई। तभी ट्रेन में सवार एक महिला मदद को आगे आई। उस महिला की मदद से मीना ने ट्रेन में ही मीना ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों को सूचना दी गई। उन्होंने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और दोनों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.अनवर सादात ने बताया कि महिला और उसका नजवाज शिशु पूर्ण रूप से स्वस्थ है। दोनों को 48 घंटे तक अस्पताल में रखा जाएगा।

# पत्नी का गला रेतने के बाद अपनी भी गर्दन काट दी

संवाददाता, मुरादाबाद/ अगवानपुर

- गंभीर घायल पत्नी का अस्पताल में चल रहा उपचार
- गृह क्लेश के चलते उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार:** पति ने पत्नी गर्दन रेतकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में खुद की गर्दन काटकर जान दे दी। घटना सोमवार की सुबह दोनों में घरेलू कलह के चलते हुई। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

नगर पंचायत के मोहल्ला तारावाला कुंआ निवासी सलीम अहमद (50) पुत्र छिद्दन खां और उसकी पत्नी नरगिस जहां में काफी समय से विवाद चल रहा था। सलीम की तीन बेटियां हैं। जिसमें दो की शादी हो चुकी है। सलीम तीसरी बेटी की शादी मकान बेचकर करना चाहता था, लेकिन पत्नी मकान बेचने के लिए मना कर रही थी। इसी को लेकर दोनों में आए दिन विवाद रहता था। सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि सलीम ने गत्ता काटने वाले ब्लेड से नरगिस की गर्दन पर वार कर दिया। जिस पर वह घर से बाहर शोर मचाती हुई भागी। पड़ोसियों ने उसकी हालत देखकर तुरंत अस्पताल (टीएमयू) में भर्ती कराया। इसके बाद सलीम ने अपनी गर्दन भी उसी ब्लेड से काट कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने भी मौके का मुआयना किया।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से रिजवाना बी पत्नी आसिफ अली निवासी 78 घेर जाफर खां झण्डे वाली गली के पास पुराना शहर बरेली एक किता मकान तादादी 139.22 वर्गमी. वाकै घेर जाफर खां जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में आबचक बादहू मकान नुसरत यार खां, पश्चिम में मकान यासीन सरबर व मकान अतीक अहमद व मकान वारिसान इकबाल, उत्तर में मकान वारिसान आसिफ अली व रास्ता मुश्तर्का प्रा. 3 फिट चौड़ा व दक्षिण मं आबचक बादहू मकान सराफत अली है जिसको शाकिर अली से खरीद किया था को बंधक रखकर आपकी शाखा से ऋण ले रही है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 26.07.2005 को श्रीमार स.र. बरेली में फो.प्र.पु. सं. 1 खण्ड 1239 के पृष्ठ 231 से 238 तक क्रमांक 5319 पर हुई है जो शाकिर अली के हक में निष्पादित हुआ है व एक पूर्व मूल इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.01.2006 को श्रीमान स.र. बरेली में फो.प्र.पु. सं. 1 खण्ड 1378 के पृष्ठ 279 से 290 तक क्रमांक 371 पर हुई है जो शाकिर अली के हक में निष्पादित हुआ है खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 29.07.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 14 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली। मो. 9997389012

## कार्यालय ग्राम पंचायत बसावनपुर विकास खण्ड अंबियापुर (बदायूँ)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बसावनपुर विकास खण्ड अम्बियापुर बदायूँ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वाँ वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य प्रस्तावित हैं, जिसके लिए सामग्री-ईट SOB, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ी, सीमेंट, मौरंग, रेता, बजरी, बजरफुट, सरिया, पेंट, इण्टरलॉक ईट, हैण्डपम्प का सामान आदि क्रय किया जाना है। सामग्री हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 05.08.2024 समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06.08.2024 को सायं ग्राम पंचायत पर खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | हैण्डपंप रिपेयरिंग/रिबोर कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2. | हंसूपुर वहेड़िया में कर्मशाला में शौचालय इत्यादि निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3. | मुस्ताफाबाद टप्पा में राजेन्द्र के घर से ओमकार के घर तक खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4. | मंगू नगला में आशाराम के घर से माता मन्दिर तक मिट्‌टी भराव नाली एवं खडंजा निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5. | मंगू नगला में पिंटू के घर से दीपसिंह के घर तक सी.सी. मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6. | ग्रा.पं. में विभिन्न कुंओं पर जाल निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7. | ग्रा. तिगौड़ा में मेन रोड से किशन पाल के घर तक खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8. | सामु. शौचालय मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9. | हंसूपुर वहेड़िया में किशन पाल के घर से मेन रोड तक इण्टर लांकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10. | अस्थाई गौशाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11. | ग्रा. तिगौड़ा में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 12. | पंचायत घर में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

प्रधान-पूनम तोमर — सचिव-दीपेश कुमार शर्मा


# प्रेमी को बंधक बनाने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** एक गांव में प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर जाया करता था। इसकी भनक घरवालों को नहीं थी। प्रेमी प्रेमिका के घर सभी के सामने अनजान बनकर आया करता था। इसी बीच दोनों ने लगभग आठ माह पहले कोर्ट मैरिज कर ली। कोर्ट मैरिज की भनक दोनों के परिजनों को नहीं लगी। दोनों अपने-अपने घर रह रहे थे। सोमवार को जैसे ही कोर्ट मैरिज की भनक लड़की के परिजनों को लगी तो उन्होंने लड़की से पूछताछ की। साथ ही लड़के को घर बुलाया। पूछने पर उसने भी कोर्ट मैरिज की जानकारी दी। लड़की के परिजन लड़के से उसे अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गए। साथ ही लड़के को घर में ही बैठा लिया।

इस पर किसी ने पुलिस को सूचना दी कि लड़के को बंधक बना रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। घंटों पंचायत चलने के बाद दोनों के परिजनों में लड़की को ले जाने पर सहमति बनी। पुलिस ने दोनों पक्षों से लिखवा कर ले लिया और थाने से भेज दिया गया।

# आईवीआरआई की बीवीएससी छात्राओं को मिलेगी फैलोशिप

बरेली कार्यालय

- एमएसडी एनीमल हैल्थ के साथ संस्थान का हुआ अनुबन्ध
- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बढ़ाने को लेकर दिया गया जोर

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और एमएसडी एनीमल हेल्थ (इंटरवेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के मध्य सोमवार को महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त तथा एमएसडी एनिमल हेल्थ के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. यश गोयल ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

निदेशक डॉ. दत्त ने बताया कि यह पहला अनुबंध है, जो संस्थान में बीवीएससी की छात्राओं की फैलोशिप के लिए किया जा रहा है। इससे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण तथा शोध एवं डायग्नोसिस पर ज्यादा कार्य किया जा सकेगा। इस के तहत एमएसडी एनिमल हेल्थ, संस्थान की बीवीएससी के द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वर्ष की दो-दो छात्राओ को फैलोशिप प्रदान करेगा। द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए 1.5 लाख तथा चतुर्थ वर्ष की छात्राओं को दो लाख रुपये फैलोशिप दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी, आईटीएमयू डॉ. अनुज चौहान ने किया। जैविक उत्पाद विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संयुक्त निदेशक, शोध डॉ. एसके सिंह, संयुक्त निदेशक शैक्षणिक, डॉ. एसके मेंदीरत्ता, संयुक्त निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी, सम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समन्वयक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, बीवीएससी एंड एच के समन्वयक डॉ. रजत गर्ग, डॉ. अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

### भतीजे ने गला दबाकर की थी चाचा की हत्या

**मैनपुरी।** थाना दन्नाहार क्षेत्र में हुए सनोज यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। उसकी हत्या सगे भतीजे ने दो साथियों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है, शेष दो आरोपियों की तलाश में पुलिस ने दबिश दे रही है। घटना दन्नाहार क्षेत्र के रहने वाले सनोज यादव का शव 14 जुलाई को घर के पास मिला था। उसके सिर पर चोट के निशान थे। गले पर भी निशान नजर आ रहे थे।



## Bank of India — Relationship beyond banking

## सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना : 09.09.2024
## गाजियाबाद ज़ोन, बी-32, सैक्टर-62, नोएडा-201307
## फोन: 0120-2404135

**चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

परिशिष्ट - IV-A नियम 8(6) के प्रावधानों के तहत

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का रचनात्मक /भौतिक कब्जा, बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार), के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **09.09.2024** को (पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे) को बेचा जाएगा।

ईएमडी/दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि **07.09.2024** है। इच्छुक खरीदार अपने नाम पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर पंजीकृत करवाएंगे। और ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी ऑनलाइन जमा करें। **बेची जाने वाली संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है: वसूल की जाने वाली राशि (प्रतिभूत ऋण) और कब्जे का विवरण भी नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।**

| क्र. सं. | शाखा का नाम और खाता / कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का विवरण और मालिक | बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और मोबाइल नं./जिससे बोलीदाता शाखा प्रबंधक से संपर्क कर सकता है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंक ऑफ इंडिया-बरेली शाखा खाता-1. श्री अकीम शेख पुत्र लईक शेख (उधारकर्ता) 2. श्रीमती रेशमा पत्नी अकीम शेख (सह-उधारकर्ता) 3. श्री कफील शेख पुत्र लईक शेख (गारंटर) | रिहायशी सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा 1 से 14, 16,18,42,43, 44,46/2,63/1,64 से 73 का हिस्सा, मकान सं. 212, गांव-बिधौलिया कपूर एस्टेट आवासीय कॉलोनी, रामपुर रोड, बरेली, उत्तर प्रदेश (बिक्री विलेख संख्या 10176 दिनांक 12.10.2018) क्षेत्रफल 68.96 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री अकीम शेख पुत्र लईक शेख के नाम पर है। चौहद्दी: उत्तर में – 9 मी. चौड़ा रास्ता, दक्षिण में – प्लॉट सं. 211, पूरब में – श्री कफील शेख के मकान सं.212 का हिस्सा, पश्चिम में – 9 मी. चौड़ा रास्ता | रु. 30,73,002.43 + ब्याज और ब्याज की समाप्ति की तिथि से (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) भौतिक कब्जा | रु. 22.81 लाख / रु. 2.29 लाख / रु. 0.23 लाख | 09.09.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | दिनेश सिंह 9450379245 |

**नियम और शर्तें**

1) नीलामी बिक्री / बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** वेबसाइट के माध्यम से होगी।
2) नीलामी की तिथि और समय : **09.09.2024 (सुबह 11:00 बजे से अर्पा 04:00 बजे तक** प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि **07.09.2024**
3) नीलामी आरक्षित मूल्य + पहले बोलीवृद्धि मूल्य जैसा कि बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित हैं, पर शुरू होगी। उपरोक्त सभी सम्पत्तियों के लिए बोलीदाता बैंक की वैबसाइट पर उल्लिखित गुणकों में अपनी बोली बढ़ाएँगे। संपत्तियों को आरक्षित मूल्य और प्रथम बोलीवृद्धि मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा।
4) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर अपना नाम पंजीकृत करवाना है, जिसके पश्चात उन्हें उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। खरीदार अपने केवाईसी दस्तावेज, फोन नंबर और ईमेल आईडी वेबसाइट पर जमा करें।
5) संपत्ति को सभी मौजूदा या भविष्य के भारों के साथ बेचा जाएगा (यदि कोई)। प्राधिकृत अधिकारी संपत्तियों पर किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों / दावों या बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। इच्छुक बोलीदाताओं को ऋणभार/संपत्तियों के शीर्षक, सांविधिक दायित्व/कर देयता/संपत्ति कर के बकाया आदि के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। वेबसाइट **https://ebkray.in** पर लॉग इन करके संपत्तियों को देखा जा सकता है। संपत्ति के भौतिक निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारी से कार्य समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।
7) सफल बोलीदाता/क्रेता संपत्ति की खरीद पर देय बिक्री मूल्य के 1% की दर से टीडीएस सहित सभी करों को वहन करेगा (यदि बिक्री मूल्य रु. 50 लाख/- और अधिक है) और ऑनलाइन बिक्री करने के लिए सेवा प्रदाता को देय कर। साथ ही बिक्री प्रमाण पत्र के निष्पादन के लिए देय शुल्क जैसे स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आदि सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
8) असफल बोलीदाता ईएमडी की वापसी के लिए स्वयं एमएसटीसी से संपर्क करेगा। ईएमडी की वापसी के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे।
9) संपत्ति के संबंध में उच्चतम/सफल बोलीदाता बोली/खरीद राशि की राशि का 10% (उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं) तुरंत जमा करना होगा और शेष 90% बोली/खरीद राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन (बैंकिंग घंटों के दौरान) या उससे पहले देय होगी। ऐसी विस्तारित अवधि जिस पर लिखित रूप में सहमति और पूरी तरह से प्राधिकृत अधिकारी के विवेकानुसार हो, निर्धारित समय के भीतर विचार का भुगतान करने में विफल रहने पर बिक्री रद्द कर दी जाएगी और जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता जो वेबसाइट के साथ पंजीकृत होना चाहते हैं और ईएमडी जमा करना चाहते हैं और लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता हेतु ग्राहक सेवा से 8291220220 या **support.ebkray@psballiance.com** पर संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए प्राधिकृत अधिकारियों से उनके संबंधित फोन नंबरों पर या गाजियाबाद अंचल कार्यालय में 0120-2404135 पर संपर्क कर सकते हैं। बिक्री अधिकृत अधिकारियों द्वारा वेबसाइट **https://www.ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**नोट: सभी इच्छुक बोलीदाता 05.09.2024 से 07.09.2024 तक केवल कार्य घंटों के दौरान एओ /शाखा से संपर्क करने के बाद संपत्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते हैं / साइट पर जा सकते हैं और इसके बाद या उल्लिखित किसी भी पूर्व तिथि पर साइट विजिट के लिए कोई अनुरोध का स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया लिंक **https://www.bankofindia.co.in** देखें।

दिनांक 29.07.2024, स्थान : गाजियाबाद — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी ॥

जो इन्सान गुरु मिलने के बावजूद प्रमादी रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है।

## संपादकीय

# चीन को संदेश

जापान के टोक्यो में आयोजित क्वाड देशों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की ताकत, उसकी क्षमता, उसके विजन से दुनिया को परिचित कराया। महत्वपूर्ण है कि बैठक में भारत समेत 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों ने सोमवार को चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए तथा प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन किया जाना चाहिए। सदस्य देशों ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भाग लिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि केवल क्वाड ही सुनिश्चित कर सकता है कि हिंद-प्रशांत स्वतंत्र, सुरक्षित बना रहे। विश्व की भलाई के लिए क्वाड की प्रतिबद्धता हिंद-प्रशांत क्षेत्र से कहीं आगे तक है। वास्तव में ये आसान समय नहीं है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। रूस-यूक्रेन और हमास-इजराइल संघर्ष के बीच वैश्विक आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करना साथ ही जोखिम को कम करना बड़ी चुनौती है। पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य मौजूदगी में वृद्धि देखी गई है। जैसे-जैसे चीन अपनी विस्तारीकरण की नीति पर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे उसकी आक्रामकता भी बढ़ती जा रही है। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस समुद्री क्षेत्र पर दावे करते हैं। ऐसे में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नई रणनीति विकसित करने के उद्देश्य से भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2017 में मिलकर 'क्वाड' की स्थापना की थी।

क्वाड के चारों देश भी इस बात से बखूबी वाकिफ हैं कि चीन से निपटना उनकी रोजमर्रा की सुरक्षा जरूरतों का हिस्सा बन चुका है। इस कारण क्वॉड हमेशा से चीन के लिए बड़ी चिंता का कारण रहा है। जरूरी है सदस्य सदस्यों को इस बात के प्रति भी सचेत रहना चाहिए कि क्षेत्र में क्वाड के विकास को किस तरह से देखा जाता है और इस विकास की गति के साथ सहजता है। आवश्यक है कि चारों देशों के बीच राजनीतिक समझ मजबूत हो आर्थिक साझेदारी बढ़े, प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़े तथा लोगों के बीच सहजता बढ़े। क्वाड विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इससे क्वाड में भारत का दबदबा बढ़ेगा। क्वॉड में भारत के बढ़ते दबदबे से चीन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# परिवर्तन की निरंतरता का नाम है परंपरा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परंपरा प्रवाह है। निरंतर-प्रवाह। प्रवाह में जीवन बह रहा है, संस्कृति भी बह रही है। संस्कृति में निरंतरता का जो सूत्र है, वह परंपरा है। परंपरा जड़ नहीं हो सकती, जीवन प्रवाहशील है तो उसकी परंपरा स्थिर कैसे रहेगी? परंपरा भी कायाकल्प करती रहती है।

संस्कृति और परंपरा परस्पर मिले हुए तत्व हैं किन्तु वे पर्यायवाची नहीं हैं। परंपरा वह वेग है, जिसके माध्यम से संस्कृति गतिशील है। जिस परिवेश में हमारा जन्म हुआ, उस परिवेश में निरंतर गूंजने वाले हजारों-हजारों शब्द कहां से आए? ये भाषा, ये बोली, ज्ञान-विज्ञान की ये विरासत, ये विश्वास, ये कथा-कहानियां, ये प्रतीक, ये मिथक, ये सांस्कृतिक -तत्व, जो हमारी जीवनचर्या में व्याप्त हैं, हमको कैसे मिले? कहां मिले? ये सभी हमको अपने जीवन की अविच्छिन्न-परंपरा से प्राप्त हुए हैं। परंपरा में मनुष्य की महिमा है, किसी अन्य प्राणी के पास कोई परंपरा नहीं होती। मनुष्य ने ज्ञान विज्ञान सभ्यता संस्कृति का विकास किया क्योंकि उसके पास परंपरा है।

परंपरा प्रवाह है। निरंतर-प्रवाह। प्रवाह में जीवन बह रहा है, संस्कृति भी बह रही है। संस्कृति में निरंतरता का जो सूत्र है, वह परंपरा है। परंपरा जड़ नहीं हो सकती, जीवन प्रवाहशील है तो उसकी परंपरा स्थिर कैसे रहेगी? परंपरा भी कायाकल्प करती रहती है। इसलिए परंपरा का अध्ययन केवल प्राचीन का अध्ययन नहीं है, वह नवीन होने की प्रक्रिया का भी अध्ययन है। परंपरा पोखर, जोहड़ या कूप नहीं है, परंपरा बहता नीर है। परात् परम्! और-आगे, और-आगे, और-आगे, जैसे- वंश-परंपरा, गुरु-शिष्य-परंपरा। जिस प्रकार गंगा की धारा का प्रवाह हिमालय से समुद्र पर्यन्त अविच्छिन्न है, कहीं से टूटा हुआ नहीं है। उसी प्रकार से परंपरा भूत-वर्तमान और भविष्य की निरंतरता है। परंपरा और परिवर्तन का उदाहरण देखिये-यमुना बह रही है, यह प्रवाह है। हम घाट पर कल भी गए थे, तब भी यमुना बह रही थी, आज हम फिर गए यमुना आज भी बह रही है, यह प्रवाह है परंपरा है। किन्तु यमुना के प्रवाह में जिस जल का कल आचमन किया था, वह आज नहीं है। प्रवाह वही है, किंतु जल बदल गया। परंपराओं में परिवर्तन-परिवर्द्धन स्वतः होते हैं और ये परिवर्तन निरन्तर चलते ही रहते हैं, क्योंकि लोकजीवन में नित नए लक्षित और अलक्षित कारक तत्वों (नये व्यक्तियों, पीढ़ियों, नए वर्गों, नए उपकरणों, नई जातियों, बाजार और सत्ता तथा नई फैशन के दबावों, हस्तक्षेपों) के प्रवेश तथा उनके द्वंद्व और समायोजन की निरंतर-प्रक्रिया चलती रहती है। पंडित विद्या निवास मिश्र कहते थे कि" अंग्रेजी का ट्रेडिशन शब्द "परंपरा" का सही-सही पर्याय नहीं है। ट्रेडिशन शब्द का अर्थ है, किसी पदार्थ या विचार का यथावत (ज्यों का त्यों) हस्तान्तरण। जबकि परंपरा त्याग और ग्रहण की वह निरंतरता, जिसमें वह पदार्थ या विचार उत्कृष्ट से उत्कृष्टतर होता रहे।"

परंपरा व्यक्ति और उसके समाज को जोड़ती है। समरस बनाती है। एक पीढ़ी के गुजर जाने पर जो तत्व समाज को अतीत से बांधे रखता है वह परंपरा ही है जिसे रीति कह देते हैं। डा. हरद्वारी लाल शर्मा के शब्दों में- "परंपरा का अर्थ है परिवर्तन और निरंतरता। लोक की रीति-नीतियों, रिवाजों और मान्यताओं, आचार-विचारों, आहार-व्यवहारों में समय के अनुरूप परिवर्तन आ जाता है, और इसी परिवर्तनशीलता अथवा परिवर्तन की क्षमता के कारण वह काल के झटके और धक्कों को सह लेता है और अनेक विजातीय-तत्वों को पचा लेता है। हिंदू लोक-जीवन देखिए, महाभारत- काल से लेकर आज तक न जाने कितने संपर्क विदेशी शक्तियों से हुए और न जाने कितने सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संकट इस पर आए। पर वे सब-के-सब लोक-जीवन में समा गए और अनुकूल परिवर्तनों को आत्मसात करके उसने इन्हें पचा लिया। इनसे यह अधिकाधिक संपन्न और समर्थ हो गया, और इस प्रकार लोक की निरंतरता बनी रही। इसको मूलधारा यों ही अक्षुण्ण बहती रही। भोजन, पहनावा, मामूली से मामूली रीति-रिवाज में बदलाव आया, परन्तु इसकी भीतरी आत्मा अछूती रही। यह परिवर्तन और निरन्तरता, जिसका एक नाम परंपरा है, लोक-जीवन का विधान है, और इसकी शक्ति का अक्षय स्रोत। (लोकवार्ता-विज्ञान 247)

प्रो.नामवर सिंह ने प्रतिपक्ष की परंपरा अथवा दूसरी परंपरा को खोजा। परिवर्तन की प्रक्रिया भी होती है और प्रतिक्रिया भी होती है। प्रक्रिया और प्रतिक्रिया के द्वंद्व में सांस्कृतिक-परिवर्तन का एक अगला और नया रूप सामने आ जाता है। इस प्रकार भाषा में, रीतिरिवाज में, जीवन-मूल्यों में, विश्वास में, समूची लोक संस्कृति में परिवर्तन की प्रक्रिया चलती रहती है। परिवर्तन नैसर्गिक प्रक्रिया है। परिवर्तन होता रहा है और आगे भी होता रहेगा किंतु निरंतरता का सूत्र बना रहेगा। इसे आप परिवर्तन की परंपरा कह सकते हैं, एक परिवर्तन से दूसरे परिवर्तन का जन्म होता है।

परंपरा व्यक्ति और उसके समाज को जोड़ती है। समरस बनाती है। एक पीढ़ी के गुजर जाने पर जो तत्व समाज को अतीत से बांधे रखता है वह परंपरा ही है जिसे रीति कह देते हैं। डा. हरद्वारी लाल शर्मा के शब्दों में - परंपरा का अर्थ है परिवर्तन और निरंतरता। लोक की रीति-नीतियों, रिवाजों और मान्यताओं, आचार-विचारों, आहार-व्यवहारों में समय के अनुरूप परिवर्तन आ जाता है, और इसी परिवर्तनशीलता अथवा परिवर्तन की क्षमता के कारण वह काल के झटके और धक्कों को सह लेता है और अनेक विजातीय-तत्वों को पचा लेता है। हिंदू लोक-जीवन देखिए, महाभारत- काल से लेकर आज तक न जाने कितने संपर्क विदेशी शक्तियों से हुए और न जाने कितने सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संकट इस पर आए। पर वे सब-के-सब लोक-जीवन में समा गए और अनुकूल परिवर्तनों को आत्मसात करके उसने इन्हें पचा लिया। इनसे यह अधिकाधिक संपन्न और समर्थ हो गया, और इस प्रकार लोक की निरंतरता बनी रही। इसको मूलधारा यों ही अक्षुण्ण बहती रही।

परंपरा का न आधुनिकता से कोई विरोध है न विकास से कोई वैर है! आधुनिकता जीवन के निरंतर-प्रवाह की अविच्छिन्नता है। नया और नया। और-आगे, और-आगे नित्य-निरंतर। ध्यान देने की बात है-हमारा मन अविच्छिन्न वंश-परंपरा का दाय है, युगयुगीन स्मृतियां और वासनाएं कुंडलिनी के रूप में सोयी हुई हैं। हमारा अपना ही मन निजी होते हुए भी नितांत एकान्तिक नहीं है, वह जीवन के निरंतर प्रवाह दूसरे शब्दों में परंपरा की रचना है। जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश- परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश-परंपरा का दाय है! इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग युगांतर की स्मृतिंयां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न - परंपरा का ही दाय है। जो लोग दिन-रात परंपरा को कोसते रहते हैं, वे समझ नहीं पाते कि जिस विचारधारा को वे शाश्वत समझ रहे हैं, वह परिवर्तन के चक्र में अब केंद्र में नहीं परिधि में पहुंच चुकी है। परिवर्तन हो चुका। हां, विचारधारा की किताब नहीं बदलती, विचारधारा के ध्वजवाहक नहीं बदलते। ध्वजवाहक निहित-स्वार्थ होते हैं, ऐसे ही ध्वजवाहक परंपरा और संस्कृति के भी होते हैं। वे समय के वेग को मुट्ठी में बंद करके रखना चाहते हैं। उनका निहित-स्वार्थ नहीं बदलता। निहित-स्वार्थ रूढ़ि है, जड़ है, कट्टरता है। निर्मल वर्मा ने अपने एक लेख में इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि जब एक नदी बांध दी जाती है या एक पेड़ टूट जाता है या एक जंगल उजड़ जाता है तो पूरा परिवेश ही परिवर्तित हो जाता है। उससे जुड़ी तमाम संवेदनाएं, मिथक कथाएं, आशा-आकांक्षाएं परिवर्तित हो जाती हैं।

## प्रसंगवश

# हादसों की गलियां



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

सरकारी नौकरी विशेषकर मध्य वर्ग और निम्न वर्ग का सपना है। मध्यवर्गीय परिवार के बच्चों में यूपीएससी का बहुत अधिक क्रेज़ है। यूपीएससी ही नहीं, दूसरी भी बहुत सारी परीक्षाएं हैं, जिनकी तैयारी के लिए छात्र दिल्ली की तरफ रुख करते हैं। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के राव आईएएस संस्थान में हुई दुर्घटना ने छात्रों के साथ-साथ सभी जागरूक नागरिकों के अंदर एक गुस्से का उबाल पैदा कर दिया है। 8-9 फीट ऊंचाई वाले कई मंज़िला मकान तो बना दिए गए हैं लेकिन इनमें सुरक्षा को लेकर कई खामियां हैं। बेसमेंट के दमघोंटू वातावरण में सीलन भरे कमरों लंबे समय तक बैठकर पढ़ना छात्रों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। इस लो लाइन एरिया में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बारिश के दिनों तो हाल और भी बुरा है।

बताया जाता है कि बेसमेंट में लिंटर तक पानी भर गया था। क्लास रूम के मेज़ कुर्सी तक पानी में तैर रहे थे। अचानक आए इस सैलाब को छात्र समझ ही नहीं पाए और उनका का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। कुछ छात्रों को किसी तरह से बाहर निकाल लिया गया लेकिन जो नहीं निकल पाए, वे मौत के मुंह में समा गए। आधे घंटे की बारिश में पूरा बेसमेंट भर जाना कई तरह की कमियों और लापरवाहियों की ओर इशारा करता है। बरसात के मौसम से पहले ही नालियों की सफाई करना और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कर लेना तो शासन और नगर निगम का कर्तव्य बनता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिसके परिणामस्वरूप यह दुखद हादसा हुआ। इसी तरह के बेसमेंट में सैकड़ो लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। कब कहां दुर्घटना हो जाए कोई नहीं कह सकता। हज़ारों नहीं लाखों की संख्या में बच्चे दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर, पटेल नगर, करोल बाग और मुखर्जी नगर जैसे रेजिडेंशियल एरिया के आसपास कोचिंग संस्थानों की भीड़ होने के कारण लोगों ने अपने घरों का कमर्शियल उपयोग किया है। यहां पर अनगिनत छात्र रहते हैं। जो छोटे-छोटे दबड़ो में रहकर खुले आसमान की चाहत रखते हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से भी यह इलाके बहुत ही दयनीय अवस्था में हैं। मुखर्जी नगर के एक संस्थान में पिछले साल आग लगी थी। कुछ दिन पहले शार्ट सर्किट से एक छात्र की मौत हुई जिसका कोई शोर नहीं हुआ। कई जगह गलियां इतनी तंग है कि कोई हादसा होने की स्थिति में भीड़ का वहां से निकल पाना भी बड़ा मुश्किल है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब यह हाल है तो और शहरों की क्या बात करें। कोचिंग संस्थानों या लाइब्रेरी को बेसमेंट में चलाना कानूनी दृष्टि से बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। फिर इन्हें कैसे एनओसी मिलती है? यह सोचने वाली बात है। कोचिंग संस्थान ने हादसे पर दुख व्यक्त कर दिया है। कुछ धाराएं लगाकर गिरफ्तारियां हो गई हैं। मजिस्ट्रेट जांच और फोरेंसिक जांच होगी। कुछ दिनों बाद हिरासत में लिए गए लोग छूट जाएंगे। हादसे दर हादसे होते रहेंगे और माता-पिता उम्र भर दुख के आंसू पीते रहेंगे। आखिर देश का क्रीम ब्रेन या भावी ब्यूरोक्रेट्स कबूतर खाने जैसे वातावरण में रहने के लिए क्यों मजबूर हैं? क्या शिक्षा बजट के अंतर्गत इन छात्रों को कुछ सुविधा मुहैया नहीं कराई जा सकती? अगर प्रशासन के लिए यह संभव नहीं है तो कम से कम इतनी निगरानी रखनी तो आवश्यक है कि ये लोग किस परिस्थिति में जी रहे हैं? कोचिंग संस्थानों ने सुरक्षा की दृष्टि से मापने जाने वाले विभिन्न मापदंड पूरे किए हैं या नहीं? आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं व्यवस्था की कमी की ओर इशारा करता है। क्या इसी तरह देश तरक्की करेगा? पहले भी अलग-अलग शहरों में इस तरह की घटनाएं होती आई हैं। जो लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थान छात्रों से इतना अधिक धन वसूलते हैं, वहां सुरक्षा के मापदंड क्यों नहीं स्थापित किए जाते, क्यों कड़े कानून नहीं बनाए जाते ताकि इन हादसों की पुनरावृत्ति ना हो।

बेसमेंट में चलने वाले सैकड़ों लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थानों में कब कहां दुर्घटना हो जाए कोई नहीं कह सकता। लेकिन हमारा देश का दुर्भाग्य कि किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर उसके समाधान की नहीं सोचते, प्रशासन यह वायदा भी नहीं करता कि आगे इस तरह की दुर्घटना नहीं होगी, आपस में तू तू, मैं मैं और एक दूसरे को दोषारोपित कर देना, मृतकों की जान की कीमत चंद कागज़ के टुकड़ों में लपेटकर उनके परिजनों को दे देना, अगर यह हमारी नीति है तो मानवता को शर्मसार करने वाली है।

# गरीब किसानों का का दर्द



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

आजकल हमारे क्षेत्र में ठीक यही स्थिति है। ताल तलैया सब सूखे पड़े हैं, मत्स्य पालक दु:खी हैं, जिन तालाबों से रोपाई और बाद में खरीफ व रबी की सिंचाई हो जाती थी, सूखे पड़े होने से अब वह भी नहीं हो सकेगी। महंगी खाद व कीटनाशक दवाएं, बढ़ती मजदूरी व ट्रैक्टर की जुताई के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में नाममात्र की वृद्धि, खेती का फायदा समाप्त कर रही है और किसान के लड़के कषि कार्य से विमुख होकर परदेस पलायन को अभिशप्त हैं। गरीब अन्नदाता किसान आज वास्तव में संकटग्रस्त है।

मैं वो कांटा हूं जिस पर सर रखकर/ जाने कितने गुलाब सोते हैं। आज मैं उसी कांटे यानी किसान का दर्द सुना रहा हूं, जिसे अन्नदाता कहा जाता है, जिसके दर्द की गाथा कहकर मुंशी प्रेमचंद अमर हो गए, जिसे गाकर अदम गोंडवी यादगार कवि हो गए, जिसका गुणगान देश के सभी राजनैतिक दल किया तो करते हैं लेकिन उसके लिए करते कुछ नहीं।

खरीफ की फसल की अगवानी में किसान मई माह के अंतिम सप्ताह से जून माह तक धान की रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने लगता है जो रोपाई हेतु एक माह में तैयार हो जाती है। हाइब्रिड प्रजाति 22-25 दिन में तैयार होती है। पहले 20-25 जून तक पूर्वांचल में बारिश प्रारंभ हो जाती थी, अब जुलाई के पहले सप्ताह से होती है। वर्षा का जल मिलते ही किसान धान रोपना प्रारंभ कर देता है। महिलाएं वर्षा और धूप से बेपरवाह, मधुर गीत गाती हुई रोपाई करती हैं। जिनके पास ट्यूबवेल या नहर का पानी है, वह बारिश की प्रतीक्षा नहीं करते।

इस वर्ष इंद्र देवता न जाने क्यूं रुष्ट हो गए हैं। अब तक हमारे क्षेत्र में मात्र एक बार 29 जून को अच्छी बारिश हुई है, तब से बादल आते हैं और कुछ बूंदें टपका कर चले जाते हैं जिनसे मिट्टी की धूल भी नहीं जाती। हमारे क्षेत्र में नहर नहीं है बस ट्यूबवेल का ही सहारा है। सरकारी ट्यूबवेल का जीवन काल औसतन 4-5 साल का होता है, इसके बाद निष्प्रयोज्य हो जाता है। निजी ट्यूबवेल ही चलते हैं जिनमें डीजल चालित 300-350 प्रति घंटा लेते हैं जो बहुत महंगा है, बिजली वाले सस्ते हैं लेकिन बिजली की उपलब्धता अनिवार्य होती है। आजकल बिजली 24 घंटे में मात्र 3-4 घंटे मिल रही है वह भी कट पिट कर और वोल्टेज ऊपर नीचे होता रहता है जिससे मोटर जलने का डर रहता है। पहले बिजली की स्थिति बेहतर थी लेकिन संसद के चुनाव समाप्त होते ही ऐसी स्थिति हो गई कि अखिलेश यादव की सरकार याद आ गई, जब बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। शासन ग्रामीण क्षेत्रों में 18-20 घंटे प्रतिदिन बिजली देने का प्रभावहीन आदेश देता रहता है। पिछली सरकार में बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा जी सक्रिय रहते थे, वर्तमान मंत्री शर्मा जी से कोई लेना देना नहीं है, पुराने आइएएस अधिकारी हैं, पत्रावली पर आदेश कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं, बिजली मिले या न मिले, वह मस्त हैं। रही बात मुख्यमंत्री जी की, वर्तमान में योगी-शाह का 20-20 मैच चल रहा है जिसमें वह व्यस्त और पस्त हैं। मुश्किल से जो रोपाई हो भी जा रही है, पानी के अभाव में पौधे सूख रहे हैं और दीमक का प्रकोप बढ़ रहा है जो पौधों की जड़ काट कर पेड़ सुखा दे रहे हैं। किसान के 25 प्रतिशत खेत में फसल रोपी नहीं गई और रोपी फसल भी पानी की कमी या दीमक से नष्ट हो रही हैं। किसान अपना खेत बेबसी से टुकुर-टुकुर निहार रहा है और भाग्य को कोस रहा है।

मौसम विभाग ने इस वर्ष अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की थी लेकिन नेताओं के आश्वासनों की तरह उसकी भविष्य वाणी भी थोथी साबित हुई। इससे अच्छे तो घाघ और भड्डुरी थे जिनकी कहावतें प्रायः सही साबित होती हैं। आज की स्थिति पर घाघ की एक कहावत देखें,-

"दिन को बद्दर, रात निबद्दर।पुरवा बहै झब्बर झब्बर।।/ घाघ कहै कुछ होनी होई। कुंआ क पानी धोबी धोई।।" (दिन में बादल, रात में निरभ्र आकाश हो, पुरवा हवा झूम कर बह रही हो, तो ऐसी स्थिति में अनावर्षण से तालाब सूख जाएंगे और धोबी को कुएं के जल से वस्त्र धुलना पड़ेगा।) आजकल हमारे क्षेत्र में ठीक यही स्थिति है। ताल तलैया सब सूखे पड़े हैं, मत्स्य पालक दुःखी हैं, जिन तालाबों से रोपाई और बाद में खरीफ व रबी की सिंचाई हो जाती थी, सूखे पड़े होने से अब वह भी नहीं हो सकेगी। महंगी खाद व कीटनाशक दवाएं, बढ़ती मजदूरी व ट्रैक्टर की जुताई के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में नाममात्र की वृद्धि, खेती का फायदा समाप्त कर रही है और किसान के लड़के कषि कार्य से विमुख होकर परदेस पलायन को अभिशप्त हैं। गरीब अन्नदाता किसान आज वास्तव में संकटग्रस्त है।

## सोशल फोरम

# शिक्षित होने का अर्थ



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

प्रेमचंद देख रहे थे कि शिक्षा उदारवाद की जगह खुदगर्जी ला रही है। मध्य वर्ग, 'झूठे आडंबर और बनावट की जिंदगी का, इस व्यावसायिक और औद्योगिक प्रतियोगिता का इतना प्रेमी हो गया है कि उसकी बुद्धि में सरल जिंदगी का विचार आ ही नहीं सकता। हमारा तजरबा तो यह है कि साक्षर होकर आदमी काइयां, बदनीयत, कानूनी और आलसी हो जाता है।' उच्च शिक्षा व्यवस्था के प्रति कुछ ऐसा ही उग्र स्वर रवींद्रनाथ का भी था।

दरअसल आज का विपुलसंख्यक मध्यवर्ग भारतीय विरासत का सब अच्छा छोड़ चुका है और पश्चिम का वह सब जो बुरा है, उसे अपना चुका है। एलीट लोग न सिर्फ सामाजिकता से निर्लिप्त हैं, बल्कि वे अन्याय देखकर सामान्यतः उत्तेजित नहीं होते। अब उनमें आधिपत्य-प्रेम ज्यादा है। वे आत्मसेवा में डूबे रहते हैं।

प्रेमचंद के उपन्यासों और कहानियों से हम जानते हैं कि मेहनत, सादगी और जनसक्रियता किस तरह आदमी को अधिक मानवीय बनाती है, जबकि आज के जमाने का धर्म, शिक्षा और भौतिक समृद्धि किस तरह आदमी से उसकी मनुष्यता छीन लेती है। प्रेमचंद का लेखन परिवार, राष्ट्र और वैश्विकता का सही अर्थ बताता है और स्पष्ट करता है कि साहित्य क्यों है। प्रेमचंद साहित्य को बड़े अर्थ में लेते हुए कहते हैं, 'वह उस विद्रोह का नाम है जो मनुष्य के हृदय में अन्याय, अनीति और कुरुचि से होता है।' इन दिनों न्याय, नीति और सुरुचि के बल में काफी ह्रास आया है। बड़बोलापन बढ़ा है। प्रेमचंद सार्वभौम पतन के दृश्य देखकर दृढ़तापूर्वक कहते हैं, 'सियासी (राजनीतिक) रहबरों ने जो काम खराब कर दिया है, उसे अदीबों (साहित्यकारों) को पूरा करना पड़ेगा।' यह कथन फिर से ताजा हो उठा है जब राजनीति धर्म, जाति और प्रांतीयता के डंडे के बिना चल नहीं पा रही है। साहित्य एक जगह है जहां लेखक हो या पाठक, वह इंसानियत को बचाकर रख सकता है और हारा हुआ सत्य सांस ले सकता है। यहां साहित्य को सांस्कृतिक-बौद्धिक निर्माणों की हजारों छोटी-छोटी दुनियाओं के रूप में देखना चाहिए। साहित्य राजमहल नहीं है, यह आवाज वालों की बस्ती है।

-फेसबुक वॉल से

# समय बैकअप प्लान तैयार रखने का है



चेतनादित्य आलोक
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों दिग्गज आइटी कंपनी माइक्रोसाफ्ट का सर्वर डाउन हुआ तो पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया। स्थितियां इतनी बिगड़ गईं कि वहां के अनेक फर्म और संस्थान अपने आवश्यक कार्यों का निपटारा आफलाइन तरीके से करने लगे। बहरहाल, इन तथ्यों को अभी परखा जाना बाकी है। वैसे इस संदर्भ में बेहतर तो यही होगा कि इस संकट से प्रभावित सभी देश अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने नुकसानों का सही-सही आकलन करें।

गौरतलब है कि इस आइटी संकट या आउटेज से दुनिया भर में न केवल साइबर आधारित कामकाज प्रभावित हुआ, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हवाई समेत तमाम तरह की परिवहन सेवाएं भी बुरी तरह से बाधित हुईं। अभी तक इस मामले में जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार माइक्रोसाफ्ट की सिक्योरिटी कंपनी क्राउड स्ट्राइक द्वारा सिस्टम अपडेट करने के दौरान यह वैश्विक संकट उत्पन्न हुआ। बताया जा रहा है कि सिस्टम अपडेट करने के क्रम में जिस प्रोग्राम का उपयोग किया गया, वह वैश्विक साइबर तंत्र के अनुरूप नहीं था, जिसके कारण सिस्टम हैंग हो गया और दुनिया भर में माइक्रोसाफ्ट से जुड़े सिस्टमों में कामकाज ठप हो गया।

यदि इस थ्योरी को सच मान लिया जाए तो जाहिर हो जाता है कि यह कोई साइबर हमला नहीं था, बल्कि दुनिया भर में माइक्रोसाफ्ट से जुड़े ग्राहकों को साइबर सुरक्षा प्रदान करने वाली कंपनी क्राउड स्ट्राइक की एक गलती का नतीजा था। एक अनुमान के अनुसार माइक्रोसाफ्ट की सिक्योरिटी कंपनी क्राउड स्ट्राइक, जो दुनिया भर में 30,000 से भी अधिक कंपनियों को साइबर सुरक्षा प्रदान कराती रही है, को केवल एक घंटे के भीतर 73,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। सोचिए कि एक घंटे के भीतर क्राउड स्ट्राइक जैसी कंपनी को जब इतना बड़ा नुकसान हो गया तो लगातार 15 घंटे तक चले इस आइटी संकट से बुरी तरह प्रभावित हुए दुनिया भर के लगभग 30 देशों को कितना अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा होगा। बहरहाल, इस घटना से इतना तो स्पष्ट हो गया कि माइक्रोसाफ्ट से सेवाएं प्राप्त करने वाली तमाम कंपनियां ऐसे कठिन वक्त के लिए तैयार नहीं थीं।

इसके अलावा इस वैश्विक आइटी संकट ने इस बात पर भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि यदि भविष्य में फिर कभी ऐसा ही या इससे भी बड़ा कोई आइटी संकट आया, तो दुनिया भर के देशों में फैले डिजिटल मायाजाल का क्या होगा... हम कैसे बचेंगे और बचा पाएंगे। यह चिंता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि ऐसा होना संभव है। विशेषज्ञों का भी यही मानना है कि प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी भूल-चूक की संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं वैसे इस आइटी संकट से दुनिया भर में मची तबाही ने साइबर अपराधियों के भी कान अवश्य खड़े कर दिए होंगे, जो हमेशा इसी ताक में बैठे रहते हैं कि कब उन्हें कोई अवसर मिले और वे अपनी साजिशों को अंजाम तक पहुंचा सकें। वे इस गड़बड़ी के कारणों और होने वाले नुकसानों को जानकर यदि ऐसा ही कुछ कर दिया तो क्या होगा। इन सारे सवालों का एक ही जवाब है- 'व्यापार सातत्य योजना' यानी 'बिजनेस कान्टिन्यइटी प्लान' (बीसीपी)। यह बीसीपी एक 'बैकअप प्लान' होता है, जिसके अंतर्गत यह व्यवस्था पहले से ही बनाई रहती है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में वह कार्यों को सुचारू रख सके। इसके अतिरिक्त उस प्लान में जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए होते हैं। आश्चर्य तो इस बात का अधिक है कि माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज आइटी कंपनी ने संकट की घड़ी में अपनी कंपनी का बैकअप प्लान क्यों नहीं चलाया। बहरहाल, माइक्रोसाफ्ट से जुड़ा यह आइटी संकट चिंता और दुःख का विषय तो है ही, लेकिन यह वक्त नए विकल्पों पर कार्य करने तथा बैकअप प्लान तैयार रखने का भी है, ताकि भविष्य में यदि कभी ऐसा संकट आए तो दुनिया के देशों को बड़े आर्थिक नुकसानों से बचाया जा सके।

# राजनीति में हुड़का



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

बहुत दिनों से राजनीति में हुड़का पर लिखने की योजना बना रहा हूं लेकिन विषय वस्तु कठिन और कलेजे को कोरने वाली है इसलिए गंभीरता से विचार कर रहा हूं कि यदि लिख मारूं तो न जाने कितने लोग रुष्ट हो जाएंगे। सेवाकाल में कमाऊ खाऊं प्रवृत्ति के मंत्री गण अपने विभाग में मेरी उपस्थिति से ही अपना रक्त चाप बढ़ा बैठते थे। एक महाशय ने तो मेरी तैनाती उनके विभाग में होते ही एक करीबी पत्रकार के सामने ही अपना मत्था पीट लिया था और तुरन्त मुख्यमंत्री के पास दूसरे पसंदीदा सचिव की तैनाती के लिए चले गए थे। उनका परेशान होना स्वाभाविक था क्योंकि कुछ ही दिन पहले उनके धन संग्रहण में रत गैर-सरकारी चेले को लगभग एक झटके में साठ लाख लगभग का चूना लगा चुका था और वे लाख कोशिश के बाद भी उन अधिकारियों के ट्रांसफर नहीं करवा पाए जिनके मामले में तकनीकी अड़ंगा लगा दिया था। अब यदि राजनीति में हुड़का पर लिखूंगा तो सोच रहा हूं कि न जाने कितने महानुभाव रुष्ट हो जाएंगे। तब तक आप हुड़के के इतिहास और यह कब, किसे और क्यों थमाया जाता है के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एक पहाड़ी वाद्ययंत्र है और आपने देखा होगा कि दूरदर्शन में जब सारे वाद्ययंत्र अपने सुर बिखेर रहे होते हैं उस समय यह अचानक डम डम ढम ढम से अपने उपस्थिति दर्ज कराने में कुशल होता है और दोनों तरफ से बजाया जाता जाता है लेकिन ढोलकी की तरह दोनों हाथ से नहीं वरन् एक ही हाथ से, क्योंकि एक हाथ से तो इसे पकड़ कर रखना पड़ता है।

## सपा ने पीडीए को किया गुमराहः माया



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक को गुमराह किया है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में संविधान बचाने के नाम पर पीडीए को गुमराह कर उनका वोट ले लिया पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाने में उनकी उपेक्षा की गई। यह सोचने योग्य बात है। उन्होंने कहा, सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं है। ब्राह्मण समाज की तो कतई नहीं, क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई वह छिपा नहीं है। वास्तव में इनका विकास व उत्थान केवल बसपा सरकार में ही हुआ है। इसलिए इन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

# सदन में गूंजा बिजली कटौती का मुद्दा, नोकझोंक

## सपा विधायकों ने बिजली के मुद्दे पर विस में सरकार को घेरा, कहा-किसान बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, प्रदेश में बिजली का उत्पादन कम हो गया या केंद्र से बिजली कम मिल रही

**अमृत विचार :** विधानसभा में सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन बिजली कटौती को लेकर सरकार पर जमकर हमले हुए। गलत बिल, उत्पीड़न और सिंचाई के लिए बिजली न मिलने के साथ विभाग के विजिलेंस को लेकर सदन में सरकार से तीखे सवाल पूछे गए। इस दौरान नारेबाजी और नोकझोंक भी हुई।

विधानसभा के मानसून सत्र में सपा विधायकों ने बिजली का मुद्दा उठाते हुए सदन में जमकर नारेबाजी भी की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार के सामने बिजली समस्या का मुद्दा उठाते हुए सवाल पूछा कि कि प्रदेश में बिजली का उत्पादन कम हो गया है या फिर केंद्र से बिजली कम मिल रही है। सपा विधायक आरके वर्मा ने सदन में कहा कि सरकार ने ग्रामीण मुख्यालय में बेहतर बिजली देने का वादा किया था, लेकिन महज 6 से 8 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वहीं, जिला मुख्यालय में 10 से 12 घंटे तक बिजली की आपूर्ति हो रही है। बिजली कटौती की वजह से आज किसान बेहाल है। किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने सदन में कहा कि जब दूल्हा दुल्हन को वरमाला डालने जाता है तो बिजली गुल हो जाती है। बच्चे पढ़ने बैठते हैं तो बिजली गुल हो जाती है।

बिजली कटौती होने की वजह से अस्पतालों में महंगी मशीने काम नहीं कर पा रही हैं। सपा विधायक आरके सिंह ने कहा कि बिजली विभाग के लोग रात में ही छापा मार कर वसूली कर रहे हैं।

### बिजली व्यवस्था पूरी तरह धवस्त-आराधना मिश्रा



**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस ने विधानसभा में सोमवार को विधवा पेंशन बढ़ाने, बिजली कटौती, किसानों की सिंचाई समस्या समेत विभिन्न मुददे उठाये। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि बिजली कटौती के कारण प्रदेश के लोग त्रस्त हो रहे हैं। किसान फसल की समय से बुवाई व सिचाई नहीं कर पा रहे हैं। निर्बाध बिजली आपूर्ति का सरकार का दावा पूरी तरीके से झूठ का पुलिंदा है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार के पिछले कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। इसका दुष्परिणाम यह है कि प्रदेश में भीषण गर्मी के दिनों में भीषण कटौती से प्रदेशवासी परेशान रहे। जब सबसे ज्यादा बिजली की जरूरत थी तब ऊंचाहार, ओबरा और ललितपुर बिजलीघर बाधित रहे। प्रदेश के बिजलीघरों में पांच हजार मेगावाट उत्पादन ही हो पा रहा है, जबकि जरूरत 30 हजार मेगावाट तक है। उन्होंने विधवा पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करने की मांग की।

### सबसे ज्यादा बिजली आपूर्ति वाला राज्य है उप्रः शर्मा

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष पर प्रहार भी किया। कहा कि बिजली की बदहाली के पीछे पिछली सरकारों की ओर से बोए बबूल के कांटे हैं। बलिया में पैसे लेकर कार्य करने वालों को सस्पेंड करने का जिक्र करते हुए सपा नेताओं पर तंज भी कसा। बताया कि अबत की सर्वाधिक 30,618 मेगावॉट की बिजली की आपूर्ति प्रदेश में हो रही है। यह सपा सरकार के समय से ढाई गुना है। उप्र देश में किसानों को सबसे ज्यादा बिजली देने वाला प्रदेश बन चुका है।

## महिला के साथ अमानवीय व्यवहार पर 17 लोगों को जेल

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** जिले के हथिगवां क्षेत्र में पंचायत के तुगलकी फरमान पर महिला के चेहरे पर कालिख पोतने, बाल काटने और पेड़ से बांधने का मामले में पुलिस ने अमानवीय व्यवहार में शामिल प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्र समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर 25 नामजद और 25 अज्ञात पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। महिला को छुड़ाने गई पुलिस से मारपीट करने का भी केस दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने घटना की निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाहित महिला का इसी गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला के जेठ ने युवक के साथ महिला को पकड़ा था। महिला के खिलाफ कल रविवार को गांव में पंचायत बुलाई गई थी।

## सार-संक्षेप

### कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर गोरखपुर के डीएम के खिलाफ वारंट जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गोरखपुर के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण करुणेश को आदेश का अनुपालन न करने, निर्देश के बाद भी कोर्ट में उपस्थित न होने, साथ ही कोई कारण न बताने पर सख्त रूप अपनाते हुए उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने वारंट का तामील मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट, गोरखपुर के माध्यम से करने का निर्देश दिया है, साथ में आदेश भी दिया है कि वह आगामी 9 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित हो। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने अशोक यादव की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में अनुपालन का शपथ पत्र न प्रस्तुत करने पर उक्त अधिकारी को आदेश का अनुपालन दर्शाने वाला शपथ पत्र दाखिल करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

### पत्रकार को जेल, सात ठिकानों पर पुलिस के छापे

**कानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थानाक्षेत्र में सिविल लाइंस में करीब एक हजार करोड़ कीमत की जमीन पर कब्जे के प्रयास के मामले में पुलिस ने सोमवार सुबह प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को जेल भेज दिया। पुलिस ने पूर्व अध्यक्ष समेत अन्य नामजद आरोपियों के सात ठिकानों पर छापेमारी भी की। पुलिस उस डीवीआर को बरामद करने का प्रयास कर रही है जिसमें आरोपी जमीन पर कब्जा करने के दौरान सीसीटीवी में कैद हो गए थे। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह सिविल लाइंस हडर्ड स्कूल के पास स्थित नजूल की एक बेशकीमती जमीन को कब्जा करने के लिए मीडियाकर्मी अवनीश दीक्षित अपने साथियों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने पावर आफ अटार्नी उनके पास होने का दावा किया था। आरोपी वहां लोगों से बदसलूकी करने के साथ आरोपी सीसीटीवी से कनेक्टेड डीवीआर उखाड़ ले गए थे। इस मामले में लेखपाल विपिन कुमार और जमीन पर रहने वाले परिवार के सैमुएल सुखदेव सिंह की तहरीर पर दो एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने रविवार रात अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर जेल भेज दिया गया।

### महाकुंभ के लिए परिवहन निगम चलाएगा 4500 बसें

**लखनऊ, अमृत विचार :** अगले वर्ष प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम साढ़े सात हजार से अधिक बसों का संचालन करेगा। इसके लिए 1000 से अधिक नई डीजल बसें खरीदी जाएंगी और पुरानी बसों की मरम्मत कराकर रंग-रोगन शुरू कर दिया गया है। बसें भगवा रंग से रंगी जा रही हैं। प्रयागराज से 200 किलोमीटर की दूरी तक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। महाकुंभ जाने और लौटने वाले यात्रियों को प्रत्येक 15 मिनट पर बसें उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर काम चल रहा है। राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि महाकुंभ 2025 में निगम की बसें जिला मुख्यालयों समेत 112 डिपो से संचालित होंगी। इसके अलावा कुंभ मेला क्षेत्र में 550 शटल बसें भी चलाई जाएंगी।

### सरकारी स्कूलों से निकली हाईटेंशन लाइनें हटेंगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइनें हटवाई जाएंगी। निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी है।विभाग ने माना है कि परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन बिजली लाइनें खतरनाक हैं। इन्हें हटाना जरूरी है। पहले भी इस तरह की प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन बाद में रोक लग गई थी। निदेशक ने कहा कि ऐसे परिषदीय व मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों जिनके ऊपर से हाई टेंशन लाइन जा रही है, उनको हटाने के सम्बन्ध में कार्यवाही जल्द शुरू की जाए।

## सीतापुरः समय पर वेंटीलेटर न मिलने से गई मरीज की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रामा सेंटर में डेढ़ घंटे रोकने के बाद दी गई वेंटीलेटर खाली न होने की जानकारी

**अमृत विचार :** लिवर की गंभीर बीमारी से ग्रस्त सीतापुर जिले के अधेड़ को समय से वेंटीलेटर नहीं मिला, जिससे उसकी जान चली गई। विवेकानंद अस्पताल से रेफर मरीज को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में डेढ़ घंटे इंतजार कराया गया। इसके बाद वेंटिलेटर खाली न होने की जानकारी देकर बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते-पहुंचते काफी देर हो गई। पत्नी ने केजीएमयू के डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

सीतापुर जिले के सिधौली के पैसिया गांव निवासी मोतीलाल (45) क्रॉनिक लिवर डिजिज से ग्रस्त थे। हालत गंभीर होने पर रविवार रात करीब 12 बजे परिजन ने उन्हें निरालानगर के विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर सुबह 9 बजे डॉक्टर ने केजीएमयू रेफर कर दिया। परिजन मरीज को लेकर करीब 10:30 बजे केजीएमयू पहुंचे। परिजन का आरोप है कि ट्रॉमा में करीब डेढ़ घंटे इंतजार करने के बाद वेंटीलेटर खाली न होने की जानकारी देकर मरीज को बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## भारत-नेपाल सीमा पर 72 हजार के नकली नोट बरामद

**रूपईडीहा, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा में सोमवार सुबह एक व्यक्ति को पुलिस ने जांच के लिए रोका तो उसके पास 72 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए। पुलिस ने आरोपी कैलाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने पुलिस टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान एक युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास 72000 हजार रूपये भारतीय मिले। कुल 500/500 के 144 नोट की जांच की गई तो सभी रूपये नकली मिले।

## भूमि अधिगृहीत करने से पहले मुआवजा राशि जमा करना आवश्यकः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बरेली के याचियों की ओर से दायर भूमि के मुआवजे का मामला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3-एच(1) को स्पष्ट करते हुए कहा कि धारा 3-एच(1), जो यह अनिवार्य करती है कि राज्य सरकार कब्जा लेने से पहले मुआवजा राशि जमा करेगी, ऐसा प्रावधान नहीं है जो केंद्र सरकार को मुआवजा राशि के भुगतान में देरी करने और यह तर्क देने में सक्षम बनाता है कि मुआवजा कब्जा मिलने पर ही दिया जाएगा।

उक्त प्रावधान उन काश्तकारों के लाभ के लिए है, जिनकी भूमि अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिग्रहित की गई थी। यह मुआवजा दिए बिना भूमि पर कब्जा लेने के खिलाफ एक सुरक्षा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने मोहम्मद शाहिद और 2 अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही कोर्ट ने एनएचएआई को सक्षम प्राधिकारी के पास मुआवजा जमा करने का निर्देश दिया, जो बाद में याचियों को राशि वितरित करेगा।

मामले के अनुसार बरेली स्थित याचियों की भूमि को राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत 28 जनवरी 2022 को अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया था, जिसके बाद धारा 3-डी के तहत 13 सितंबर 2022 को अधिसूचना जारी की गई। सक्षम प्राधिकारी ने प्रभावित व्यक्तियों को भुगतान के लिए 17 जुलाई 2023 को परियोजना निदेशक से मुआवजे का अनुरोध किया। उच्च अधिकारियों ने परियोजना निदेशक को अनुरोधित राशि को अग्रेषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया, जिसके कारण याचियों को मुआवजा नहीं दिया गया। याचियों ने इसपर हाईकोर्ट का रुख किया।

## धर्म दर्शन

### एक ऊर्जा हैं महादेव

महादेव एक ऊर्जा हैं, जिसका न कोई आदि है और न उनका कोई अंत हैं। ध्यान का अंतिम क्षण जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता हैं। ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना है, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है, जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं। एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति। सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया। इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। देव से महादेव बनना आसान नहीं होता है, जो अमृत पीते हैं वो देव बनते हैं और जो राष्ट्र, समाज एवं प्रकृति की रक्षा के लिए विष को भी प्रेम से पी जाएं वो महादेव बन जाते हैं। बिना विष को पिए और विषमता को पचाए कोई भी महान नहीं बन सकता है। आज के समय में अमृत की चाह तो सबको है, पर विष की नहीं, लेकिन बिना विष को स्वीकारे कोई अमृत तक भी नहीं पहुंच सकता है। संघर्ष, दुःख, प्रतिकूलता, अभाव ये सब तुम्हें निखार रहे हैं। समस्या को स्वीकार करना ही समस्या का समाधान है। कोई भी समस्या तब तक ही है, जब तक आप उससे डरते हो और उसका सामना करने से बचते हो। मनुष्य के संकल्प के सामने बड़ी से बड़ी चुनौती भी छोटी हो जाती है। विषय सुखों से मुक्त होना और विषमता के विष को पीना ही महादेव बनना है। शिवजी के जीवन में विलास नहीं है, संन्यास है, भोग नहीं है, योग है, क्योंकि भगवान शिव के चित्त में काम नहीं राम है। संयम से जीवन जीने से आयु भी बढ़ती है और योग के साथ रहने से चित्त भी प्रसन्न रहता है। विषय आयु को तो नष्ट करता ही है साथ ही चित्त में अशांति और भोगों को पुनः प्राप्त करने की इच्छा भी उत्पन्न करता है। भोग ही रोग को जन्म देते हैं इसलिए भोगी बनकर नहीं योगी बनकर जीना सीखो। प्रत्येक स्थिति-परिस्थिति में प्रसन्न रहना भगवान शिव के जीवन से सीखना चाहिए। शिवजी ने भीतर से अपने आपको इतना शक्ति संपन्न, उच्च विचारयुक्त, धीर, गंभीर, सहनशील, धैर्यवान, मान-अपमान मुक्त बना रखा है कि संसार की कोई भी स्थितियां उन्हें विचलित नहीं कर पाती है।

### आदियोगी शिव

सावन का महीना भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में विशेष स्थान रखता है। इस महीने में भगवान शिव की उपासना का विशेष महत्व है। शिव जो अनंत और आदियोगी हैं, काशी के कण-कण में विराजमान हैं। काशी के विश्वनाथ मंदिर को बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है और सावन के महीने में यहां भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। जुलाई से अगस्त का महीना विविध त्योहारों से परिपूर्ण होता है। इस दौरान काली पूजा, एकादशी, नाग पंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाते हैं। इन त्योहारों के बीच धरती हरी-भरी हो जाती है, जिससे वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस समय भगवान शिव की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। भगवान शिव को संतुष्टि और शांति का प्रतीक माना जाता है। उनके अनंत स्वरूप के कारण वे समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त हैं। सावन मास को सर्वोत्तम मास कहा जाता है, क्योंकि इस महीने में भगवान शिव ने पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल जाने का निर्णय लिया था। वहां उनका स्वागत अभिषेक और जलाभिषेक से किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार सावन मास में देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया गया था। इस मंथन के दौरान जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शिव ने अपने कंठ में समाहित कर लिया ताकि





नवनीता रॉय चौधरी
शिक्षिका, लखनऊ

संसार की रक्षा हो सके। विष को कंठ में धारण करने के कारण उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ महादेव कहलाए। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। यही कारण है कि सावन मास में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की महिमा का वर्णन एक प्रसिद्ध दोहे में मिलता हैः "करता करे ना कर सके,शिव करे सो हो। तीन लोक नौ खंड में,महाकाल से बड़ा न कोय।" इस दोहे में शिव की सर्वशक्ति मान्यता और अनंतता का गुणगान किया गया है। यह दोहा बताता है कि संसार में ऐसा कोई नहीं है, जो महाकाल से बड़ा हो। भगवान शिव की कृपा से ही सभी कार्य संपन्न होते हैं और वे ही सृष्टि के रक्षक हैं। सावन का महीना शिवभक्तों के लिए एक विशेष समय होता है,जब वे भगवान शिव की उपासना कर अपने जीवन को पवित्र और समृद्ध बना सकते हैं।


## वर्ग पहेली-146

**बाएं से दाएं**

1. वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें अयस्कों से धातु निर्माण होता है
3. जंगली जानवरों की माँद।
5. 1. झूठ बोलना,बरगलाना 2. भ्रम पैदा करने वाला कथन 3. अयथार्थ कथन।
8. बाल-बच्चोंवाला, गृहस्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जैसा होना चाहिए उससे उलटा, विरुद्ध,प्रतिकूल, ख़िलाफ़, विपरीत क्रम 2. भिन्न।
3. 1. वह जो थल (स्थल) से उत्पन्न हो 2. गुलाब।
4. 1. दासी, लौंडी 2. परिचारिका, सेविका, नौकरानी।
6. 1. क्रोधित होना, उत्तेजित होना 2. बिगड़ना 3. घमंड में भरकर लड़ने के लिए ज़ोर की आवाज़ करना 2. उपद्रव करना, उत्पात करना।
7. 1. किसी तरह का दोष 2. देवों या पितरों का कोप 3. प्रेत का कोप, ऊपरी हवा।



### वर्ग पहेली-145 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | सा | ■ | 2 अ | 3 र | ज |
| ■ | ■ | 4 बे | व | फ़ा | ■ |
| 5 क | ■ | ■ | र | ■ | 6 ले |
| र | ■ | ■ | स | ■ | स |
| 7 म | नो | वे | द | ना | ■ |
| ज | ■ | ■ | न | ■ | 8 फ़ |
| ला | ■ | ■ | ■ | 9 दो | ना |

### सुडोकू-59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| 6 | | 5 | 4 | | | 2 | | |
| | 9 | 1 | 2 | | | 3 | 4 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| | 3 | 4 | | | | 7 | 6 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |
| | 2 | 8 | | | 7 | 9 | 3 | |
| | | 7 | | | 9 | 6 | | 1 |
| | | 3 | | | 4 | 5 | | |

### सुडोकू-58 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 04.44 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 10.23 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गम्भीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। धन उधार लेने से बचें।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आज घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। कीमती वस्तुओं की ख़रीदारी करेंगे। कानूनी मामलों में अनुकूलता होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है। दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**कर्क** – आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जायेंगे। कमीशन संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और सन्तुष्ट रहेंगे। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र की आन्तरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा।

**कन्या** – आज कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। वे कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

**तुला** – आज आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में सहकर्मियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। जीवनसाथी के व्यवहार को लेकर थोड़े असन्तुष्ट हो सकते हैं। निजी रिश्तों के बीच अहम की भावना न आने दें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध करने के लिए दिन शुभ है। आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**मकर** – आज अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। प्रोफेशनल लाइफ में सबकुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा।

**कुंभ** – आज वैवाहिक संबंधों में इगो के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शान्तिपूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

**मीन** – आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर होंगे। किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्यार के काबिल – सुबह : 08.37
चुप – रात : 09.44

**&pictures**
हमारा दिल आपके पास है – सुबह : 10.42
हैप्पी न्यू ईयर – रात : 08.00

**Sony Pix**
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ – सुबह : 08.24
वेनम – शाम : 05.21

**Zee Cinema**
रक्षाबंधन – दोपहर : 12.02
ब्रूस ली – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
दिल है तुम्हारा – सुबह : 11.13
भेड़िया – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति- कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

डॉक्टर- तुम्हारी एक किडनी फेल हो गई है
संजू- पहले तो बहुत रोया, फिर आंसू पोंछकर बोला साहब ये भी बता दीजिए कि कितने नंबर से फेल हुई है?
डॉक्टर बहोश...

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1580, जय जवान 1510, सचिन 1510, सूरज 1535, अवसर 1645, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1590, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल -(प्रति कु.)डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1-5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7470, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 7700, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 10000-11700, सच्चा हीरा 12000, मोटा हीरा 14000, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 15700, अरहर कोरा मोटा 16300, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 16800 ।चीनी-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71450 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70450 |
| सिल्वर (पक्की) | 837 (अनुमानित) |

# डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक जीडीपी का 20% होने का अनुमान

### वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट की प्रस्तावना में आरबीआई गवर्नर दास ने कहा

मुंबई, एजेंसी



- अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था की जीडीपी में हिस्सेदारी 10%
- आरबीआई की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है पेश

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांचवां हिस्सा (20%) बनने की ओर अग्रसर है। अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था की जीडीपी में हिस्सेदारी 10 प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 'मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट' (आरसीएफ) की प्रस्तावना में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण अगली पीढ़ी की बैंकिंग गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है और इससे किफायती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार आ रहा है। रिपोर्ट में भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे बताते हुए कहा गया है कि देश ने डिजिटल भुगतान में तेजी लाकर न केवल वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) को अपनाया है बल्कि बायोमीट्रिक पहचान, एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई), मोबाइल संपर्क, डिजिटल लॉकर और सहमति से डेटा साझा करने से 'इंडिया स्टैक' का आधार भी तैयार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल क्रांति बैंकिंग बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा दे रही है, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कर संग्रह दोनों शामिल हैं।

### यूपीआई भुगतान में ले आई है क्रांति

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई ने अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए खुदरा भुगतान से जुड़े अनुभव में क्रांति लाने का काम किया है जिससे लेनदेन तेज और सुविधाजनक हो गया है। डिजिटल मुद्रा क्षेत्र में रिजर्व बैंक ई-रुपये (सीबीडीसी) का पायलट परीक्षण चला रहा है। वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण अगली पीढ़ी की बैंकिंग का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, सस्ती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बेहतर हो रही है और लाभार्थियों को कम लागत पर प्रभावी रूप से लक्षित करके प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के प्रभाव को बढ़ा रहा है।

## नेपाल 2023-24 में पहली बार शुद्ध बिजली निर्यातक बना

**काठमांडू।** नेपाल पहली बार शुद्ध बिजली निर्यातक बना है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली निर्यात से होने वाली आय भारत से बिजली आयात पर होने वाले खर्च से अधिक रही है।

भारत ने 2021 में नेपाल को अपने बाजार में बिजली बेचने की अनुमति दी थी। नेपाल भारतीय बाजार में 690 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है। नेपाल जून से नवंबर तक अपनी अधिशेष बिजली भारत को निर्यात करता है। दूसरी ओर वह शुष्क मौसम के दौरान भारत से बिजली आयात करता है। नेपाल बिजली प्राधिकरण (एनईए) के प्रवक्ता चंदन घोष ने कहा कि एनईए ने 2023-24 में भारत को 16.93 अरब रुपये की बिजली निर्यात की, जबकि हमने समान अवधि में उस देश से 16.81 अरब रुपये की बिजली आयात की। एनईए को इस लेनदेन से 12 करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

# उप्र में अंडा उत्पादन बढ़ा कम होगी बाहरी निर्भरता

अमृत विचार विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- वर्ष 2023 में 505 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 589 करोड़ हुआ उत्पादन
- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु के साथ 9वें नंबर पर उत्तर प्रदेश

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में पशु पालन विभाग की कुक्कट विकास नीति से अंडा उत्पादन तेजी से बढ़ा है। बाहरी राज्यों से अंडा खरीद की निर्भरता जल्द खत्म होगी और अन्य राज्यों में अंडा भेजा जाएगा।

प्रदेश में सरकारी व निजी पोल्ट्री फार्म में वर्ष 2023 में 505 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 589 करोड़ उत्पादन हुआ है। विभाग ने एक वर्ष में कई गुना बढ़ोतरी होने पर वर्ष 2024 में 560 करोड़ अंडा उत्पादन का लक्ष्य रखा। इसमें अप्रैल से जुलाई तक 226 करोड़ (40%) उत्पादन करके पूर्ति की गई। पिछले वर्षों में इन चार माह में 20-25% उत्पादन होता था। ऐसे में मार्च तक लक्ष्य से कई गुना उत्पादन होने का अनुमान है। इससे रोजाना बाहरी राज्यों से 90 लाख अंडा नहीं खरीदना पड़ेगा, बल्कि प्रदेश खुद राज्यों को अंडे की बिक्री करेगा। सर्वाधिक अंडा उत्पादन करने वाले आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों में उत्तर प्रदेश 9वें नंबर पहुंच गया है।

### एक नजर में स्थिति

| | |
|---|---|
| सरकारी पोल्ट्री फार्म | 700 |
| निजी पोल्ट्री फार्म | 1500 |
| एक वर्ष में बढ़े पोल्ट्री फार्म | 112 |

### उत्पादन में ये जिले टॉप

| | |
|---|---|
| आजमगढ़ | 43.30 फीसद |
| बलिया | 40.74 फीसद |
| हाथरस | 40.72 फीसद |
| मुरादाबाद | 40.67 फीसद |
| कासगंज | 40.65 फीसद |
| लखनऊ | 31.60 फीसद |

### ये जिले अभी भी पीछे

| | |
|---|---|
| अमेठी | 13.87 फीसद |
| सोनभद्र | 19.22 फीसद |
| मेरठ | 20.57 फीसद |
| बाराबंकी | 21.45 फीसद |
| वाराणसी | 21.65 फीसद |

कुक्कट विकास नीति से अंडा उत्पादन में वृद्धि होने पर प्रदेश 9वें स्थान पर पहुंच गया है। नये पोल्ट्री फार्म लगने से वर्ष 2023 से लक्ष्य से अधिक उत्पादन हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इससे अधिक उत्पादन का अनुमान है। इसी तरह आगे वृद्धि होने से बाहरी राज्यों पर निर्भरता खत्म होगी।

**- ब्रजेश कुमार त्रिपाठी,** उपनिदेशक, कुक्कट, पशुपालन विभाग।

### बाहरी निवेश और ब्याज प्रतिपूर्ति से हुआ फायदा

कुक्कट विकास नीति के तहत पोल्ट्री फार्म संचालित करने पर सरकार ने बैंक से लिए गए ऋण पर सात फीसद ब्याज की प्रतिपूर्ति की। योजना के नियमों में संशोधन करके बाहरी राज्यों के निवेशकों को इकाई लगाने के लिए शामिल किया। एक वर्ष में 112 निवेशकों ने पोल्ट्री फार्म प्रदेश में संचालित किए, इससे अंडे के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई।

## 23 अंक की बढ़त से सेंसेक्स शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी



- कारोबार के दौरान 575.71 अंक चढ़ा, तेजी नहीं रख सका कायम

शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 23 अंक बढ़कर बंद हुआ। कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर चले गये थे लेकिन एफएमसीजी कंपनियों और आईटी के शेयरों में मुनाफावसूली से तेजी कायम नहीं रह सके। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इसी सप्ताह नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 23.12 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 81,355.84 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक मजबूती के साथ खुला और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के कारण कारोबार के दौरान एक समय 575.71 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 81,908.43 अंक पर चला गया था। बाद में निवेशकों ने उच्च स्तर पर मुनाफावसूली को तरजीह दी। इससे सूचकांक नीचे आया। सेंसेक्स के 16 शेयर लाभ में जबकि 14 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 1.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र की बढ़त के साथ 24,836.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 164.9 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने उच्चतम स्तर 24,999.75 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो सबसे ज्यादा 2.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट 1.42 प्रतिशत मजबूत हुआ। कंपनी इंडिया सीमेंट में 32.72 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की घोषणा के बाद अल्ट्राटेक का शेयर चढ़ा।

## भारत के पास डेढ़ करोड़ टन कोयला निर्यात की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला मंत्रालय के अनुसार आईआईएम के अध्ययन में खुलासा

भारत के पास नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। निर्यात को बढ़ावा, घरेलू उत्पादन में वृद्धि और आयात प्रतिस्थापन को सुविधाजनक बनाकर देश का लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करना, ऊर्जा सुरक्षा की मजबूती और कोयला क्षेत्र की वृद्धि का समर्थन देना है।

कोयला मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के किए अध्ययन के अनुसार, पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन निर्यात की संभावना है। देश में बांग्लादेश को 80 लाख टन, म्यांमा को 30 लाख टन, नेपाल को 20 लाख टन और अन्य देशों को 20 लाख टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। कोयले के उत्पादन तथा निर्यात में बढ़ोतरी से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। सरकार जीवाश्म ईंधन की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।



## एक नजर

### ममता के अपमान पर विधानसभा में विशेष नोटिस

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री मानस भूनिया ने सोमवार को विधानसभा में विशेष नोटिस देते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है कि 27 जुलाई को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्रोफोन उस समय बंद कर दिया गया जब वह बोल रही थीं। ममता ने शनिवार को दावा किया था कि उनका अपमान किया गया। उन्हें नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में बोलने नहीं दिया गया। भाजपा विधायक शंकर घोष ने नोटिस पर कहा कि बैठक से बाहर आने के बाद बनर्जी ने कहा था, उस पर चर्चा नहीं की जा सकती।

### बीएमडब्ल्यू की चपेट में आए व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** वर्ली इलाके में 20 जुलाई को तेज गति से जा रही बीएमडब्ल्यू कार की चपेट में आने से घायल हुए 28 वर्षीय व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि हादसा खान अब्दुल गफ्फार खान रोड पर वर्ली सीफेस में हुआ था। तब विनोद लाड ठाणे स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी से घर लौट रहे थे। टक्कर के बाद उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। वह अपने चचेरे भाई किशोर लाड के साथ रहते थे।

### यूजीसी-नेट रद करने के मामले में विचार नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने के आधार पर यूजीसी-नेट रद करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने कहा कि याचिका को खारिज करने का फैसला उसके गुण-दोष को लेकर सुनाया गया निर्णय नहीं है।

# छात्रों की मौत का मामला लोकसभा में गूंजा

### भाजपा, कांग्रेस, सपा तथा निर्दलीय सदस्यों ने जताई नाराजगी, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- बांसुरी स्वराज ने लापरवाही के लिए दिल्ली सरकार को ठहराया दोषी
- शशि थरूर, अखिलेश यादव, पप्पू यादव ने सदन में रखी अपनी बात

नई दिल्ली,एजेंसी



तीन अभ्यर्थियों की मौत के बाद प्रदर्शन करते विद्यार्थियों के बीच पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

दिल्ली के राजेन्द्र नगर में कोचिंग में दो छात्राओं और एक छात्र की मौत का मामला सोमवार को लोकसभा में उठा। सदस्यों ने इसकी विस्तृत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

भाजपा की बांसुरी स्वराज ने शून्यकाल शुरू होते ही कहा कि ये बच्चे भविष्य बनाने आये थे, लेकिन दिल्ली सरकार की लापरवाही से जान चली गई। एक दशक से आप सरकार दिल्ली में है लेकिन लोगों के लिए कोई काम नहीं कर रही है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि घटना बहुत गंभीर है। नियमों की घोर लापरवाही हुई है। मामले की जांच होनी चाहिए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि कोचिंग में सुरक्षा की अनदेखी गंभीर है। सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई हो रही है? हम उत्तर प्रदेश से देख रहे हैं कि अवैध इमारत बनने पर बुलडोजर चले हैं क्या यहां भी चलेगा। कांग्रेस के हिबी ईडन ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग के व्यवसायीकरण पर चिंता जताया है।

### प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों से मिले उपराज्यपाल

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले में विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बात की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने उपराज्यपाल के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। उपराज्यपाल ने मामले में कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। नारेबाजी तेज होने पर उपराज्यपाल संबोधित किए बिना ही लौट गए। हालांकि, उन्होंने छात्रों से कहा कि मैं आपके साथ हूं। उन्होंने जिम्मेदार को बख्शे नहीं जाने का आश्वासन दिया।

# आरक्षण: हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी करने वाले कानूनों को पटना हाईकोर्ट ने किया रद

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, जिसमें बिहार में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी करने के संशोधित आरक्षण कानूनों को रद कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बिहार सरकार की ओर से दायर 10 याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई है।

शीर्ष अदालत ने याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें सितंबर में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया जाएगा। राज्य सरकार के अधिवक्ता श्याम दीवान ने छत्तीसगढ़ के ऐसे ही मामले का जिक्र किया और कहा कि शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। उन्होंने प्रतिवादियों को नोटिस देने का अनुरोध किया जो आरक्षण सीमा बढ़ाने के खिलाफ हाईकोर्ट गए थे।

### पुल ढहने की घटनाओं पर बिहार सरकार से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कई पुलों के ढहने की घटनाओं पर राज्य में मौजूदा और निर्माणाधीन पुलों का ऑडिट कराने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ब्रजेश सिंह की याचिका पर नीतीश सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जवाब देने के कहा है।

## जंगल में पेड़ से लोहे की जंजीर से बंधी मिली महिला

- अमेरिकी पासपोर्ट की फोटो कॉपी बरामद

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक जंगल में 50 वर्षीय महिला लोहे की जंजीर से पेड़ से बंधी मिली। उसके पास से अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी के साथ तमिलनाडु के पते वाला आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मिले हैं। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शनिवार शाम को मुंबई से करीब 450 किमी दूर सोनुरली गांव में चरवाहे ने महिला की चीखने की आवाज सुनी और उसे जंजीरों में जकड़ा हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उसका उपचार करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि महिला मानसिक समस्याओं से ग्रस्त है। हमें उसके पास से मेडिकल पर्चा मिला है। उसकी पहचान तमिलनाडु की ललिता काई के तौर पर हुई है।

## कोर्ट ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) मानने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ शरद पवार खेमे की याचिका पर उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) और उनके 40 विधायकों से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने शरद पवार गुट के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया कि विधानसभा के बचे हुए संक्षिप्त कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है।

## सोरेन की जमानत बरकरार ईडी की याचिका खारिज

धन शोधन मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कानून के शासन को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि उन्हें झूठे बहाने से जेल भेजा गया, जिसका उद्देश्य उनकी और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करना था। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे कैद किया गया, जैसे मैं राज्य की संपत्ति लेकर भाग गया हूं... सोरेन परिवार पर व्यवस्थित तरीके से आरोप लगाए गए। इससे पहले, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का 28 जून का आदेश अत्यंत तर्कपूर्ण था।

# सुप्रीम कोर्ट की सात पीठ इस सप्ताह दोपहर दो बजे लगाएंगी लोक अदालत : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- लंबित मामलों में कमी लाने के लिए तीन अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पहली सात पीठ मंगलवार से शुक्रवार तक दोपहर दो बजे विशेष लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत लंबित मुकदमों में कमी लाने के प्रयास के तौर पर तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत लगा रही है।

सीजेआई ने मुकदमों की सुनवाई शुरू होने पर कहा कि आज से शुक्रवार तक हम लोक अदालत लगाएंगे और पहली सात पीठ मुकदमों पर सुनवाई करेंगी। अगर वकीलों के पास ऐसे मामले हैं जो लोक अदालत में जा सकते हैं तो कृपया उन्हें लाइए। सीजेआई ने नागरिकों से आग्रह किया था कि अगर उनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं तो वे अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण और तेजी से निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लें। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड वीडियो संदेश में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह उन गतिविधियों का हिस्सा है जिसे न्यायालय अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का आयोजित कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि न्यायाधीश बड़े पैमाने पर मामले लंबित होने को लेकर चिंतित हैं।

## असम लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष को 14 साल की सजा

पैसे लेकर नौकरी देने का मामला

**गुवाहाटी।** असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष राकेश पॉल को विशेष अदालत ने राज्य में कृषि विकास अधिकारियों की भर्ती से जुड़े 'पैसे लेकर नौकरी देने' के मामले में सोमवार को 14 साल की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश दीपांकर ठाकुरिया ने आदेश में एपीएससी के दो अन्य पूर्व सदस्यों बसंत कुमार डोले और समेदुर रहमान को 10 साल और 29 अन्य को चार साल की सजा सुनायी। पॉल और दो अन्य पूर्व सदस्यों को धोखाधड़ी के मामले में सात साल के कठोर कारावास, जालसाजी के लिए सात और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 10 साल की सजा सुनाई गई।

## सोपोर में विस्फोट चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सोमवार को कबाड़ी की दुकान में विस्फोट हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना बारामूला जिले के सोपोर कस्बे के शेर कॉलोनी में हुई। अधिकारियों ने बताया घटना के दौरान कुछ लोग ट्रक से कबाड़ उतार रहे थे तभी विस्फोट हुआ। दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ा। मृतकों में नजीर अहमद नादरू, आजीम अशरफ मीर, आदिल राशिद भट और मोहम्मद अजहर शामिल हैं।

# राष्ट्रपति शासन व नीट परीक्षा समाप्त करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने उठाए कई मुद्दे

लोकसभा में सोमवार को भाजपा के सांसद ने झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की, वहीं कांग्रेस सदस्य ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' को समाप्त करने की मांग की। सदन में शून्यकाल में अन्य कई मुद्दे भी सदस्यों द्वारा उठाए गए।

भाजपा के निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि 27 जुलाई को झारखंड के पांकुड़ में कुछ आदिवासी छात्र आंदोलन करना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने छात्रावासों में छात्रों को 'बर्बरतापूर्ण' पीटा। पुलिस की पिटाई के बाद दो छात्र मरणासन्न हैं और 11 गंभीर हालत में अस्पतालों में हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बांग्लादेशियों को बसाने के लिए आदिवासियों को बर्बाद कर रही है। झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

तमिलनाडु से कांग्रेस सदस्य एस जोतिमणि ने राज्य में एक साल में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे 80 विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या करने दावा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'नीट' सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। द्रमुक के डीएम कथिर आनंद ने बीड़ी मजदूरों का मुद्दा उठाया।

### अयोध्या में जमीन खरीद में गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या में जमीन में खरीद में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सांसदों की एक समिति भेजकर जांच कराने की मांग सोमवार को निचले सदन में उठाई। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए प्रसाद ने कहा कि इस बजट में कहीं भी उत्तर प्रदेश और अयोध्या का नाम नहीं है। उन्होंने भाजपा पर अयोध्या के नाम पर राजनीति और व्यापार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद अयोध्या में भाजपा के लोगों ने सस्ते दर पर जमीन खरीदकर ऊंचे दामों में बेचा।

## मप्र : पति ने पत्नी को वीडियो कॉल कर फंदा लगाया

**इंदौर।** इंदौर में एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह में पत्नी को वीडियो कॉल कर कथित तौर पर फंदा लगा लिया। उसकी पत्नी ने इस घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने बताया कि परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के निवासी मनोज निर्मल (30) का अपनी पत्नी से विवाद था और अनबन के चलते वह इन दिनों मायके में रह रही थी। एक निजी कंपनी में 'कूरियर डिलीवरी' का काम करने वाले निर्मल ने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल किया और छत के पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। निर्मल की पत्नी ने घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया जिसे पुलिस ने उससे बरामद कर लिया है। उन्होंने निर्मल की पत्नी के नाम का खुलासा किए बगैर बताया कि आत्महत्या के मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।



# पेरिस ओलंपिक 2024





## चौथे दिन भारत के मुकाबले

**निशानेबाजी :** ट्रैप पुरुष क्वालीफिकेशन : पृथ्वीराज तोंडइमन – दोपहर 12 :30 बजे

**ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन :** श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी – दोपहर 12 :30 बजे

**10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच :** भारत (मनु भाकर और सरबजोत सिंह) बनाम कोरिया – एक बजे

**हॉकी :** पुरुष पूल बी मैच : भारत बनाम आयरलैंड – शाम 4 :45 बजे

**तीरंदाजी :** महिला व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड : अंकिता भकत (शाम 5 :15 बजे) और भजन कौर (शाम 5 :30 बजे)

**पुरुष व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड :** धीरज बोम्मादेवरा (रात 10 :45 बजे)

**बैडमिंटन :** पुरुष युगल (ग्रुप चरण) : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम अल्फियन फजर और मुहम्मद रियान अर्दियांतो (इंडोनेशिया) – शाम 5 :30 बजे

**महिला युगल (ग्रुप चरण) :** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम सेतयाना मपासा और एंजेला यू (ऑस्ट्रेलिया) – शाम 6 :20 बजे

**मुक्केबाजी :** पुरुषों का 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 : अमित पंघाल बनाम पैट्रिक चिन्येम्बा (जाम्बिया) – शाम 7 :15 बजे

**महिलाओं का 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 :** जैस्मीन लेम्बोरिया बनाम नेस्टी पेटेसियो (फिलिपींस) – रात 9 :25 बजे

**महिलाओं का 54 किग्रा राउंड ऑफ 16 :** प्रीति पवार बनाम येनी मार्सेला एरियास (कोलंबिया) – देर रात 1:20 बजे (31 जुलाई)

## खेल डायरी

### बैडमिंटनः चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस।** भारत के चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 बैडमिंटन स्पर्धा में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चिराग–सात्विकसाईराज की जोड़ी का मुकाबला जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल से होना था। लैम्सफस चोट के कारण इस जोड़ी को ओलंपिक से हटना पड़ा, जिसके कारण मैच रद हो गया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत 40वीं रैंकिंग वाले फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर को 21–17, 21–14 से हराकर की थी। वहीं, कोरवी और लाबर को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान से हार मिली। सात्विक–चिराग का अगला ग्रुप सी मुकाबला मंगलवार को इंडोनेशियाई जोड़ी से होगा।

### टेनिसः नोवाक जोकोविच ने राफेल नडाल को हराया

**पेरिस।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक 2024 में सोमवार को पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में स्पेन के राफेल नडाल को 6–1, 6–4 से हरा दिया। सोमवार को खेले गये इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच ने 39 मिनट में पहला सेट आसानी से जीत लिया। नडाल ने दूसरे सेट में अपना प्रदर्शन बेहतर किया। लेकिन पहली सर्व पर अधिक अंक अर्जित करने और ज्यादा ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद नडाल सेट हार गए। उल्लेखनीय है कि 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल ने कोर्ट पर 117 मैचों में से सिर्फ पांच हारे हैं। इनमें से तीन बार उन्हें 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने हराया। जोकोविच ने अब पुरुष एकल टेनिस में नडाल के खिलाफ अपने 60 मैचों में से 31 जीते हैं। जोकोविच ने बीजिंग 2008 में कांस्य पदक जीता था।

# मनु-सरबजोत ने कांस्य पदक की जगाई उम्मीद

## 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में रमिता-अर्जुन पदक से चूके

पेरिस, एजेंसी

- भारतीय टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी
- रमिता को फाइनल में सातवां और अर्जुन को चौथा स्थान मिला



मनु भाकर और सरबजोत सिंह



रमिता जिंदल



अर्जुन बबूता

मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया। वहीं 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल में रमिता जिंदल और पुरुष फाइनल में अर्जुन बबूता पदक जीतने से चूक गईं।

क्वालीफाईंग राउंड के पहले सेट में मनु और सरबजोत ने 193 अंक, दूसरे सेट में 195 अंक और तीसरे सेट में 192 अंक अर्जित किये। दोनों ने कुल 580 अंक के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अब भारतीय मिश्रित टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी। इस स्पर्धा में भारत की रमिता जिंदल आठ महिलाओं के साथ हुई स्पर्धा में एक समय चौथे स्थान पर थीं। लेकिन लय बरकरार रखने में विफल रही और 145.3 अंक सातवें स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने महिलाओं की 10 मीटर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 251.8 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह वर्ष 1992 के बाद से दक्षिण कोरिया की किसी एथलीट के लिए इस स्पर्धा में पहला स्वर्ण और ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के इतिहास में दक्षिण कोरिया की टीम द्वारा जीता गया 100वां स्वर्ण पदक है। चीन की 17 वर्षीय हुआंग युटिंग को मिला तथा कांस्य पदक स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट ने जीता।

भारत के स्टार निशानेबाज अर्जुन बबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में पुरुषों के 10 मीटर के एयर राइफल के फाइनल मुकाबले में पदक से चूक गए। अर्जुन बबूता 208.4 का स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चीन के लिहाओ शेंग ने 252.2 के स्कोर के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक और मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन ने 251.4 स्कोर करते हुए रजत और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक ने (230.0) तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। अर्जुन ने 10.7 के साथ शुरुआत करते हुए फाइनल में जल्द ही बढ़त बना ली। उन्होंने अपने पहले 10 शॉट्स में 105.0 का स्कोर किया और लिहाओ शेंग (105.8) और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक (105.1) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। लेकिन उनके 13वें शॉट पर 9.9 और उनके 20वें और अंतिम शॉट पर 9.5 के स्कोर ने उन्हें पदक की दौड़ से बाहर कर दिया।

### बैडमिंटनः लक्ष्य सेन ने कैरेगी को हराया



**पेरिस।** ओलंपिक में पदार्पण कर रहे भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत से उबरकर सोमवार को पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के ग्रुप एल में बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को सीधे गेम में हरा दिया। लक्ष्य ने ग्रुप के अपने पहले मैच में रविवार को केविन कोर्डन को हराया था लेकिन गुआटेमाला के खिलाड़ी के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को डिलीट कर दिया गया। इस तरह ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती की है जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। भारत के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी कैरेगी को 43 मिनट में 21–19, 21–14 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में 31 जुलाई को इंडोनेशिया के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

# पुरुष तीरंदाजी टीम क्वार्टरफाइनल में हारी

पेरिस, एजेंसी

धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में तुर्किए के साथ हुये क्वार्टरफाइनल में मुकाबले में 6-2 से हार बाहर हो गई। लेस इनवैलिड्स में पहले दो सेटों में भारतीय तिकड़ी 57-53 और 55-52 से हार गई थी। जबकि तीसरा सेट भी तुर्किए के पक्ष में जाता दिख रहा था, लेकिन बर्किम टुमर ने आखिर में सात का शॉट लगाते हुए यह सेट अपने नाम कर लिया। भारतीय तीरंदाजों को तुर्किए की तिकड़ी मेटे गाजोज, बर्किम टुमर और अब्दुल्ला यिलदिरमिस ने हराया। अंतिम सेट में जाधव ने दो 10 का स्कोर किया लेकिन दो बार के विश्व कप कांस्य पदक विजेता बोम्मदेवरा ने अंतिम प्रयास में केवल सात का स्कोर कर सके। तुर्किए ने चौथा सेट 58-54 से जीत लिया।

**पदक तालिका**

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 5 | 2 | 2 | 9 |
| द. कोरिया | 5 | 2 | 1 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 0 | 7 |
| जापान | 4 | 2 | 3 | 9 |
| फ्रांस | 3 | 6 | 3 | 12 |
| अमेरिका | 3 | 6 | 3 | 12 |
| ब्रिटेन | 2 | 3 | 3 | 8 |
| जर्मनी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| इटली | 1 | 2 | 3 | 6 |
| कजाखिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| बेल्जियम | 1 | 0 | 1 | 2 |
| हांगकांग | 1 | 0 | 0 | 1 |
| भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |



धीरज बोम्मदेवरा।



प्रवीण जाधव।



तरुणदीप राय।

# पोनप्पा और क्रास्टो की दूसरी हार

पेरिस, एजेंसी




भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन महिला युगल में सोमवार को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से हारकर लगातार दूसरी हार के साथ बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। भारतीय जोड़ी को 48 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 21-11, 21-12 से पराजय का सामना करना पड़ा। इससे पहले कल भारत की यह जोड़ी ग्रुप सी में दक्षिण कोरियाई किम सो यियोंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 18-21 10-21 से हार गई थी।

दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी पोनप्पा और क्रास्टो फिलहाल ग्रुप में जापान और कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। पोनप्पा ने मुकाबले के बाद कहा, यह हार निराशाजनक है। हमें एक और मैच खेलना है और उम्मीद है कि वह जीत सकेंगे। अब आखिरी ग्रुप मैच में पोनप्पा और क्रास्टो का सामना आस्ट्रेलिया की सेतियाना मोपासा और एंजेला यू से होगा।

# 2025 में एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

कुआलालंपुर, एजेंसी

- टी20 प्रारूप में खेला जाएगा टूर्नामेंट, बांग्लादेश 2027 में करेगा आयोजन

भारत 2025 में टी20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी करेगा, जो 2026 में देश में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद ने रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण (आईईओआई) में इसकी घोषणा की। एशिया कप को हमेशा वैश्विक आयोजन की तैयारियों के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और उसी प्रारूप में खेला जाता है जिसमें विश्व कप आयोजित किया जाएगा।

एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाईब्रिड मॉडल पर की थी। भारत ने तब पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था और इसके ज्यादातर मैच श्रीलंका में खेले गये थे। बांग्लादेश 2027 में एकदिवसीय प्रारूप में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय विश्व कप खेला जाना है। भारत में टी20 प्रारूप और बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप में 13-13 मैच होंगे। एसीसी ने कहा, गैर टेस्ट देश क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से इसमें अपनी जगह बनायेगा।

# हरमनप्रीत के गोल से अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका

पेरिस, एजेंसी

- 59वें मिनट में मिले अहम पेनल्टी कॉर्नर को कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदला
- मंगलवार को आयरलैंड व इसके बाद बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों से सामना होगा



गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी खिलाड़ी। • एजेंसी

आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरूष हॉकी स्पर्धा में पूल बी के मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। भारत को इस मैच में मिले दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता है। पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम पूरे मैच में रंगत में नहीं दिखी। पेनल्टी कॉर्नर बेहद कमजोर रहा और मनप्रीत सिंह तथा हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर मैच में कहीं दिखे ही नहीं। इसके अलावा अहम मौकों पर फॉरवर्ड पंक्ति ने कई गलतियां की और मौके गंवाये। अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्तिनेज के गोल के दम पर बढ़त बना ली और उसके बाद भारतीय टीम बराबरी के गोल के लिये तरसती रही। भारतीयों ने सर्कल के भीतर कई बार हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंतियागो तोमास ने जबर्दस्त मुस्तैदी से भारत का हर वार नाकाम कर दिया। लेकिन भारत को 59वें मिनट में अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय टीम पेनल्टी स्ट्रोक की मांग कर रही थी लेकिन रेफरल के बाद कार्नर दिया गया। हरमनप्रीत ने इस पर गोल करके स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों को निराश लौटने से बचा लिया। अब भारत को मंगलवार को आयरलैंड से खेलना है, जिसके बाद बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों से सामना होगा। ऐसे में कोच क्रेग फुल्टोन को कमजोर कड़ियों को कसना होगा।

# खेलो इंडिया तंत्र की देन हैं मनु भाकर : मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेल मंत्री बोले परियोजना के तहत खिलाड़ियों को मिलती है बेहतर सुविधा



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी मनु भाकर सरकार के खेलो इंडिया अभियान के तंत्र की देन हैं। भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

मांडविया ने एजेंसी से कहा, जब वह (खेलों से पहले) प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी से मिलीं, तो उन्होंने उन्हें बताया कि खेलो इंडिया की पहल ने उनके जैसे कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद की है। भाकर ने अपने करियर में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक सहित कई अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं। उन्होंने खेलो इंडिया खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। मांडविया ने कहा, खेलो इंडिया के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं, कीर्ति परियोजना के माध्यम से हम कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के बीच प्रतिभा की पहचान कर रहे हैं और उन्हें उचित माहौल, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधाएं दे रहे हैं और खर्चों का ख्याल रख रहे हैं।

# श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

पालेकल, एजेंसी

- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होगा
- तीन मैचों की टी20 शृंखला में भारत ने 2-0 से बढ़त बनाई




नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाकर तीन मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगी। भारत पहले दोनों मैच जीतकर शृंखला अपने नाम कर चुका है लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। भारत ने रविवार को बारिश से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।

श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है। दूसरी तरफ भारत ने अभी तक विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक श्रीलंका के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया है। भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेलकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भारत ने दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव किया था। उसने चोटिल उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की जगह संजू सैमसन को टीम में रखा था। यह देखना होगा कि गिल तीसरे मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं क्योंकि बारिश के कारण सैमसन को जब एक घंटे के इंतजार के बाद मौका मिला तो वह खाता खोले बिना आउट हो गए थे। श्रीलंका की तरफ से बल्लेबाजी में पथुम निसांका (111 रन) और कुसल परेरा (73) ने ही उपयोगी योगदान दे पाए हैं लेकिन उसकी सबसे बड़ी समस्या बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

### अभ्यास सत्र में भाग लेंगे रोहित और कोहली

**कोलंबो।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ दो अगस्त से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की शृंखला से पहले यहां अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। रोहित, कोहली और पहली बार टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा सहित वनडे टीम मैं शामिल खिलाड़ी रविवार को यहां पहुंचे। टी20 के अंतिम मैच के बाद वनडे टीम में शामिल खिलाडी रोहित के नेतृत्व वाली टीम से जुड़ेंगे। रोहित, कोहली और कुलदीप यादव टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे। श्रीलंका के खिलाफ वनडे शृंखला से श्रेयस अय्यर भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे।

### मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल लियाः बोपन्ना

**पेरिस।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ओलंपिक के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करने के बाद कहा कि उन्होंने भारत के अपना आखिरी मैच खेल लिया है। बोपन्ना देश के लिए अपने करियर का अंत और बेहतर तरीके से करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने 22 साल के अपने करियर में कई शानदार सफलता हासिल की। बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दुधिया रोशनी में रविवार रात को खेले गए मैच में एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार गयी। इस जोड़ी की हार के साथ ही टेनिस में 1996 के बाद भारत के लिए ओलंपिक पदक का सूखा बरकरार रहा। दिग्गज लिएंडर पेस ने अटलांटा ओलंपिक के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था।

# ओलंपिक के लिए खिलाड़ी उत्साहित

पेरिस, एजेंसी

- ओलंपिक में क्रिकेट: एक नए युग की शुरुआत विषय पर चर्चा के लिए फ्रांस पहुंचे राहुल द्रविड़
- पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा-महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा को लेकर ड्रेसिंग रूप में गंभीर बात सुनी



क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के धुर समर्थक रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि क्रिकेटर इन खेलों का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा करने को लेकर ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है।

क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। द्रविड़ इस संबंध में ओलंपिक में क्रिकेटः एक नए युग की शुरुआत विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए फ्रांस की राजधानी में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और कोच द्रविड़ ने कहा, मैंने इस संबंध में ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है। लोग 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के साथ 2028 के ओलंपिक खेलों के बारे में भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने उन्हें यह कहते सुना है कि 2028 में ओलंपिक है। उन्होंने कहा, क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, पोडियम पर खड़े होना चाहते हैं, और खेल गांव, एक बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं, और इतने सारे खिलाड़ियों के साथ बातचीत करना चाहते हैं।

द्रविड़ ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जब अगला ओलंपिक करीब होगा तो क्रिकेटर इसके लिए तैयारी कर रहे होंगे। वे इसे गंभीरता से लेंगे और खिलाड़ी वहां पहुंचने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे। यहां इंडिया हाउस में चर्चा के दौरान इस महान बल्लेबाज के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस भी मौजूद थे। द्रविड़ ने उम्मीद जताई के चार साल बाद होने वाले ओलंपिक खेलों में भारत महिला और पुरुष दोनों वर्ग में स्वर्ण पदक जीतेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### जुमा अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस से हुए निष्कासित

**प्रीटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) से निष्कासित कर दिया गया है। एसएबीसी रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जुमा को यूमखोंटो वेसिज़वे पार्टी (एमके पार्टी) बनाकर एएनसी तोड़ने का दोषी पाया गया। जून की शुरुआत में जुमा के नेतृत्व वाली एमके पार्टी दक्षिण अफ्रीका के आम चुनाव में तीसरे स्थान पर रही और पार्टी देश की नेशनल असेंबली के चुनाव में 58 सीटें जीतीं। पार्टी ने चुनाव आयोग पर वोट में धांधली का आरोप लगाया।

### रूस में पटरी से उतरी ट्रेन 140 लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के वोल्गोग्राड क्षेत्र में एक ट्रक से टकराने के बाद नौ यात्री ट्रेन कारें पटरी से उतर गईं, जिससे लगभग 140 लोग घायल हो गए। रूसी रेलवे ने कहा कि 12 बच्चों सहित तीस लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्रीय प्रशासन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि दो लोगों, ट्रक चालक और एक ट्रेन यात्री की स्थिति गंभीर मानी गई है।

### कैलिफोर्निया युवा आयोग में दो भारतीयों की नियुक्ति

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने भारतीय-अमेरिकी मूल के नेताओं राज भूटोरिया और अवंती रामराज को अपने युवा सशक्तीकरण आयोग में नियुक्त किया है। आधिकारिक रूप से 2023 में स्थापित कैलिफोर्निया युवा आयोग नागरिकों, विशेष रूप से अलग-थलग एवं वंचित युवाओं के लिए सहभागिता के सार्थक अवसर प्रदान करता है। भूटोरिया 2023 से स्पैयर कंपनी में चीफ आफ स्टाफ हैं।

### मादुरो ने जीता वेनेजुएला का राष्ट्रपति चुनाव

**काराकस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 51.2 प्रतिशत वोट के साथ तीसरी बार राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल कर ली है। करीब 59 प्रतिशत की भागीदारी दर के साथ ग्रेट पैट्रियटिक पोल से निकोलस मादुरो मोरोस को 51.20 प्रतिशत के साथ 5,150,092 वोट मिले जबकि यूनिटी काउंसिल से उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को 44.2 प्रतिशत के साथ 4,445,978 वोट मिले। वहीं विपक्षी नेता नतीजों का विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं।

### बांग्लादेश में आज रखा जाएगा राष्ट्रव्यापी शोक

**ढाका।** बांग्लादेश की सरकार ने सोमवार को पहली बार स्वीकार किया कि आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान देशभर में 150 लोगों की मौत हुई है। इन हिंसक प्रदर्शनों में पुलिसकर्मियों सहित काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं और अहम सरकारी प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय में हसीना की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन ने मीडिया को बताया कि सरकार ने फैसला किया है कि मंगलवार को देशव्यापी शोक रखा जाएगा।

### न्यूजर्सी में पर्यटन का केंद्र बनी अमिताभ की प्रतिमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी द्वारा उसके घर के बाहर स्थापित बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन की आदमकद प्रतिमा को गूगल मैप ने पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र के रूप में सूचीबद्ध किया है। गोपी सेठ ने न्यूयॉर्क में मैनहट्टन से लगभग 35 किलोमीटर दक्षिण में एडिसन शहर स्थित अपने आवास के बाहर अगस्त 2022 में बच्चन की आदमकद प्रतिमा स्थापित की थी।

## शहीदों को श्रद्धांजलि



कारगिल युद्ध के 25 साल पूरे होने पर सिग्नल्स कोर की डेयरडेविल टीम ने एक अलग ही अंदाज में सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सात मोटरसाइकिलों पर 10,800 फीट की ऊंचाई पर पांच किमी की दूरी तय करके 31 योद्धाओं का मानव पिरामिड बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। • एजेंसी

## लेबनान में जंग का खतरा, भारत ने जारी की एडवाइजरी

**दुबई।** लेबनान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी कर सावधानी बरतने की सलाह दी है। इजराइल और लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह परामर्श जारी किया गया। शनिवार को यह संघर्ष उस समय और बढ़ गया जब लेबनानी चरमपंथी समूह द्वारा इजराइल के फुटबॉल के एक मैदान पर रॉकेट हमला किया गया जिसमें कम से कम 12 बच्चे और किशोर मारे गए। लेबनान की राजधानी बेरूत में मौजूद भारतीय दूतावास ने कहा ताजा हालात के मद्देनजर लेबनान में मौजूद और करने पर विचार कर रहे भारतीयों को दूतावास के संपर्क में बने रहने की सलाह दी जा रही है।

## राजनीति में एआई के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ी

# मस्क ने हैरिस का फर्जी वीडियो किया साझा

- कमला हैरिस की प्रचार टीम ने कहा- एलन मस्क एवं डोनाल्ड ट्रंप नकली हेरफेर कर झूठ फैला रहे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क ने छेड़छाड़ किया हुआ एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवार कमला हैरिस की आवाज की नकल की गई है और वे बातें कही गई हैं जो उपराष्ट्रपति ने कभी नहीं कही हैं।

इस वीडियो के कारण चुनाव में कृत्रिम मेधा (एआई) की गुमराह करने की ताकत को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। वीडियो ने तब लोगों का ध्यान आकर्षित किया जब मस्क ने इसे शुक्रवार शाम को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि इसे मूल रूप से पैरोडी के रूप में जारी किया गया था। इस वीडियो में हैरिस के कुछ असल दृश्य जोड़े गए है। मस्क द्वारा साझा किए वीडियो को 12 करोड़ 30 लाख लोग देख चुके हैं।



**वीडियों में कमला कह रहीं- बाइडेन हो गए हैं बूढ़े:** वीडियो में हैरिस जैसी आवाज में कहा गया है मैं डेमोक्रेट उम्मीदवार हूं क्योंकि जो बाइडेन ने बहस में आखिरकार उजागर कर दिया कि वह बूढ़े हो गए हैं। हैरिस के प्रचार अभियान की प्रवक्ता ने कहा लोग सुरक्षा चाहते हैं, न कि एलन मस्क एवं डोनाल्ड ट्रम्प के नकली, हेरफेर कर फैलाए गए झूठ।

### गूगल पर राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने सर्च इंजन गूगल पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह जताया है। मस्क ने एक्स पर कहा वाह गूगल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में खोज पर प्रतिबंध लगा दिया है! चुनाव में हस्तक्षेप? उन्होंने एक स्क्रीनशॉट संलग्न करते हुए दिखाया कि जब सर्च बार में राष्ट्रपति डोनाल्ड टाइप किया जाता है, तो ब्राउजर के सुझाव राष्ट्रपति डोनाल्ड डक और राष्ट्रपति डोनाल्ड रेगन होते हैं।

# भारत-चीन सीमा विवाद सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं

## क्वाड की बैठक में जयशंकर ने कहा- दोनों देशों के बीच संबंध अच्छे नहीं

तोक्यो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। जयशंकर ने कहा, भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं।

उन्होंने कहा हमारे बीच एक समस्या है, या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एलएसी एक मुद्दा है। मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने इस महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई अपनी बैठक को याद करते हुए कहा कि जाहिर है, दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश हैं और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है। जयशंकर और वांग की पिछले सप्ताह लाओस की राजधानी में मुलाकात हुई थी, जहां उन्होंने दक्षिण पूर्व एशियाई संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लिया था। बैठक के दौरान, उन्होंने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की थी।



तोक्यो में क्वाड देश के विदेश मंत्रियों के साथ मौजूद जयशंकर। • एजेंसी

### चीन ने कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने का लगाया आरोप

**बीजिंग।** चीन ने क्वाड समूह के देशों पर एशिया प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों के विकास को रोकने के लिए कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने और टकराव भड़काने का आरोप लगाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यह एशिया-प्रशांत में शांति एवं विकास और स्थिरता की वैश्विक प्रवृत्ति के खिलाफ है।

### लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद सहित सभी आतंकी समूहों के खिलाफ हो ठोस कार्रवाई

**तोक्यो।** क्वाड समूह ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और उनके छद्म संगठनों सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। समूह ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए सभी देशों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र का आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होने से रोकने के लिए तत्काल, निरंतर और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करें। चार देशों के समूह क्वाड के विदेश मंत्रियों की यहां बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में, क्वाड मंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा की।

### क्वाड का चीन को कड़ा संदेश, किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए

**तोक्यो।** चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह के सदस्य देशों ने चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की सोमवार को पुन: पुष्टि की तथा एक ऐसा क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जहां कोई भी देश दूसरे देश पर हावी न हो और प्रत्येक राष्ट्र हर प्रकार के दबाव से मुक्त हो। यहां हुई बैठक में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र एवं नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और राष्ट्रों की स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने का भी आह्वान किया।

## भारत से एफटीए वार्ता जल्द शुरू होगी : ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन में लेबर पार्टी की नवनिर्वाचित सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए वार्ता दल जल्द ही फिर से बातचीत की मेज पर बैठेंगे। ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सौदों के लिए अपने मंत्रालय के नजरिये को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले समझौतों को लागू करने के लिए बातचीत के केंद्र में आर्थिक वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि ये समझौते ब्रिटेन के कारोबार क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच और नौकरियों को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह एक व्यापार रणनीति प्रकाशित करने की योजना भी बना रहा है जो सरकार की औद्योगिक रणनीति के साथ जुड़ी होगी। घरेलू स्तर पर मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए विदेश व्यापार को बढ़ावा देना जरूरी है और इसलिए अपने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने में कोई देरी नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा खाड़ी से लेकर भारत तक, हमारा व्यापार कार्यक्रम महत्वाकांक्षी है और अपने व्यवसायों को दुनिया की कुछ सबसे रोमांचक अर्थव्यवस्थाओं तक पहुंच देने के लिए ब्रिटेन की ताकत का इस्तेमाल करता है। रेनॉल्ड्स ने कहा कि उनके वार्ता दल जल्द से जल्द बातचीत शुरू करेंगे।

# रूसी सेना ने भारतीय युवक को यूक्रेन युद्ध में भेजा, मौत

चंडीगढ़, एजेंसी

- हरियाणा का रहने वाला था युवक नौकरी की तलाश में गया था रूस
- मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने रवि मौन की मौत की पुष्टि की

रूस में काम के लिए गए हरियाणा के एक 22 वर्षीय युवक को सेना में भर्ती कर लिया गया और उसे यूक्रेन युद्ध में लड़ने के लिए भेज दिया गया। युद्ध में भारतीय युवक की मौत हो गई। युवक के परिवार ने दावा किया है कि रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए अग्रिम मोर्चे पर उसे भेजा था। युवक के भाई अजय मौन ने बताया कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने रवि मौन की मौत की पुष्टि की है। रवि हरियाणा के कैथल जिले के मटौर गांव के निवासी थे।

अजय ने दावा किया कि रवि 13 जनवरी को परिवहन संबंधी नौकरी के लिए रूस गए थे, लेकिन उन्हें सेना में भर्ती कर लिया गया। अजय ने अपने भाई के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए दूतावास को 21 जुलाई को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा दूतावास ने हमें बताया कि उनकी मौत हो गई है। परिवार ने कहा कि दूतावास ने शव की पहचान के लिए उनसे डीएनए परीक्षण रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा। अजय ने कहा रवि 13 जनवरी को रूस गए थे। एक एजेंट ने उन्हें परिवहन संबंधी नौकरी के लिए रूस भेजा था लेकिन उन्हें रूसी सेना में शामिल कर लिया गया। रूस ने उसकी सेना में शामिल भारतीय नागरिकों को नौकरी से शीघ्र मुक्त करने और उनकी वापसी सुनिश्चित करने की भारत की मांग मानने पर कुछ ही दिन पहले सहमति जताई थी।



### जेल भेजने की दी थी धमकी

अजय मौन ने आरोप लगाया कि रूसी सेना ने उनके भाई से कहा था कि वह यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए अग्रिम मोर्चे पर जाएं या फिर 10 साल जेल की सजा भुगतें। उन्होंने कहा कि रवि को खाई खोदने का प्रशिक्षण दिया गया था और बाद में उन्हें अग्रिम मोर्चे पर भेज दिया गया। अजय ने कहा हम 12 मार्च तक उनके संपर्क में थे और वह बहुत परेशान थे।

### शव लाने का किया अनुरोध

अजय मौन ने अपने भाई के शव को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा हमारे पास उनके शव को वापस लाने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। परिवार ने एक एकड़ जमीन बेचकर उन्हें रूस भेजने के लिए 11.50 लाख रुपये खर्च किए थे।

## हैरिस 44 लाख भारतीय के लिए आशा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक

वाशिंगटन, एजेंसी

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता अजय भुटोरिया ने कहा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका में 44 लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकियों के लिए आशा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक हैं। हैरिस के राष्ट्रपति प्रचार अभियान का जमीनी स्तर पर उत्साह परिणाम दे रहा है।

हैरिस (59) राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।


### कमला में चुनाव जीतने की क्षमता : सलमान रुश्दी

**न्यूयॉर्क।** मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने कमला हैरिस का समर्थन करते हुए कहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ही वह इंसान हैं जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश को सत्तावाद की ओर ले जाने से रोक सकती हैं। रुश्दी ने रविवार को एक डिजिटल कार्यक्रम साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के प्रति अपना समर्थन जताया।

## ओडिशा में शुरू होगी दुनिया की पहली ब्लैक टाइगर सफारी

**भुवनेश्वर/बारीपदा।** ओडिशा में इस साल के अंत तक, मयूरभंज जिले में सिमिलिपाल बाघ अभ्यारण्य के पास दुनिया की पहली ब्लैक टाइगर सफारी शुरू हो जाएगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुशांत नंदा ने बताया कि सफारी के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है तथा केंद्रीय प्राणी उद्यान प्राधिकरण (सीजेडए) ने पहले ही अपनी मंजूरी दे दी है। प्रारंभ में भुवनेश्वर के नंदन कानन चिड़ियाघर में रखे गए ब्लैक टाइगर (काली धारी वाले बाघ) को प्रस्तावित सफारी में स्थानांतरित किया जाएगा।

## जिनपिंग से मिलीं मेलोनी तीन नए प्लान पर हस्ताक्षर



**बीजिंग।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी चीनी दौरे पर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति सी जिनपिंग से मुलाकात की। मेलोनी के इस यात्रा से चीन और इटली के बीच के संबंधों को फिर से सुधरता हुआ देखा जा सकता है। मेलोनी ने चीन के प्रधानमंत्री ली कीआंग के साथ भी बैठक की। उन्होंने इस बैठक में चीन के साथ तीन नए प्लान पर दस्तखत किए हैं। इटली और चीन के बीच जिस प्लान पर दस्तखत हुए हैं उसमें इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, और रिन्यूएबल जैसे इंडस्ट्रियल सेक्टर शामिल है। मेलोनी ने कहा है कि हमें बहुत काम करना है, और मुझे विश्वास है कि यह काम सिर्फ वैश्विक स्तर पर नहीं बल्कि बहुपक्षीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण है।

## ब्रिटेन में किशोर ने चाकू से किया हमला, दो बच्चों की मौत, नौ घायल

**लंदन।** ब्रिटेन के उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में सोमवार को बच्चों की एक डांस क्लास में चाकू से हमले की घटना में दो बच्चों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य लोग घायल हो गए। घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने खून से लथपथ बच्चों को सामुदायिक केंद्र से भागते हुए देखा था, जहां छह से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए गायिका टेलर स्विफ्ट थीम पर नृत्य व योग आयोजित किया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने इस घटना की निंदा की है।

## बॉलीवुड हलचल

### जाह्नवी कपूर की उलझ का म्यूजिक एल्बम रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का एल्बम रिलीज कर दिया है। फिल्म उलझ के म्यूजिक एल्बम में छह गाने हैं जिन्हें बेहद प्रतिभाशाली शाश्वत सचदेव ने निर्मित और संगीतबद्ध किया है। जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव ने आवाज़ दी है। जाह्नवी कपूर ने कहा, मैं उलझ को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह एल्बम प्यार का एक श्रम है, और मैं अपने प्रशंसकों को हमारे द्वारा बनाए गए जादू का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। प्रत्येक गीत एक कहानी कहता है, और प्रत्येक गीत विशेष है! गुलशन देवैया ने कहा उलझ पर काम करना एक यादगार अनुभव रहा है। सभी कलाकारों और प्रोडक्शन टीम के बीच सहयोग अद्भुत रहा है, और अंतिम उत्पाद कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत खुश हैं।

### फिल्म केडी द डेविल से संजय दत्त का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त के जन्मदिन पर फिल्म केडी द डेविल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। संजय दत्त आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं।संजय दत्त के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म केडी द डेविल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है। इस फिल्म में संजय दत्त देव के किरदार में नजर आयेंगे। केडी-द डेविल के निर्देशक प्रेम ने कहा,फिल्म जगत में संजय दत्त की महानता को कौन नहीं जानता? उन्होंने कई प्रभावशाली भूमिकाएं निभाई हैं। उनके मुन्नाभाई को आज भी बहुत सराहा जाता है, मैं बहुत आभारी और धन्य महसूस करता हूं कि वो यह फिल्म करने के लिए राजी हुए और उनके साथ काम करना एक खुशी की बात थी। वहीं संजय दत्त ने कहा,मैं केडी- द डेविल का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। प्रेम सर ने जिस तरह से फिल्म की दुनिया की कल्पना की है, वह मुझे बहुत पसंद आया। यह एक ऐतिहासिक एक्शन और पैन इंडिया फिल्म है।

### एकता कपूर की फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म से वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन डेब्यू करने जा रही है। उनकी डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज हो गया है। बिन्नी एंड फैमिली हर जेनरेशन की कहानी है। इस फिल्म में पुराने जमाने के संस्कार और मॉडर्न जमाने के विचार के बीच के कॉम्प्लिकेशन को दिखाया गया है। इस फिल्म में पंकज कपूर, राजेश कुमार, हिमानी शिवपुरी और चारु शंकर भी हैं। यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी।

मौसम | यूरोपीय संघ के कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने जारी किया वैश्विक औसत ताप का आंकड़ा


# 21 जुलाई रहा दुनिया का सबसे गर्म दिन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी इतिहास के पुराने सारे रिकार्ड तोड़ने में तुली है। इस बार पृथ्वी का सबसे गर्म दिन 21 जुलाई को रिकार्ड किया गया है। यूरोपीय संघ के कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने यह जानकारी दी है।

कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इस बार गर्मी के नए आंकड़े जारी किए हैं। यह संस्था 1940 से पृथ्वी के जलवायु पैटर्न पर नज़र रख रही है। इस संस्था को सी3एस के नाम से भी जाना जाता है। सी3एस के मुताबिक 21 जुलाई कम से कम 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म दिन का नया रिकॉर्ड है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले 13 महीनों के तापमान और उससे भी पीछे के तापमान के बीच खासा अंतर रहा है।

बढ़ी बात यह है कि औद्योगिक स्तर पर तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। ज्ञात रहे 2015 के पेरिस समझौते के अनुसार वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस में स्थिर रखना था । मगर नया आंकड़ा बताता है कि वैश्विक ताप इसे पार कर चुका है, जो चिंताजनक है। अब नया अंतिम लक्ष्य इस सदी में तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रखना है, जो इस सदी के अंत तक निर्धारित है। यह बढ़ी चुनौती है। यदि इस आंकड़े पर अंकुश नही लगा पाएंगे तो यह बेहद खतरनाक होगा, जो वैष्विक जलवायु में बुरा प्रभाव छोड़ेगा।




21 जुलाई के वैश्विक तापमान का मानचित्र। • अमृत विचार

### वैश्विक औसत तापमान 17.09 डिग्री तक पहुंचा

**नैनीताल :** सी3एस के जारी आंकड़े के अनुसार इस वर्ष 21 जुलाई को औसत वैश्विक सतही तापमान 17.09 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि जुलाई 2023 में पृथ्वी ने लगातार चार दिनों तक पृथ्वी पर सबसे गर्म दिन का रिकॉर्ड बनाया, जो 17.08 रिकार्ड किया गया था। यानी सिर्फ एक वर्ष के अंतराल में .01 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जो वास्तव में अधिक है। 17.08 की दर पिछले कुछ वर्षों में स्थिर बनी रही थी। इससे पूर्व 2016 में वैश्विक औसत तापमाम 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।